आज का मौसम
37.0⁰ अधिकतम तापमान
25.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.25
सूर्यास्त 06.45

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अष्टमी, 03:06 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

रविवार, 10 मई 2026, वर्ष 4, अंक 259, पृष्ठ 14+4 ▪ मूल्य 5 रुपये




श्रम सुधार : देश में लागू होगा चार नई संहिताओं वाला कानून -12



हत्या या मदद के आरोपी को विरासत में नहीं मिल सकती पीड़ित की संपत्ति : सुप्रीम कोर्ट -12



ईरानी टैंकरों पर अमेरिकी हमला, भारी तनाव के बीच युद्धविराम पर संशय -13



तीरंदाजी विश्व कप में साहिल जाधव ने लगाया कांस्य पदक पर निशाना -14




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बांहें फैलाए आपका इंतजार कर रहा है रूमी गेट व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## न्यूज ब्रीफ

### नड्डा, सैनी विधायक दल की बैठक की निगरानी के लिए गुवाहाटी पहुंचे

**गुवाहाटी।** केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को होने वाली भाजपा विधायक दल की बैठक की निगरानी के लिए शनिवार शाम को असम की राजधानी गुवाहाटी पहुंचे। इस बैठक में असम के अगले मुख्यमंत्री का चयन किया जाएगा। भाजपा के एक प्रवक्ता ने कहा कि नवनिर्वाचित विधायक रविवार सुबह पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में बैठक कर नए नेता का चुनाव करेंगे। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने राज्य में लगातार तीसरी बार दो-तिहाई बहुमत के साथ जीत हासिल की है।

### राहगीरों को लूटने वाले गिरोह का भंडाफोड़ तीन आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली में लोगों को चाकू की नोक पर लूटने से पहले उन्हें काबू में करने के लिए गला कसने की तकनीक का इस्तेमाल करने वाले तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 30 अप्रैल को पुल पहाड़गंज के पास हुई, जब पीड़ित नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अपने रिश्तेदार से मिलने जा रहा था। आरोपी ने उसे रोका और उसकी गर्दन पकड़कर गला कसने के बाद चाकू की नोक पर उससे नकदी और मोबाइल फोन लूट लिया। पुलिस ने बताया कि नाबालिग के खुलासे और एक सूचना के आधार पर शेष आरोपियों को शीला सिनेमा के पास से पकड़ा गया।

### क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े धनशोधन मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** ईडी ने क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े धनशोधन मामले में क्रिप्टो हैकर श्रीकृष्ण रमेश उर्फ श्रीकि समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें बेंगलुरु की एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 10 दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। केंद्रीय एजेंसी ने इस मामले में 20 अप्रैल को छापेमारी की थी। इसके तहत कर्नाटक कांग्रेस विधायक एनए हारिस के पुत्रों मोहम्मद हारिस नलापड़ व उमर फारूक नलापड़ और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री के. रहमान खान के पोते आकिब खान समेत अन्य आरोपियों के विभिन्न परिसर पर छापेमारी की गई।

# बंगाल में अब शुभेंदु सरकार

**मुख्यमंत्री पद की ली शपथ, 5 विधायक बने मंत्री**
**सफल कार्यकाल के लिए मोदी ने दी शुभकामनाएं**

**जनादेश के सम्मान में प्रधानमंत्री मंच पर हुए नत मस्तक, 98 साल के कार्यकर्ता के पैर छुए**

कोलकाता, एजेंसी

शुभेंदु अधिकारी के शनिवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही पश्चिम बंगाल की राजनीति ने एक ऐतिहासिक करवट ली और राज्य में पहली बार भाजपा ने सत्ता संभाली। स्वतंत्रता के बाद पहली बार ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड भाजपा सरकार के शपथग्रहण का गवाह बना। शपथ समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व और राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री विशाल मंच पर मौजूद थे।

जय श्री राम के उद्घोष, ढोल की थाप और लहराते भगवा झंडों के बीच राज्यपाल आरएन रवि ने अधिकारी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री मोदी ने मंच पर पहुंचने के बाद जनादेश के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए लोगों की ओर मुख करके घुटनों के बल झुककर जैसे ही हाथ जोड़े और मंच पर नत मस्तक हुए, ऐतिहासिक स्थल पर एकत्र भाजपा के हजारों समर्थकों ने जोरदार नारों और तालियों से उनका स्वागत किया। भवानीपुर और नंदीग्राम, दोनों विधानसभा क्षेत्रों से जीत हासिल करने वाले तथा भाजपा के आक्रामक चुनाव अभियान का चेहरा बनकर उभरे अधिकारी ने सबसे पहले शपथ ली। उनके बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता और पार्टी की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष ने मंत्री के रूप में शपथ ली।

भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदिराम टुडू और निशीथ प्रामाणिक को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। यह छह सदस्यीय मंत्रिमंडल सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन साधने की भाजपा की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि सरकार के बाकी मंत्रियों को सोमवार को राजभवन में शपथ दिलाए जाने की संभावना है। नए मंत्रिमंडल की पहली बैठक भी उसी दिन हो सकती है। मंत्रियों के विभागों की घोषणा अभी नहीं की गई है। ब्रिगेड परेड ग्राउंड को कभी वाम दलों का वैचारिक गढ़ माना जाता था और बाद में तृणमूल कांग्रेस ने भी इसे अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने के प्रमुख मंच के रूप में इस्तेमाल किया। भाजपा खेमे ने इसे 'डबल इंजन' सरकार के तहत 'सोनार बांग्ला' की शुरुआत के रूप में पेश किया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के साथ ही मैदान क्षेत्र में भारत माता की जय' के नारे गूंज उठे। राज्य में तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत हुआ और पूर्वी भारत में भाजपा ने अपनी अब तक की सबसे बड़ी चुनावी सफलता हासिसल की।



### शुभेंदु के शपथ लेने के बाद मां गायत्री अधिकारी बोलीं-आरजी की पीड़िता को न्याय दिलाएं नए मुख्यमंत्री

**कांठी।** नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की मां गायत्री अधिकारी ने शनिवार को कहा कि वह चाहती हैं कि उनका बेटा आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुई घटना की पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए काम करे। शुभेंदु की मां गायत्री और पिता शिशिर अधिकारी ने कहा कि बंगाल के लोग राज्य में पहली भाजपा सरकार की उनके बेटे के बागडोर संभालने से उनसे भी ज्यादा खुश हैं। अपने बेटे के मुख्यमंत्री बनने पर गर्व व्यक्त करते हुए गायत्री ने कहा, मैं उनसे कहूंगी कि वह अत्याचारों का सामना करने वाले सभी लोगों को न्याय दिलाने के लिए काम करें। पीड़िता, जो स्नातकोत्तर प्रशिक्षु थी, के साथ 9 अगस्त 2024 को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ड्यूटी के दौरान बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई, जिससे पूरे देश में आक्रोश फैल गया। उसकी मां रत्ना देबनाथ ने पनिहाटी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीता है।



## 'सोनार बांग्ला' का संकल्प अब होगा सिद्ध : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ /कोलकाता

- कहा- बंगाल के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और आर्थिक उत्थान का अमृतकाल शुरू

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले शुभेंदु अधिकारी को उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। साथ ही विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में बंगाल सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और आर्थिक उत्थान के अमृतकाल में प्रवेश करेगा।

मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और शुभेंदु अधिकारी के ऊर्जावान नेतृत्व में 'सोनार बांग्ला' का संकल्प अवश्य सिद्ध होगा। उन्होंने कामना की कि नया कार्यकाल बंगाल की जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति और लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का स्वर्णिम अध्याय बने। योगी ने बंगाल सरकार के नवनिर्वाचित मंत्रियों को भी बधाई दी और कहा कि वे जन-सेवा को सर्वोपरि रखकर 'सोनार बांग्ला' के गौरव को पुनर्स्थापित करेंगे। उन्होंने माँ काली से सभी के सफल और लोककल्याणकारी कार्यकाल की प्रार्थना की।

### शुभेंदु को पहनाया भगवा अंगवस्त्र

समारोह के दौरान योगी ने नवनिर्वाचित सीएम शुभेंदु को भगवा अंगवस्त्र पहनाकर उनका अभिनंदन किया। साथ ही, मंत्री की शपथ लेने वाले दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक किर्तनिया, क्षुदीराम टुडू, निशीथ प्रमाणिक को भी बधाई दी। गौरतलब है कि चुनाव प्रचार के दौरान शुभेंदु ने भी एक जनसभा में योगी आदित्यनाथ को भगवा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया था।

## लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि होंगे अगले सीडीएस

नई दिल्ली, एजेंसी



लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि को देश का नया प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) नियुक्त किया गया है और उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती उस महत्वाकांक्षी 'थिएटराइजेशन' योजना को लागू करने की होगी, जिसका मकसद तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है।

सुब्रमणि, जनरल अनिल चौहान का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 मई को समाप्त हो रहा है। फिलहाल राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के रूप में कार्यरत ले. जनरल सुब्रमणि को पाकिस्तान और चीन मामलों का विशेषज्ञ माना जाता है। वह पिछले साल 31 जुलाई को थलसेना उपप्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्हें पश्चिमी मोर्चे पर भारतीय सेना की प्रमुख स्ट्राइक कोर सहित दो कोर की कमान संभालने का गौरव भी प्राप्त है। सेना की पूर्वी कमान के पूर्व कमांडर जनरल चौहान ने सितंबर 2022 में देश के वरिष्ठतम सैन्य कमांडर के रूप में कार्यभार संभाला था। पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत की तमिलनाडु में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु के नौ महीने बाद उन्होंने यह पद संभाला था। सुब्रमणि ने 40 से अधिक वर्षों के अपने सैन्य करियर में विभिन्न भौगोलिक और अभियानगत परिस्थितियों में कमान, स्टाफ और प्रशिक्षण से जुड़े तमाम दायित्व निभाए हैं।

### वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन अगले नौसेना प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को शनिवार को भारत का अगला नौसेना प्रमुख नियुक्त किया गया। वह एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का स्थान लेंगे जो 31 मई को सेवानिवृत्त होंगे। स्वामीनाथन फिलहाल पश्चिमी नौसेना कमान के 'फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ' के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। नौसेना प्रमुख के रूप में उनका ध्यान सैन्यबल के जारी आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने पर केंद्रित रहने की संभावना है। फ्लैग ऑफिसर एक जुलाई 1987 को भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे।



## सीबीआई ने अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ 17 परिसरों की तलाशी ली

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शनिवार को रिलायंस एडीए समूह की कंपनियों-रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड, रिलायंस कामर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड - तथा उनके निदेशकों के खिलाफ दर्ज तीन मामलों के संबंध में मुंबई में 17 परिसरों की तलाशी ली। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, ये तलाशी उपरोक्त कंपनियों के निदेशकों के आवासीय परिसरों के साथ-साथ उन मध्यस्थ कंपनियों के कार्यालय परिसरों में की जा रही है जिनके खातों का उपयोग बैंक कोषों के हेरफेर के लिए किया गया था। कंपनियों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।



सीबीआई ने शुक्रवार को मुंबई की एक विशेष अदालत से तलाशी का वारंट जारी करवाया था। अधिकारियों ने दावा किया कि तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन मामलों में बैंकों और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को हुए कथित नुकसान की कुल राशि 27,337 करोड़ रुपये है। बयान में कहा गया, तलाशी से यह भी पता चला कि कई मध्यस्थ कंपनियां एक ही पते से संचालित हो रही थीं।

## विजय आज लेंगे शपथ, वीसीके आईयूएमएल ने दिया समर्थन

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु में नयी सरकार के गठन को लेकर अनिश्चितता खत्म करते हुए विदुथलाई चिरुथाइगल काची (वीसीके) ने शनिवार को तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की। इसके बाद टीवीके नेता विजय ने तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर से फिर से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इसके बाद राज्यपाल ने विजय के नेतृत्व में मंत्रीपरिषद का शपथ ग्रहण समारोह रविवार सुबह 10 बजे तय किया है।

विजय का समर्थन करने से जुड़े वीसीके के निर्णय के कुछ ही देर बाद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के एक और सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने भी टीवीके को समर्थन दे दिया। आईयूएमएल के दो विधायक हैं। वीसीके और आईयूएमएल के समर्थन से टीवीके के पास संख्या बल बढ़कर 120 हो गया, जो तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा में साधारण बहुमत के लिए आवश्यक 118 सीटों से दो अधिक है। नयी सरकार के गठन को लेकर लगाई जा रही अटकलों और अनिश्चितता की स्थिति को समाप्त करते हुए, टीवीके नेता अधव अर्जुन ने बताया कि वीसीके ने उनकी पार्टी को समर्थन दिया है। वीसीके के वरिष्ठ नेता वन्नी अरसु, जो पार्टी के विधायक दल के नेता भी हैं, ने राज्यपाल को संबोधित पत्र में टीवीके को समर्थन देने की घोषणा की है।

**तमिलनाडु में टीवीके की सरकार**



चेन्नई में राज्यपाल के साथ टीवीके प्रमुख विजय।

- टीवीके के पास संख्या बल बढ़कर 120 हुआ राज्यपाल ने सरकार बनाने का दिया निमंत्रण

## पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा धनशोधन के मामले में गिरफ्तार

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी

- ईडी ने की कार्रवाई, अरोड़ा व उनसे जुड़े लोगों के परिसरों पर छापे मारे

ईडी ने शनिवार को पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई मंत्री और उनसे जुड़ी कुछ संस्थाओं के खिलाफ दर्ज धनशोधन के नए मामले में की गई। अधिकारियों ने बताया कि संजीव अरोड़ा को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया।

इससे पहले शनिवार सुबह से अरोड़ा के सरकारी आवास समेत उनसे जुड़े 17 परिसरों पर छापेमारी की गई थी। अरोड़ा को शनिवार को स्थानीय अदालत में पेश किए जाने की संभावना है, जहां ईडी विस्तृत पूछताछ के लिए उनकी हिरासत की मांग करेगा। ईडी ने इस कार्रवाई के तहत उत्तर भारत में पांच परिसर पर छापेमारी की। छापेमारी में दिल्ली के दो परिसर और गुरुग्राम के उद्योग विहार में स्थित हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड नामक कंपनी का परिसर भी शामिल था। अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी ने पीएमएलए की आपराधिक धाराओं के तहत नया मामला दर्ज करने के बाद ये छापेमारी शुरू की। ईडी ने 17 अप्रैल को विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) के दीवानी प्रावधानों के तहत अरोड़ा और उनसे जुड़ी इकाइयों के परिसरों पर छापे मारे थे। अरोड़ा (62) लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट से विधायक हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने संगरूर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इस छापेमारी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर अपने राजनीतिक मकसद पूरे करने के लिए ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।



**तैयारी** | मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से की मुलाकात, दोपहर 3 :30 बजे राजभवन में होगा समारोह, कई मंत्रियों के विभागों में भी फेरबदल संभव

## यूपी मंत्रिमंडल विस्तार आज, छह नए चेहरे ले सकते हैं शपथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की राजनीति में लंबे समय से चल रही अटकलों पर रविवार को विराम लग जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल का बहुप्रतीक्षित विस्तार 10 मई को हो सकता है।

सूत्रों के अनुसार राजभवन में दोपहर 3:30 बजे आयोजित समारोह में छह नए नेताओं को मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जा सकती है। साथ ही कुछ मौजूदा मंत्रियों के विभागों में भी बदलाव की संभावना है। मंत्रिमंडल विस्तार से एक दिन पहले शनिवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल से मुलाकात की। सूत्रों का कहना है कि इस दौरान उन्होंने संभावित मंत्रियों की सूची राज्यपाल को सौंपी। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्यपाल आनन्दीबेन को लालचंद राम द्वारा लिखित पुस्तक भारतीय ज्ञान परंपरा की अवधारणा भी भेंट की।



लखनऊ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### प्रदेश में फिलहाल 54 मंत्री, छह पद थे रिक्त

उप्र मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित कुल 60 सदस्य हो सकते हैं। वर्तमान में 54 मंत्री कार्यरत हैं, जबकि छह पद रिक्त थे। इन्हीं पदों पर नए चेहरों को शामिल किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार जिन नेताओं को मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है, उनमें कृष्णा पासवान, पूजा पाल, मनोज पांडेय, भूपेंद्र चौधरी, अशोक कटारिया और रोमी साहनी के नाम प्रमुख हैं। हालांकि आधिकारिक पुष्टि शपथ ग्रहण से ठीक पहले ही होगी।

### जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने की कोशिश

मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरणों को मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। पिछड़ा, दलित, महिला और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए नए चेहरों का चयन किया गया है।

### संगठन में भी बदलाव के संकेत

राजनीतिक सूत्रों के अनुसार मंत्रिमंडल विस्तार के साथ-साथ संगठन स्तर पर भी कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए जा सकते हैं। भाजपा आगामी चुनावी रणनीति को ध्यान में रखते हुए सरकार और संगठन दोनों में संतुलन साधने की तैयारी में है।

**अनुराग हेल्थ केयर प्रा. लि.**
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


# अंत्येष्टि स्थल पर गंदगी देख भड़के जिलाधिकारी

## चार सदस्यीय समिति गठित, सात दिन में मांगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** मेहंदीघाट स्थित अंत्येष्टि स्थल पहुंचे जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री यहां अव्यवस्थाएं देखकर भड़क गए। उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी गठित कर सात दिन में रिपोर्ट देने को कहा।

जिलाधिकारी स्थलीय निरीक्षण के लिए शनिवार को मेहंदीघाट पहुंचे। यहां मुख्य बांध, घाट तक जाने वाली सीढ़ियों एवं घाट परिसर में गंदगी पर उन्होंने ग्राम प्रधान द्वारा लगाए गए सफाई कर्मियों की व्यवस्था एवं कार्ययोजना की जानकारी ली। इस संबंध में ग्राम प्रधान कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दे सके। यह भी पाया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में शासन द्वारा स्वीकृत लगभग 24.23 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल का कार्य अब तक पूर्ण नहीं कराया गया है। सांसद निधि से पूर्व में कराए गए निर्माण कार्यों की स्थिति भी अत्यंत खराब पाई। विश्रामालय एवं चबूतरे जर्जर एवं अव्यवस्थित मिले तथा परिसर में प्रकाश व्यवस्था भी नहीं थी। और तो और अंतिम संस्कार हेतु आने वाले परिवारों से लिए जाने वाले शुल्क का कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं था तथा शुल्क दरों का कहीं भी प्रदर्शन नहीं किया गया था। इससे पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न उत्पन्न होता है।

इन कमियों एवं अनियमितताओं की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने स्थलीय एवं अभिलेखीय जांच के लिए चार उपायुक्त मनरेगा, खण्ड विकास अधिकारी कन्नौज, सहायक अभियंता आर.ई.डी. तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी की चार सदस्यीय समिति गठित कर दी। निर्देश दिए कि समिति समस्त बिंदुओं की गहन जांच कर सात दिवस के भीतर अपनी स्पष्ट एवं तथ्यात्मक रिपोर्ट अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी तथा ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।


अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### गृह कलह से तंग युवक ने फंदा लगाकर दे दी जान

**सौरिख।** गृहकलह के चलते युवक ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। खड़नी चौकी क्षेत्र के गांव ग्यासपुर निवासी सन्तराम जाटव पुत्र पप्पू (25) अपने घर के कमरे में शुक्रवार देर रात पत्नी की साड़ी से छत में लगे हुक में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी होते ही पत्नी विंदू देवी का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। वह मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। सूचना पर पहुंचे उप निरीक्षक संजीव कटारा ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**सौरिख।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के नगला सहोरा निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र शिवरतन (35) सौरिख में एक पैथोलॉजी में कार्य करते हैं। शनिवार दोपहर लगभग 1:00 बजे सैंपल जांच की कॉपी देने नादेमऊ रोड पर जा रहे थे। जैसे ही बाइक पेट्रोल पंप के सामने पहुंची थी कि तभी तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे देवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत

**कन्नौज।** दुकान पर बैठे युवक को जहरीले कीड़े ने काट लिया। इससे उसकी मौत हो गई। सदर कोतवाली के गांव मानपुर निवासी शिवम् (26) पुत्र दीपू सरायमीरा में जीटी रोड किनारे दुकान लगाता था। शुक्रवार की दोपहर उसे दुकान पर ही जहरीले कीड़े ने काट लिया। जानकारी न होने से उसे कुछ देर के बाद नीद आने लगी। जानकारी पर परिजन उसे लेकर विनोद दीक्षित सीएचसी लेकर पहुंचे जहां उपचार दिया गया। इसके बाद भी सुधार नहीं हुआ। परिजन शाम तीन बजे के करीब जिला अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन कुछ देर के बाद उसकी मौत हो गई।

### गंगा में डूबने से युवक की मौत,कोहराम मचा

**कन्नौज।** छोटे भाई के साथ गंगा में स्नान कर रहे किशोर की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव दाईपुर निवासी साहिल उर्फ कल्लू (17) पुत्र सरफुद्दीन शुक्रवार की दोपहर अपने छोटे भाई के साथ गांव के ही निकट गंगा स्नान कर रहा था। इसी बीच वह गहरे पानी में जाने से डूब गया। यह देख छोटे भाई ने शोर मचाया। इस पर गांव के लोग मौके पर पहुंच गये। खोज कर उसे पानी से बाहर निकाला। तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

## संतुलित मात्रा में करें रासायनिक उर्वरक का प्रयोग : डा. मीनल

**जलालाबाद, कन्नौज।** उर्वरक का संतुलित उपयोग कर मिट्टी जल व पर्यावरण को सुरक्षित करें। इनके अत्यधिक एवं असंतुलित उपयोग से मृदा व मानव स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ते हैं। यह बात जागरूकता कार्यक्रम में अतिथि के रूप आयी दहलन अनुसंधान संस्थान की प्रधान वैज्ञानिक डॉ. मीनल राठौर ने कही।

उन्होंने कहा कि उर्वरक प्रयोग करने से पहले मृदा परीक्षण अवश्य करें। हरी व गोबर की खाद का प्रयोग अवश्य करें। दलहन अनुसंधान संस्थान की ही डॉ. अन्वेषा ने किसानों से खेती से जुड़े अन्य व्यवसाय भी करने की सलाह दी। डॉ. श्रीनिकेतन ने मित्र जीवाणुओं को बढ़ाने के लिए खेतों में जैव उर्वरक के प्रयोग पर चर्चा की। कृषि विज्ञान केंद्र के डा. वीके कनौजिया व डॉ. सुशील कुमार ने संतुलित उर्वरक प्रयोग के तरीके के संबंध में जानकारी प्रदान की। गृह वैज्ञानिक डा. चंद्रकला ने उर्वरक एवं रासायनिक कीटनाशकों के मानव जीवन पर बढ़ रहे दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसानों से गृह वाटिका लगाने को कहा। लगभग 110 किसानों ने प्रतिभाग किया।

# बीएसए का आदेश न मानना बीईओ को पड़ा महंगा

अमृत विचार Follow UP

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विकास खंड तालग्राम इलाके के गांव डंबरपुर्वा (अमोलर) में अवैध तरीके से संचालित राजकुमारी मेवाराम आदर्श विद्यालय में करीब 400 बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। बीईओ (अब निलंबित) रमेश चंद्र चौधरी ने इसको लेकर गलत सूचना दी। शिकायतकर्ता के संतुष्ट न होने पर मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय विपिन कुमार ने की। आरोप सही पाए गए। उसके बाद बीएसए ने शिक्षण संस्थान का संचालन बंद कराकर एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए थे लेकिन चौधरी ने आदेश नहीं माना और निलंबित कर दिए गए।

जिले स्तर पर राहत न मिलने से तालग्राम क्षेत्र के गांव मधई नगला निवासी बदन सिंह ने 24 नवंबर 2025 को मामले की शिकायत अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक) उत्तर प्रदेश कामता राम पाल से की। उनकी ओर से सहायक शिक्षा निदेशक (शिक्षा निदेशालय) प्रयागराज डॉ. बृजेश मिश्र की ओर से जारी किए निलंबन पत्र में कहा गया है कि अवैध स्कूल संचालकों से सांठगांठ कर रमेश चंद्र चौधरी ने सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत बदन सिंह को बार-बार झूठी सूचना दी। बीईओ मुख्यालय की जांच रिपोर्ट के मुताबिक अवैध विद्यालय में प्री-प्राइमरी से कक्षा 10 तक की कक्षाएं संचालित होने का जिक्र है। भवन मानकविहीन बताया गया। गैर प्रशिक्षित शिक्षकों से शिक्षण कार्य कराया जा रहा है।

- खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय ने भी अवैध स्कूल संचालन की पुष्टि कर दी थी

### जांच आख्या में कक्षाएं ही छिपा दीं

- निलंबन पत्र में कहा गया है कि बीईओ चौधरी ने स्कूल संचालकों से मिलीभगत कर 02 जनवरी 2024 को प्राइमरी स्कूल का संचालन छुपाकर कक्षा 06 से 10 तक चलने की गलत आख्या लगाई। इसके बावजूद अवैध स्कूल का संचालन होने पर 15 जनवरी 2024 को एक लाख रुपये जुर्माना व 10 हजार रुपये प्रतिदिन राजस्व वसूली आदेश का नोटिस किया गया। तमाम दबाव में संचालकों ने 17 जनवरी 2024 को प्रबंधक अशोक कुमार के फर्जी हस्ताक्षर का राजकुमारी मेवाराम हायर सेकेंडरी स्कूल के नाम से कक्षा 06 से 10 तक की मान्यता व इसके अलावा कोई अन्य स्कूल संचालित नहीं होने का शपथ पत्र भी दिया गया।

### स्कूल बंद, एफआईआर की जानकारी भी झूठी निकली

- बीएसए संदीप कुमार ने 21 फरवरी 2024 को आदेश दिए थे कि अशोक कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। इसके क्रम में 2 मार्च को बीईओ ने अवैध स्कूल बंद कराने की गलत जानकारी दे दी थी। निलंबन आदेश में कहा गया है कि बीईओ रमेश चंद्र चौधरी के भ्रष्टाचार में संलिप्त होने का प्रमाण यह है कि 25 जून 2024 व 02 सितंबर 2025 को उक्त अवैध स्कूल के प्रबंधक के खिलाफ किसी प्रकार की कोई एफआईआर दर्ज नहीं होने की सरासर झूठी आरटीआई सूचना उपलब्ध कराकर आवेदक को गुमराह किया गया। इस बारे में निदेशालय ने शिकायत का संज्ञान लेकर स्पष्टीकरण मांगा।


व्यापार मंडल के संस्थापक का जन्मदिन मनाते व्यापारी नेता। अमृत विचार

## व्यापार मंडल के संस्थापक का मनाया जन्म दिन

**गुरसहायगंज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक पूर्व सांसद श्याम बिहारी मिश्रा का व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने जन्मदिन मनाया।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के संरक्षक विजय प्रजापति के तिर्वा रोड आवास पर आयोजित कार्यक्रम में जिला महामंत्री संजीव गुप्ता संजू ने कहा कि संगठन के संस्थापक ने कड़ी मेहनत कर संगठन को खड़ा किया था। आज इसमें लाखों लोग जुड़े हुए हैं और यही हमारे संगठन की मजबूती है। नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता ने कहा कि संगठन को खड़ा करने का मतलब व्यापारियों की समस्याओं का निदान करना था। वरिष्ठ उपाध्यक्ष दयाशंकर कटियार ने भी संबोधित किया। इस दौरान युवा के नगर अध्यक्ष यतीश प्रजापति, महामंत्री के के राजपूत, राकेश कौशल, उदित गुप्ता उर्फ शानू ,भूरा कठेरिया, कंचन गुप्ता, अमित प्रजापति, सिद्धार्थ कौशल, रजनीश कुशवाहा आदि लोग मौजूद थे।

# सीसीटीवी खराब, कैसे रुकें अपराध

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** अपराध पर अंकुश लगाने और अपराधियों तक पहुंचने के लिए कस्बा में लगाए गए अधिकांश सीसीटीवी कैमरे खराब हैं, जिससे अपराधियों तक पहुंच पाना पुलिस के लिए अब मुश्किल हो रहा है।

अपराधियों और अपराधों पर अंकुश लगाने व घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधियों तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी कैमरे नगर के मुख्य मार्ग सहित अन्य स्थानों पर लगाए गए थे। देखरेख के अभाव में अधिकतर कमरे या तो बंद पड़े हैं या खराब हो गए हैं। कस्बा के मुख्य चौराहे पर स्थित पुलिस चौकी के निकट करीब 4 महीने पहले लगाए गए उच्च क्षमता वाले कैमरे भी बंद पड़े हैं। इनके लिए लगाया गया बॉक्स भी करीब 6 फीट नीचे पोल पर लटका है। कस्बा के मुख्य चौराहा तिर्वा रोड और व्यस्त रहने वाला पीडब्ल्यूडी तिराहा भी कैमरे की जद में था लेकिन उनके खराब हो जाने से पुलिस को अब अपराधियों की पहचान में परेशानी उठानी पड़ रही है। कुछ दिन पहले रेलवे स्टेशन परिसर से चोरी हुई दो बाइकों की तलाश के लिए पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले लेकिन अधिकतर कैमरे खराब मिलने से बाइक चोरों का पता नहीं लग सका। वहीं कैमरों को लेकर पुलिस के अधिकारी इन्हें लगाने पर जोर देते रहे हैं लेकिन इसके बाद भी अधिकतर कैमरे खराब होने से पुलिस के लिए समस्या बनी हुई है।

खास बात तो यह है कि पुलिस ने व्यापारियों या अन्य तरह से सीसीटीवी कैमरे तो लगवा दिये पर इन की देखरेख नहीं की। कुछ कैमरे जमीन की ओर झुके हैं तो कुछ घटनाओं को कैद ही नहीं कर रहे हैं। यही नहीं इन कैमरों को जोड़ने के लिये डाली गई तारों की लाइन जगह जगह टूट चुकी है। इससे रिकार्डिंग ही नहीं हो रही है।


चौराहे पर बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे और नीचे लटका बॉक्स। अमृत विचार

- अपराध होने के बाद पुलिस खंगालती सीसीटीवी कैमरे तो मिलते खराब


सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई बकरियां लादकर ले जाती कार। अमृत विचार

## बकरियां कार में लाद ले गए चोर, सीसीटीवी में कैद

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** चोरों ने घर के अंदर बंधी तीन बकरियां चुरा लीं और कार में भरकर फरार हो गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

शुक्रवार रात कस्बा के अशोक नगर ईदगाह के सामने अर्पित बाथम परिवार के साथ सो रहे थे। घर के आंगन में भैंस और तीन बकरिया बंधी थी। इस दौरान घुसे चोर बकरियां चुरा ले गए। सीसीटीवी में कैद हुई घटना के अनुसार रात करीब 1.21 बजे घर के बाहर एक इको कार आकर रुकती है। कार से दो लोग उतरते हैं तथा घर का गेट खोल कर अंदर घुस गए। दो मिनट में दोनों चोर तीन बकरियां लेकर निकलते हैं और तेजी से इको कार में लाद कर भाग जाते हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस कैमरे की फुटेज के आधार पर कार व चोर की तलाश में जुट गई है। अर्पित ने तहरीर दी है।

- कैमरे की फुटेज के आधार पर कार व चोर की तलाश

## शराबी पति ने महिला को जमकर पीटा, हालत गंभीर

**गुरसहायगंज।** मामूली विवाद के बाद पति ने पत्नी को इतना जमकर पीटा कि वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जखा निवासी राधेश्याम ने पुत्री दुर्गेश कुमारी का विवाह करीब 15 साल पहले संजीव कुमार के साथ किया था। पिता का आरोप है कि दामाद अक्सर पुत्री के साथ मारपीट करता था।

शुक्रवार को वह बाहर से आया और पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद उसने लाठी डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुत्री को संजीव बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांचकर रही है।

# लंबित विवेचनाओं को समय से पूरा करें: एसपी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन में अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें लंबित जांचें समय से पूरी करने तथा, आईजीआरएस से संबंधित प्रकरणों को गंभीरता से लेकर निराकरण कराएं।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने शनिवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी की। इस दौरान वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, पुराने एवं लंबित प्रकरणों की स्थिति, शिकायत प्रकोष्ठ एवं आईजीआरएस से संबंधित मामलों की प्रगति, तीन दिवस से अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण तथा हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, पॉक्सो, चोरी एवं गो-तस्करी जैसे गंभीर अपराधों को रोकने पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त एनसीआर प्रकरण, जारी एनबीडब्ल्यू, साइबर अपराध, यक्ष ऐप, ई-साक्ष्य, प्रचलित अभियान, यातायात व्यवस्था, प्रस्तावित गैंगस्टर मामलों की भी समीक्षा की गई। एसपी ने समस्त थाना प्रभारियों को अपराध नियंत्रण, वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

- आईजीआरएस की शिकायतों को गंभीरता से लें


दंगल में दांव पेच दिखाते पहलवान। अमृत विचार


कुश्ती देखते राजा देवेश्वर नारायण सिंह। अमृत विचार

# महाराणा प्रताप की जयंती पर शोभायात्रा, दंगल

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया। इस अवसर आयोजित विराट दंगल में देश के नामी गरामी पहलवानों ने दांव पेच दिखाकर तालियां बटोरीं।

शनिवार को देश की आन बान शान पर मर मिटने वाले शूरवीर की जयंती पर इंदरगढ़ तिराहे से शोभा यात्रा शुरू हुई। इसमें देवांगना क्षत्रिय उत्थान एवं सेवा संगठन के तत्वाधान में आयोजक कु. दीपेंद्र सिंह के अगुआई में भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया, कैलाश राजपूत, योगेंद्र भदौरिया, राजा खानपुर, कु. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ,कुक्कू चौहान,बजरंग सिंह चौहान,सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग शामिल हुए। शोभा यात्रा का राज्य मंत्री असीम अरुण ने फूलों से स्वागत किया। समाज सेवियों ने भी जगह-जगह जलपान कराया। शोभायात्रा डी एन इंटर कॉलेज में संपन्न हुई।इसके उपरांत विशाल दंगल शुरू हुआ।

- नामी पहलवानों ने दांव पेच दिखाकर बटोरीं तालियां

पहल

मंत्री असीम अरुण ने विधायक निधि से होने वाले कार्य का किया निरीक्षण

# 10 लाख रुपये से चमकेगा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर पार्क

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शनिवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर पाल चौराहे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विधायक निधि से 10 लाख 08 हजार रुपये से चौराहे पर स्थापित होने वाली अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति और पार्क निर्माण की कार्ययोजना की समीक्षा की।

मंत्री के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों ने प्रस्तावित पार्क के स्वरूप, सौंदर्यीकरण और मूर्ति स्थापना से जुड़ी विस्तृत कार्ययोजना बताई। उन्होंने निर्माण कार्य को बेहतर गुणवत्ता के साथ समय पर तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। चौराहे के आसपास लगी होर्डिंग्स को लेकर मंत्री ने सख्त रुख अपनाया, कहा कि अव्यवस्थित होर्डिंग्स स्थल की सुंदरता में बाधा डाल कर रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चौराहे के आसपास लगी सभी अवैध और अनावश्यक होर्डिंग्स को तत्काल हटाया जाए। पार्क और मूर्ति स्थल के चारों ओर स्वच्छता और सौंदर्यीकरण का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा, निर्माण इस प्रकार हो कि वह आने वाली पीढ़ियों के लिए लोकमाता अहिल्याबाई के आदर्शों की प्रेरणा का केंद्र बने। मौके पर लोक माता अहिल्याबाई जनसेवा समिति के लोग मौजूद रहे।


लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का मॉडल। अमृत विचार


पाल चौराहा के निकट निर्देश देते समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण। अमृत विचार

- अधिकारियों को दिए चौराहे के आसपास लगे होर्डिंग्स हटाने के निर्देश

> लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर न केवल कुशल प्रशासक थीं, बल्कि न्याय और सेवा की प्रतिमूर्ति थीं। उनकी मूर्ति और यह पार्क शहर की पहचान बनेगा।
> –असीम अरुण, कन्नौज सदर विधायक

## 15 बार शिकायत के बाद आखिरकार मिला ज़मीन पर कब्ज़ा

**छिबरामऊ।** तहसील क्षेत्र के कसाबा ग्राम में पिछले दो वर्षों से अपनी ज़मीन के लिए भटक रहे पीड़ित को आखिरकार न्याय मिल गया। उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी के आदेश पर शनिवार को राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल और ग्राम प्रधान के सहयोग से भूमि विवाद का निस्तारण कराया।

पीड़ित चंदन मिश्रा ने कब्ज़ा पाने के लिए करीब 10 प्रार्थना पत्र और 5 बार तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराई थी। एसडीएम के 2 मई 2026 के आदेश के अनुपालन में राजस्व निरीक्षक ऋषि कुमार, लेखपाल रोहित सिंह और जितेंद्र भार्गव ने मौके पर पहुँचकर पैमाइश की। पुलिस बल और ग्राम प्रधान मुकेश चंद की मौजूदगी में ज़मीन का सीमांकन कर चंदन मिश्रा को भौतिक कब्ज़ा सौंप दिया गया।


महिला को पोषण किट देते रामानंद कटियार व अन्य। अमृत विचार

## स्वास्थ्य शिविर में 126 मरीजों का परीक्षण

गुरसहायगंज (कन्नौज)

**अमृत विचार।** विश्व रेड क्रॉस दिवस पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा कस्बा के मोहल्ला गोपाल नगर स्थित बीड़ी श्रमिक चिकित्सालय में स्वास्थ्य परीक्षण केंद्र लगाया जिसमें 126 मरीजों की जांच हुई और उन्हें दवा वितरित की गई।

समिति के महासचिव रामानंद कटियार ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। इसके बाद डॉक्टर अजय कुमार, डॉ अंकुर सिंह ने ब्लड प्रेशर, शुगर, हार्ट, खांसी, जुखाम ,बुखार, टीबी और आंखों की बीमारी के आए मरीजों का चेकअप किया। आयुष्मान कार्ड के नोडल अधिकारी अशोक दीक्षित ने आयुष्मान कार्ड बनवाने आए लोगों का सहयोग किया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला अध्यक्ष व संयोजक डॉक्टर शरद दुबे ने बताया कि शिविर में 126 मरीजों का चेकअप के साथ दवा और पोषण किट वितरित की गई। इस दौरान ए सीएमओ डॉक्टर केपी त्रिपाठी, डॉ अजय कुमार, फिरोज खान, नेत्र की चिकित्सा डॉ एके सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### मजदूरी मांगने पर युवक को पीटा

**छिबरामऊ।** मजदूरी मांगने पर एक युवक से मारपीट और नकदी छीने जाने का आरोप लगा है। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मोहल्ला ग्रेशीगंज निवासी इकरार पुत्र कुतुबुद्दीन ने बताया कि वह शनिवार को दोपहर करीब 2 बजे मोहल्ला ककरैया निवासी नन्नू के घर उसके ई-रिक्शा की मरम्मत करने गया था। काम पूरा होने के बाद उसने अपनी मजदूरी के पैसे मांगे, तो नन्नू और उसके पिता दीपक ने गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी जेब में रखे 1200 रुपये छीन लिए और लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे बॉबी और साजन सहित अन्य स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। पीड़ित ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कानूनी कार्रवाई और अपने पैसे वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

### सुनी गईं फरियादियों की समस्याएं

**छिबरामऊ।** कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं। कोतवाल कपिल दुबे की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में आठ शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें अधिकांश मामले भूमि विवाद और आपसी विवादों से संबंधित थे। पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजी गई, जहां तीन मामलों का समाधान करा दिया गया। शेष शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

### सड़क हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ा

**गुरसहायगंज।** घर का सामान लेकर पैदल जा रहे युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। उपचार के दौरान कानपुर में उसकी मृत्यु हो गई। कन्नौज कोतवाली के गांव महमूदपुर गंग निवासी राम प्रकाश का पुत्र झब्बू 4 मई की शाम करीब 6:00 बजे गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के नौरंगपुर चौकी के गांव सराय चौराहे से घर का सामान लेकर पैदल जा रहा था। जैसे ही वह ग्राम निकोवनपुर्वा के निकट पहुंचा बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। तिर्वा मेडिकल कॉलेज से कानपुर हैलट अस्पताल भेजा गया जहां उपचार के दौरान उसकी 8 मई को मृत्यु हो गई। मृतक के पिता राम प्रकाश ने बाइक चालक के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

### युवक को जहरीले कीड़े ने काटा

**सौरिख।** कन्नौज थाना क्षेत्र में खेत पर काम कर रहे एक युवक को जहरीले कीड़े ने काट लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। कस्बे निवासी कामरान (32 वर्ष) पुत्र इरफान खान शनिवार दोपहर खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक एक जहरीले कीड़े ने उन्हें काट लिया, जिससे वह गंभीर रूप से अस्वस्थ हो गए।घटना के बाद खेत में मौजूद अन्य लोगों ने बिना देर किए कामरान को मोटरसाइकिल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख पहुंचाया। हालत गंभीर देखते हुए उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से छात्र की मौत

**छिबरामऊ।** थाना विशनगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत बिशुनगढ़-जोत लिंक रोड पर एक सड़क हादसे में 19 वर्षीय छात्र की जान चली गई, जबकि उसका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। कुशालपुर निवासी संजय (19) अपने भाई ऋषि (18) के साथ बाइक से शंकरपुर में एक 13वीं संस्कार में शामिल होने गए थे। शनिवार शाम वापस लौटते समय जोत वाले लिंक रोड पर सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों भाई सड़क पर गिरकर लहुलुहान हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सौ शैय्या अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद संजय को मृत घोषित कर दिया। वहीं, ऋषि की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। मृतक संजय हीरालाल बीएन इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र था। परिजनों ने बताया कि जितेंद्र सिंह के तीन बेटों (अंकित, संजय और ऋषि) और दो बेटियों (ज्योति और सोनी) में संजय दूसरे नंबर पर था। जवान बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सरायमीरा में लगता भीषण जाम, यातायात पुलिस फेल

## ई-रिक्शा, ऑटो व रोडवेज बसें बनीं आवागमन में बाधा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



सरायमीरा में जाम में फंसे वाहन अमृत विचार

**अमृत विचार।** सरायमीरा में जाम के झाम से यातायात पुलिस निजात नहीं दिला पा रही है। ई-रिक्शा व ऑटो जाम का मुख्य कारण बने हुए हैं। तहसील से अंधा मोड़ तक जाम बवालेजान बना है जबकि यातायात पुलिस असहाय साबित हो रही है।

सरायमीरा जीटी रोड पर जाम से निजात दिलाने में यातायात पुलिस पूरी तरह से फेल हो चुकी है। ऑटो, ई-रिक्शा व रोडवेज बस चालकों की मनमानी से पूरे दिन यात्रियों को जाम से गुजरना पड रहा है। रोडवेज बस स्टैंड से एक साथ निकल रही बसें, जीटी रोड पर पूरे दिन खडे होकर या रेंग कर यात्री बैठाने का प्रयास कर रहे ऑटो व ई-रिक्शा जाम का कारण बन रहे हैं। और तो और दोपहर में स्थिति विकट हो जाती है जब हर तरफ से स्कूल वाहन आ जाते हैं और देर तक धूप में खड़े रहने से बच्चे परेशान होते हैं। खास बात तो यह है कि यातायात पुलिस जब जाम को खुलवाने का प्रयास करती तो बस चालक इनकी बात ही नहीं मानते। ऑटो और ईरिक्शा चालक यातायात गार्डों की भी नहीं सुनते।

पूरे दिन इसी तरह का जाम लगा होने से थकी हारी यातायात पुलिस भी छाया में बैठ कर मोबाइल चलाने में व्यस्त हो जाती है। तहसील सदर के सामने जाम लगने का कारण आबकारी विभाग के सामने शराब से लदे कई ट्रक रहते हैं। इनके खडे हो जाने से पैदल निकलने के लिये फुटपाथ पर जगह की नहीं बचती। इससे पैदल यात्रियों को भी जीटी रोड से ही गुजरना पडता है। इस संबंध में यातायात प्रभारी निरीक्षक रवि शंकर त्रिपाठी का कहना है कि वह लगातार यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनों का चालान काटते रहते हैं। सिपाहियों को भी निर्देश दिये गये हैं कि जो यातायात नियमों का पालन न करें उसके वाहन का चालान काटें।

## गुरसहायगंज में भी जाम से लोग परेशान

संवाददाता गुरसहायगंज


तिर्वा रोड गुरसहायगंज में लगे जाम में फंसी एम्बुलेंस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बा में अब जाम लगना आम बात हो गई है। फुटपाथ पर अतिक्रमण और अनगिनत ई रिक्शा और अवैध ऑटो के चलते कस्बा में पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

सुबह से ही लोगों को जाम से रूबरू होना पड़ता है। सवारियां लेने के लिए कस्बा के मुख्य चौराहे के आसपास ई-रिक्शा और ऑटो चालकों का जमावड़ा रहता है जिसकी वजह से पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। शुक्रवार की दोपहर बाद तिर्वा रोड पर भी जाम की स्थिति काफी भयानक थी।

जाम के चलते मरीज को लेने जा रही एंबुलेंस भी फंसी रही। चालक काफी देर तक सायरन बजाता रहा लेकिन किसी पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा। इस दौरान चौराहे पर तैनात रहने वाले यातायात के पुलिसकर्मी और होमगार्ड नदारद थे। मालूम हो कि कोतवाली में काफी समय पहले हुई शांत कमेटी की बैठक में व्यापारियों की सलाह पर ऑटो चालकों को कस्बा के बाहर रहने के निर्देश दिए गए थे और उनके लिए नगर पालिका ने अलग-अलग रूटों पर स्थान भी चयनित कर दिया था लेकिन पुलिस की लापरवाही के चलते पूरे दिन इनका कस्बा के अंदर आना-जाना लगा रहता है जिसकी वजह से जाम लगा रहता है। वहीं बढ़ती ई रिक्शा की संख्या भी जाम का कारण है।

- **चौराहे के आसपास ई-रिक्शा और ऑटो चालकों का जमावड़ा**

## शिक्षिका के मकान में सेंध लगा कर लाखों की चोरी

**कन्नौज।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव गुलहरिया में शिक्षिका के बंद मकान में सेंध लगाकर चोरों ने करीब तीन लाख रुपए की नकदी और सामान चोरी कर लिया। परिवार किराये के मकान में ताला लगा कर कानपुर गए हुए थे। पुलिस ने घटना की सूचना पर जांच शुरू कर दी है।

गुलहरिया गांव निवासी राम नरेश ने बताया कि वह पत्नी के साथ एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कानपुर के लाल बंगला क्षेत्र गए थे। शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने उनके बंद मकान में सेंधलगा कर अंदर घुसे। इस के बाद चोरों ने नकदी व सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी सुवह हुई। जब लोगों ने मकान में सेंध लगी देखी। इस के बाद राम नरेश ने मकान मालिक राजीव कुमार के साथ नादेमऊ चौकी पहुंचकर लिखित शिकायत की। पीड़ित के अनुसार, चोर घर से नकदी सहित करीब तीन लाख रुपए का कीमती सामान चोरी कर ले गए। थाना प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।


मृतक के पिता को ढांढस बंधाते मंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

## दिवंगत भाजपा नेता के घर पहुंच मंत्री ने बंधाया ढांढस

संवाददाता जलालाबाद (कन्नौज)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर जसोदा निवासी भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रशांत त्रिपाठी की सड़क हादसे में हुई असामयिक मृत्यु के दूसरे दिन समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण दिवंगत भाजपा नेता के आवास पहुंचे और दुखी परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।

मंत्री ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। बताया गया कि प्रशांत अपनी पारिवारिक बहन का तिलक कार्यक्रम संपन्न कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी कार के सामने नीलगाय आ गई जिसे बचाने के प्रयास में कार हादसे का शिकार हो गई और उनकी जान चली गई। शनिवार सुबह उनके आवास पहुंचे मंत्री ने मृतक के पिता अरविंद उर्फ गोपाल त्रिपाठी से मुलाकात कर संवेदना जताई। इस दौरान विवेक पाठक, सुशील दुबे, रजनी पाल, विनय कटियार, अभिमन्यु सिंह, अजीत पांडे, दिलीप पांडे, मलिक पांडे, उदय कटियार, मंगलम पांडे, सत्येंद्र कटियार, तरुण चंद्रा, अंकुश कटियार, देवेश कटियार, ज्ञान प्रकाश कुशवाहा, राघव तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर पीटा, पुलिस नहीं कर रही सुनवाई

**कन्नौज।** गुंडा प्रवृत्ति के लोगों ने युवक के दरवाजे पर गालीगलौज की। विरोध करने पर घर में घुसकर उसके बेटे को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अब पुलिस महानिदेशक से न्याय मांगा है।

पीड़ित वीरेंद्र पुत्र राधारमन निवासी ग्राम भगत पुरवा पो. पट्टी तहसील तिर्वा, थाना ठठिया ने पुलिस महानिदेशक को भेजे पत्र में गांव निवासी पांच लोगों पर आरोप लगाया कि वे गुंडा प्रवृत्ति के हैं। इन लोगों ने 28 मार्च को नाजायज असलाह लेकर उसके दरवाजे पर गाली देना शुरू कर दिया। जब पत्नी व बेटे ने विरोध किया तो ये घर में घुस आए और बेटे को मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद 21 अप्रैल की शाम सात बजे फिर से आरोपियों ने घेर लिया तो उसने112 पर फोन कर पुलिस बुलाई लेकिन आरोपी भाग गए। उसे व परिवार को जानमाल का खतरा है। इससे वह गांव भी नहीं जा पा रहा है। गुहार लगाई कि आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

# ईट-भट्ठे में काम करने वाले श्रमिकों के 11 बच्चों का प्रवेश


कंपोजिट विद्यालय बिलंदापुर नालाहर में मौजूद बच्चे, उनके अभिभावक व शिक्षक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम में विकास खंड क्षेत्र कन्नौज के कंपोजिट विद्यालय बिलंदापुर नालाहार के शिक्षकों ने ईंट भट्ठे पर काम करने वाले श्रमिकों से संपर्क किया। अब उनके कई बच्चे स्कूल में पढ़ने आएंगे।

प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय की रसोइया श्याम मोहन यादव व शिक्षामित्र रविशंकर सिंह, कुसुमा पाल स्थानीय निवासी होने के कारण श्रमिकों से सम्पर्क करते रहे। शिक्षकों ने एक दिन भट्ठे पर जाकर अनौपचारिक कक्षाएं शुरू कर दीं, जिसमें बच्चों को मिट्टी से कई प्रकार की आकृतियां बनाने का हुनर भी सिखाया। साथ ही उनको स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में मिलने वाले डीबीटी से 1200 रुपये, एमडीएम आदि के बारे में बताया गया। इससे बच्चे स्कूल आने के लिए उत्साहित हुए और अब तक कुल 11 बच्चों ने नामांकन करा लिया। बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि इसी प्रकार स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षकों को पूर्ण मनोयोग से कार्य करना चाहिए। इस मौके पर सलोनी कुमारी, विकास कुमार, अंशू कुमारी, संजीत कुमार, रंजीत, तिजिया आदि बच्चों का प्रवेश हुआ। नामांकन कराने वाले बच्चों को स्टेशनरी किट व पुस्तकें देकर उत्साहवर्धन किया गया। शिक्षक सुदीप कुमार, प्रभात कुमार, अंशिका दीक्षित, अतुल दीक्षित उपस्थित रहे।

- **कंपोजिट विद्यालय बिलंदापुर नालाहार के शिक्षकों व रसोइयों की मेहनत रंग लाई**

## कन्नौज पब्लिक स्कूल को फिर नोटिस, 12 बच्चों का होना है प्रवेश

**कन्नौज।** सख्ती के बाद भी जिले के कई नामीगिरामी व अंग्रेजी माध्यम से जुड़े निजी विद्यालय मनमानी पर उतारू हैं। निशुल्क बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत अब भी 176 बच्चों को 25 फीसदी सीटों पर निशुल्क योजना के तहत प्रवेश नहीं दिया गया। इसमें वह विद्यालय भी शामिल हैं जिनके खिलाफ बच्चों को फेल करने व अलग कक्षा में बैठाने की शिकायत पूर्व में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)असीम अरुण से हो चुकी है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार की ओर से ऐसे 16 निजी विद्यालयों को नोटिस भी जारी किया गया है। इसमें सबसे अधिक 12 एडमीशन शहर के कन्नौज पब्लिक स्कूल को लेने हैं, लेकिन प्रबंधतंत्र की ओर से नहीं दिए गए हैं। दूसरा नंबर छिबरामऊ के सेंट पॉल्स स्कूल का है, यहां आरटीई के तहत 08 बच्चों का आवंटन हुआ है। बाबू लाल मेमोरियल विद्यालय व सरस्वती विद्यालय मानीमऊ में 02-02 बच्चों का आवंटन निशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत हुआ है। गंगा प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल, डीएल मेमोरियल पब्लिक स्कूल, दुलारे लाल स्मारक शिक्षा निकेतन, एसपी कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल, सरस्वती ज्ञान मंदिर, सिटी मांटेसरी स्कूल, गीता मांटेसरी स्कूल यूपीएस, रोजवेल पब्लिक स्कूल, लिटिल ब्लोसम एकेडमी, आरडी मार्डन पब्लिक स्कूल, मीना देवी सरस्वती शिशु मंदिर व आकाश शिक्षा सदन मंच भी एक-एक बच्चे का प्रवेश योजना के तहत होना है।

# खाद्य विभाग ने जांची खाने की गुणवत्ता

संवाददाता तिर्वा


मेस में बन रहे भोजन की गुणवत्ता परखती खाद्य विभाग की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** खाद्य विभाग ने इंजीनियरिंग कॉलेज में खाने की गुणवत्ता जांची। छात्रों को जागरूक भी किया गया। कहा गया कि खाना ऑनलाइन मंगाते समय सतर्कता बरतें।

शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविंद साहू के नेतृत्व में टीम ने इंजीनियरिंग कॉलेज की मेस में बन रहे भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था और खाद्य सामग्री के रखरखाव का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने रसोईघर में साफ-सफाई की स्थिति, खाद्य पदार्थों के भंडारण और उपयोग किए जा रहे मसालों एवं अन्य सामग्रियों की जांच की। गुणवत्ता की पुष्टि के लिए पनीर की सब्जी का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने छात्रों से कहा कि वे बाहर से ऑनलाइन खाना मंगाते समय सावधानी बरतें। कहा कि किसी भी डिलीवरी को कॉलेज के प्रवेश द्वार पर दर्ज कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की शिकायत या अनहोनी की स्थिति में संबंधित विक्रेता तक आसानी से पहुंचा जा सके।

कॉलेज के निदेशक प्रो. मनोज शुक्ला ने बताया कि छात्रों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। समय-समय पर खाद्य विभाग द्वारा नमूने लेकर जांच की जाती है, जिससे भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित बनी रहती है।

## 793 बच्चों का एडमीशन, सभी चयनितों को मिलेगा लाभ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) में अलाभित एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को निजी विद्यालयों में 25 फीसदी सीटों पर प्रवेश दिलाया जाता है। वर्तमान शैक्षिक सत्र 2026-27 में 03 चरणों में कुल 969 बच्चों को ऑनलाइन पोर्टल से आवंटन किया गया था, जो पिछले 03 वर्षों में सर्वाधिक है। इनमें से अब तक 793 छात्र-छात्राओं को प्राइवेट विद्यालयों में निशुल्क प्रवेश भी मिल चुका है।

बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि आरटीई के तहत 969 बच्चों को निजी विद्यालय आवंटित कि गए। जिन विद्यालयों ने अब तक बच्चों का प्रवेश नहीं किया है उन पर विभागीय कार्रवाई की जा रही है। इस वर्ष सभी चयनित बच्चों को प्रवेश दिलाया जाएगा। योजना के तहत प्रवेश पाए बच्चों के अभिभावकों के खातों में 5000 रुपये डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) से भेजी जाती है, जिससे वे पाठ्य-पुस्तक, अभ्यास पुस्तिका एवं यूनिफॉर्म खरीद सकें। दूसरी ओर विद्यालयों को शुल्क प्रतिपूर्ति प्रति बच्चा प्रतिमाह 450 रुपये की दर से वार्षिक 5400 रुपये दी जाती है।

**तीन वर्षों में इस तरह दिया गया लाभः** शैक्षिक सत्र 2023-24 में कुल 77 बच्चों को आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश दिए गए। 2024-25 में 202 छात्र-छात्राएं और 2025-26 में 412 विद्यार्थियों को निजी विद्यालयों में एडमीशन दिया गया था। इस वर्ष आवेदन प्रक्रिया 02 फरवरी से 25 मार्च तक ऑनलाइन संपन्न हुई थी।


नाला के मानक विहीन निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

## मानकों के विपरीत नाला निर्माण पर ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** ग्राम भरौली सिरखनेपुर में निर्माणाधीन नाले को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। आरोप है कि निर्माण कार्य मानकों के अनुसार नहीं कराया जा रहा है, जिससे भविष्य में जलभराव और टूट-फूट की समस्या उत्पन्न हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में राम निवास यादव के दरवाजे से हनुमान की मड़ैया तक लगभग 150 मीटर तथा राम निवास के दरवाजे से नारायण के दरवाजे तक करीब 75 मीटर नाले का निर्माण कराया जा रहा है। कुल 225 मीटर नाला बनाया जा रहा है। प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने जांच कराकर गुणवत्ता के अनुसार कार्य कराने की मांग की है।

**सलाह** | पौधे की नर्सरी नवंबर माह में डाली जाती है जिसे दिसंबर में रोपा जाता है और मार्च में फसल तैयार हो जाती है

# मोनार्डा सिट्रोडोरा : खाली खेत में उगा कमा सकते मुनाफा

इरा अवस्थी कन्नौज



एफएफडीसी में क्यारी में लगा मोनार्डा सिट्रोडोरा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आपने अजवाइन के बारे में सुना होगा और हर घर के मसालों में शामिल भी होता है यह मसाला। इसकी पहचान अपने अनोखे स्वाद, फ्लेवर के साथ पाचन में सहायक होने से भी है। इसका कारण इसमें पाया जाने वाला थाइमॉल तेल है। यही अवयव मोनार्डा सिट्रोडोरा नामक पहाड़ी पौधे में भी पाया जाता है। अल्पकाल की यह फसल मात्र चार महीने में तैयार हो जाती है और किसान इससे खासा मुनाफा कमा सकते हैं।

मूल रूप से यह पौधा जम्मू में पाया जाता है। खास बात यह कि इसकी फसल मात्र चार महीने में तैयार हो जाती है। पूरे पौधे में थाइमाल पाया जाता है जिससे तैयार होने पर इसे जड़ समेत काट लिया जाता है। फ्रेगरेंस एंड फ्लेवर डेवलपमेंट सेंटर (एफएफडीसी) के वैज्ञानिक अधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि इस पौधे को आईआईआईएम (इंडियन इंस्टीट्यूट आफ इंटीग्रेटिव मेडिसिन) द्वारा खोजा गया था। परीक्षण में इसमें अजवाइन में खुशबू देने वाला अवयव थाइमॉल प्रचुर मात्रा में पाया गया। इसका उपयोग दवा बनाने, फ्लेवर, फ्रेगरेंस के अलावा अन्य उत्पादों में भी किया जाता है। बताते हैं कि पत्ता, तना, इस पर लगने वाले बैंगनी रंग के फूल में तेल होता है और पूरा पौधा काटकर प्रोसेस करके तेल निकाला जा सकता है। कहा कि इस पौधे की नर्सरी नवंबर माह में डाली जाती है जिसे दिसंबर में रोपा जाता है और मार्च में फसल तैयार हो जाती है। वर्तमान में फसल तैयार हो चुकी है जो केंद्र में काफी छोटे पैमाने पर की गई है। इसे काटकर साधारण आसवन विधि से तेल निकाला जाएगा। जानकारी दी कि पूरे पौधे में करीब 0.5 से 0.6 प्रतिशत खुशबू वाला तेल होता है। स्थानीय स्तर पर तो अभी तक किसी किसान की ओर से पहल नहीं की गई है लेकिन अगर पहाड़ों की बात करें तो करीब एक एकड़ में 40 हजार की लागत पर लगभग इतना ही मुनाफा लिया जा सकता है। स्थानीय स्तर पर किसान करना चाहें तो एफएफडीसी में संपर्क कर फसल के समय नर्सरी ले सकते हैं और फसल तैयार होने पर डिस्टिलेशन कराकर एसेंशियल ऑयल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के माध्यम से बिक्री कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**फर्रुखाबाद।** शमशाबाद में ढाई घाट रोड पर एक पेट्रोल पंप के पास शनिवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। कलान, शाहजहांपुर निवासी सीमू पुत्र तालिब पुराने बालों की फेरी लगाने शमशाबाद जा रहे थे। तभी शमशाबाद की ओर से आ रहे एक अन्य बाइक सवार ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सीमू की बाइक से टक्कर मार दी। दुर्घटना में सीमू और कायमगंज के नगला बसोला निवासी चमन कुमार पुत्र श्यामा प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टर अलीम अंसारी ने सीमू को मृत घोषित कर दिया, जबकि चमन कुमार की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मोडिफाइड साइलेंसर पर तीन बुलेट बाइकें सीज

**फर्रुखाबाद।** मोडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को तीन बुलेट मोटरसाइकिलों को सीज किया गया है। इन तीनों बाइकों पर कुल 48 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। यह कार्रवाई एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत और यातायात प्रभारी सतेंद्र कुमार के नेतृत्व में रोडवेज बस स्टैंड के पास पुलिस चौकी के निकट की गई। अभियान के दौरान, मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करते पाए जाने पर इन तीन बुलेट मोटरसाइकिलों को थाना कादरीगेट में सीज किया गया। इन वाहनों पर कुल 48 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। अधिकारियों ने बताया कि मोडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न/हूटर के खिलाफ यह सघन चेकिंग अभियान उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चलाया जा रहा है। मोडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति का ड्राइविंग लाइसेंस तीन माह के लिए निलंबित किया जा सकता है।

### अवैध ई-टिकट बेचने वाला युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और कासगंज सीआईबी की संयुक्त टीम ने रेलवे के आरक्षित ई-टिकटों के अवैध कारोबार का खुलासा करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब 20 हजार रुपये मूल्य के 10 ई-टिकट बरामद किए गए हैं। आरपीएफ थाने के निरीक्षक ओपी मीणा और सीआईबी कासगंज के सुभाष चंद्र के नेतृत्व में टीम ने शुक्रवार रात्रि कमालगंज के नगला दाउद स्थित मोहम्मद समी के घर छापा मारा। तलाशी के दौरान उसके मोबाइल फोन से आरक्षित ई-टिकट बरामद हुए। जांच में आरोपी के पास से 20,020 रुपये के कुल 10 ई-टिकट मिले। आरपीएफ इंस्पेक्टर ओपी मीणा ने बताया कि आरोपी मोहम्मद समी आईआरसीटीसी की व्यक्तिगत यूजर आईडी का इस्तेमाल कर ग्राहकों की मांग के अनुसार तत्काल, प्रीमियम तत्काल और सामान्य श्रेणी के रेल आरक्षित ई-टिकट बनाता था। पुलिस के अनुसार आरोपी टिकट बनाने के बदले ग्राहकों से 100 से 200 रुपये अतिरिक्त वसूलता था। अवैध कारोबार में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया है। आरपीएफ ने आरोपी मोहम्मद समी के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

### बोलेरो की टक्कर से युवक घायल

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज कस्बे में शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से एक अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया। घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के बाद बोलेरो चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, कस्बे के अशोक नगर निवासी महादेव शनिवार सुबह मुख्य चौराहे के पास दूध लेने गए थे। इसी दौरान कानपुर से फर्रुखाबाद की ओर जा रही एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों और राहगीरों की मदद से घायल महादेव को तुरंत कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। सीएचसी में तैनात डॉक्टर विकास पटेल ने घायल महादेव का प्राथमिक उपचार किया।

# युवक का शव मिलने से आक्रोश पुलिस पर पथराव, कई घायल

## पुलिस पर ईंट पत्थर और लाठी डंडों से हमला थानाध्यक्ष सहित कई पुलिस कर्मी घायल

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव चाचूपुर में ग्रामीण युवक का शव पुलिया के नीचे नाले में मिलने से बवाल हो गया।मौके पर पहुंची पुलिस की ग्रामीणों के साथ तीखी झड़पें हो गईं। ग्रामीणों ने पुलिस पर ईंट पत्थर और लाठी डंडों से हमला बोल दिया। जिससे थानाध्यक्ष सहित कई पुलिस कर्मियों के चोटे आयीं हैं। राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार भी घायल हो गए साथ ही नवांगतुक थाना अध्यक्ष नागेंद्र सिंह को गंभीर चोट लगने के कारण हायर सेंटर रेफर किया गया।

थाना राजेपुर के ग्राम चाचूपुर निवासी ठेली दुकानदार 24 वर्षीय ब्रजेश पुत्र बालकराम शराब पीने का आदी था। वह शुक्रवार रात लगभग 9 बजे गांव के कुछ दूर एक देशी शराब के ठेके पर शराब पीने गया था। परिजनों की मानें तो उसके बाद वह घर वापस नही लौटा। परिजन उसकी तलाश करते रहे, शनिवार सुबह उसका शव ठेके के कुछ दूर पुलिया के नीचे पड़ा मिला, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने ठेका कर्मचारी पर आरोप लगाया। सूचना मिलने पर नवागांतुक थानाध्यक्ष नागेंद्र सिंह, निरीक्षक स्वदेश कुमार आदि पुलिस बल के साथ मौके पर पंहुचे और जांच शुरू की। जांच के दौरान परिजन ई-रिक्शा पर शव लेकर शराब ठेके पर रखने के लिये ले जा जाने लगे, जिसका पुलिस ने विरोध किया तो परिजनों के साथ ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों नें शराब ठेके पर जमकर तोड़फोड़ की। ठेके के निकट ही पुलिस व ग्रामीणों की झड़प हो गयी, आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों के साथ धक्का मुक्की मारपीट व पथराव शुरू कर दिया।

ग्रामीणों की संख्या देखकर पुलिसकर्मी मौके से भाग खड़े हुए। ग्रामीणों ने पीछे से पुलिस कर्मियों पर पथराव दिया, जिसमे कई पुलिस कर्मियों के चोट आईं। बमुश्किल पुलिस नें शव को पिकअप में लादकर भेजा। मामले की जांच की जा रही है।



पथराव के बाद भागते पुलिस कर्मी। अमृत विचार



पुलिस जीप का टूटा शीशा।

# सोते हुए युवकों पर चढ़ा बेकाबू डीजे लोडर, एक की मौत, दूसरा घायल

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शमशाबाद थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के एक तेज रफ्तार पिकअप ने चौपाल में सो रहे दो चचेरे भाइयों को रौंद दिया। हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।



रामू।

शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव बलीपुर भगवंत उलियापुर के रहने वाले रामू यादव (30) पुत्र नरेंद्र रोडवेज में संविदा बस चालक थे। शनिवार की सुबह करीब 3 बजे वह ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकले। कुछ दूरी पर बनी चौपाल पर चचेरा भाई शिवम यादव(25) सो रहा था। रामू को बस से जाना था। बस का इंतजार करते हुए वह भी सड़क किनारे खाट पर सो रहे चचेरे भाई के बगल में लेट गए। नींद आने से वह भी उसके पास सो गए। करीब 4 बजे कायमगंज से फर्रुखाबाद की ओर जा रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने दोनों भाइयों को रौंद दिया। हादसा इतना भीषण था की रामू की मौके पर मौत हो गई। जबकि, शिवम यादव गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद बकाबू होकर पिकअप भी पलट गई। पिकअप में लदा डीजे का सामान सड़क पर बिखर गया। अपनी जान बचाते हुए वाहन और सामान छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया। करीब 6 बजे खेत की ओर निकले ग्रामीणों ने मौके पर अफरा-तफरी का माहौल देखा। जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर शमशाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायल शिवम को जिला अस्पताल लोहिया ले जाया गया। जहां से परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए। निजी अस्पताल में ही उनका इलाज जारी है। रामू यादव की शादी 2012 में हुई थी। पत्नी सोनी और 2 बच्चे उत्कर्ष (10) और मन्नत(8) का रो-रो कर बुरा हाल है।



मृतक के रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

# गूजरपुर पमारान में आग से खाक हुई परचून की दुकान

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के कस्बा गूजरपुर पमारान में शनिवार को किराने की दुकान से अचानक धुएं का गुबार उठने लगा और देखते ही देखते आग की भयावह लपटों ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में मेहनतकश दुकानदार की वर्षों की कमाई और उम्मीदें राख में तब्दील हो गईं।

कस्बा निवासी अजय पुत्र रामबाबू की किराने की दुकान में लगी आग ने पूरे इलाके को दहला दिया। आग की ऊंची लपटें और आसमान में उठता काला धुआं देखकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। कोई बाल्टियों से पानी ला रहा था तो कोई तालाब से पानी भरकर आग बुझाने की कोशिश में जुट गया। ग्रामीणों ने अपनी जान की परवाह किए बिना घंटों तक आग से संघर्ष किया।

स्थानीय लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक दुकान में रखा लगभग पूरा सामान जलकर राख हो चुका था। मौके पर तबाही का मंजर देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। दुकान के भीतर सिर्फ जली हुई लकडियां, राख और टूटे सामान के अवशेष ही दिखाई दे रहे थे।

पीडि़त दुकानदार अजय के मुताबिक आग में करीब चार लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। दुकान में रखा फ्रीजर, कोल्ड ड्रिंक, पेप्सी, रिफाइंड के कनस्तर, डालडा घी, छोले की बोरी, काजू, बादाम सहित भारी मात्रा में किराना सामान पूरी तरह जल गया।

# कायमगंज के एन के एकेडमी में मदर्स डे का हुआ आयोजन

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** नगर में एन के एकेडमी विद्यालय में मदर्स डे पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनुराधा दुबे ब्लाक प्रमुख व विशिष्टि अतिथि रश्मि दुवे एवं विश्व मोहिनी पांडेय प्रधानाचार्य उपस्थिति रहीं।

विद्यालय की डायरेक्टर मधु अग्रवाल द्वारा आए हुए अतिथियों को पुष्प एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। सभी अतिथियों द्वारा मां शब्द का महत्व विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विस्तार से बताया गया। विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं द्वारा सर्वप्रथम स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। इसके पश्चात छात्र एवं छात्राओं द्वारा मां को समर्पित नृत्य एवं काव्य पाठ किया। विद्यालय में मदर्स की रैंप वाक एवं मनोरंजन गेम प्रस्तुत किये गये। जिसकी सभी अतिथियों ने सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय की प्रिंसिपल शिवानी प्रसाद व एचओडी मोहित दुवे,निखिल यादव एवं विद्यालय का सभी स्टाफ उपस्थित रहा।




कार्यक्रम में सम्मान प्राप्त करने वाली माताएं। अमृत विचार

- मां शब्द का महत्व विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बताया

# गुजरात से लौटे युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जहानगंज क्षेत्र के अजीजलपुर गांव में गुजरात के वडोदरा से लौटे सुभाष (30) का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला।

अजीजलपुर निवासी सुभाष जाटव (30) गुजरात के वडोदरा में मजदूरी करता था। वह शाम को अपने पैतृक गांव लौटा था। उस समय उसकी मां सुशीला घर पर नहीं थीं, वह कन्नौज के सौरिख स्थित अपने मायके गई हुई थीं। सुभाष के पास अपने कमरे की चाबी नहीं थी। उसने फोन पर मां से बात की और उनकी सहमति के बाद कमरे का ताला तोडक़र अंदर चला गया। घर के दूसरे हिस्से में उसका बड़ा भाई टिंकू अपनी पत्नी बबली के साथ रहता था। बड़ा भाई टिंकू कोल्ड स्टोर में मजदूरी करने गया था। शुक्रवार देर रात करीब 10 बजे जब वह काम से लौटा, तो पत्नी बबली ने उसे सुभाष के आने की सूचना दी। टिंकू छोटे भाई को खाना खिलाने उसके कमरे के पास पहुंचा और दरवाजा खटखटाया। दरवाजा अंदर से बंद था और आवाज देने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। अनहोनी की आशंका होने पर टिंकू ने खिडक़ी से झांककर देखा। अंदर सुभाष साड़ी का फंदा बनाकर कुंडे से लटका हुआ था। टिंकू की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। आनन-फानन में दरवाजे की कुंडी तोडक़र सुभाष को नीचे उतारा गया। परिजनों के अनुसार, उस समय सुभाष की हल्की सांसें चल रही थीं। परिवार को उसके बचने की उम्मीद थी, लेकिन कुछ ही पलों में उसकी सांसें थम गईं। पुलिस मामले की जांचकर रही है।

# कुशवाहा समाज के लोग आगामी चुनाव में बड़ी भागीदारी करें : बाबू सिंह

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जन अधिकार पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन नवभारत सभा भवन में आयोजित किया गया। बैठक में पार्टी के सैकड़ों प्रदेश स्तर के जिलाध्यक्ष एवं कई जिलों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए जन अधिकार पार्टी के प्रमुख एवं जौनपुर के सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि विधान सभा चुनाव में अब केवल 8 माह शेष बचे हैं। गत दिनों हुए विभिन्न राज्यों के चुनाव में काफी धांधली हुई। इसलिए अब राजनीतिक जागरूकता होना आवश्यक है। ऐसे जनप्रतिनिधि को चुनें जो आपका हित कर सके। फर्रुखाबाद में संकिसा भगवान बुद्ध की धरती है। बच्चों की शिक्षा अच्छी हो और नौजवानों को रोजगार मिलें। आरक्षण के हिसाब से समाज को भागीदारी मिलनी चाहिए जबकि पिछड़ा वर्ग की 27 प्रतिशत आरक्षण है। आप लोग वोट की कीमत को समझें। जो व्यक्ति आपका हित करे उसी व्यक्ति का चुनाव करें। घर के सभी सदस्यों को वोट देने के लिए जागरूक करें। देश के संसाधनों पर समाज के हर व्यक्ति की भागीदारी होना चाहिए। सरकारी व प्राइवेट सेक्टर सभी में समाज के लोगों को नौकरी मिलनी चाहिए। आठ माह बाद आप चुनाव में सही व्यक्ति को वोट देकर चुनाव करें। इस मौके पर सर्वेश आंबेडकर, ब्रजेश शाक्य, अचलप्रताप शाक्य, छेदलाल शाक्य सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।




कार्यकर्ता सम्मेलन में बाबू सिंह कुशवाहा व अन्य कार्यकर्तागण। अमृत विचार

### जिला बदर अपराधी को पुलिस ने जिले की सीमा के बाहर छोड़ा

**कायमगंज।** प्रशासन ने आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अपराधी को छह माह के लिए जिला बदर कर दिया है। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को डुगडुगी पिटवाकर पूरे क्षेत्र में मुनादी कराने के बाद जिले की सीमा से बाहर छोड़ दिया।

कार्रवाई कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव नगला बिलौना निवासी श्यामू पाल पुत्र वीर सिंह के खिलाफ की गई है। उसके विरुद्ध विभिन्न धाराओं में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ आरोपी को लेकर विराहिमपुर बॉर्डर पहुंचे। वहां उसे जिले की सीमा से बाहर छोड़ दिया गया। इस दौरान पुलिस ने गांव और आसपास के क्षेत्रों में डुगडुगी पिटवाकर मुनादी कराई। इसका उद्देश्य कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश देना था।

# घाटों पर नाविकों, गोताखोरों व पुजारियों का पंजीकरण शुरू

संवाददाता फर्रुखाबाद

- जिला गंगा समिति की पहल, सुरक्षा मजबूत करने पर जोर
- नावों पर अनिवार्य होगी लाइफ जैकेट, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार।** जिला गंगा समिति के तत्वावधान में जनपद के घाटों पर नाविकों, गोताखोरों, पंडित-पुजारियों एवं दुकानदारों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देश पर घाट संचालन समिति का गठन किया गया है, जिसके माध्यम से घाटों पर कार्य करने वाले सभी लोगों का पंजीकरण कराया जा रहा है।

अभियान के दौरान समिति के सदस्यों ने घाटों पर पहुंचकर नाविकों, गोताखोरों, दुकानदारों और पंडित-पुजारियों को पंजीकरण से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा सभी को अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराने की जानकारी दी। इस दौरान कई नाविकों, दुकानदारों, गोताखोरों और पुजारियों ने अपना पंजीकरण भी कराया। जिला गंगा समिति की जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार घाटों पर कार्य करने वाले सभी लोगों का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है।

उन्होंने कहा कि सभी को निर्धारित नियमों का पालन करना होगा और सत्यापन के बाद ही पंजीकरण मान्य माना जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रशासन द्वारा दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के बाद सभी संबंधित लोगों को पंजीकरण संख्या और पहचान पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही घाटों पर गोताखोरों के नाम और मोबाइल नंबर अंकित किए जाएंगे।

निहारिका पटेल ने जानकारी दी कि नाविकों की सभी नावों पर नाविक का नाम, मोबाइल नंबर और क्रमांक संख्या अंकित कराई जाएगी। साथ ही प्रत्येक नाव पर लाइफ जैकेट रखना अनिवार्य किया गया है। पंजीकरण के बाद कई नावों पर लाइफ जैकेट रखवाई गईं तथा अन्य नाविकों को भी सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पूर्व में कई जिलों में नाव पलटने जैसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। ऐसे में नाव संचालन के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन बेहद जरूरी है। सभी नाविकों को सावधानीपूर्वक नाव चलाने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**आयोजन** महाराणा प्रताप की जयंती पर शनिवार को फर्रुखाबाद रोडवेज बस स्टैंड परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया

# पर्यटन मंत्री ने किया महाराणा प्रताप की प्रतिमा का लोकार्पण

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** विजय, शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती पर शनिवार को फर्रुखाबाद रोडवेज बस स्टैंड परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की ओर से स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा का लोकार्पण प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विधिवत पूजा-अर्चना और फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा परिसर महाराणा प्रताप अमर रहें और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा।

मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि हर युग में दो तरह के लोग रहे हैं। एक जिनकी निष्ठा राष्ट्र के प्रति थी और दूसरे वे जो राष्ट्रद्रोही थे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि एक बिरादरी उन लोगों की रही, जिनकी निष्ठा राष्ट्र के प्रति और भारत के सम्मान के लिए रही। ऐसे सभी लोगों की निष्ठा महाराणा प्रताप जी के साथ जुड़ी रही। कहा आक्रांताओं को सम्मान देने वाले लोग चाहे उस समय रहे हों या आज हों, तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोग चाहे उस समय रहे हों या आज हों, ऐसे लोगों की पहचान करने की जरूरत है।

सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने बताया कि पुरानी घटिया घाट पर पर्यटन विभाग से कार्य कराए गए हैं और अन्य कार्य भी इसी विभाग से हुए हैं। उन्होंने महाराणा प्रताप के राष्ट्र रक्षा के लिए किए गए त्याग का उल्लेख किया और कहा कि यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी। सांसद मुकेश राजपूत ने अपने संबोधन की शुरुआत महाराणा प्रताप को नमन करते हुए की। इस दौरान 'महाराणा प्रताप अमर रहें' के नारे भी लगाए गए।सांसद मुकेश राजपूत ने कहा मैं अपने प्रभारी मंत्री का आभार व्यक्त करता हूं और उन्हें साधुवाद देता हूं। हम लोगों के छोटे से निवेदन पर यहां महाराणा प्रताप की मूर्ति को स्वीकृति मिली और आज उन्हीं के द्वारा इसका अनावरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप की मूर्ति लगना हमारे लिए गौरव की बात है। सांसद ने कहा कि महाराणा प्रताप के बारे में हम सभी लोग जानते हैं। अपने जीवनकाल में उन्होंने बहुत से कार्य किए। उन्होंने अपने मान-सम्मान और हिंदुस्तान के सम्मान के लिए मुगलों से कई बार युद्ध लड़ा। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।



महाराणा प्रताप की प्रतिमा को सेल्यूट करते पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह। अमृत विचार

# मंडल स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में गरिमा ने पाया दूसरा स्थान

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कन्या विद्यापीठ इंटर कॉलेज कायमगंज की कक्षा 12 की छात्रा गरिमा श्रीवास्तव ने तहसील, जिला और मंडल स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय पहुंचने पर उन्हें सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. विश्व मोहिनी पांडेय ने शनिवार को गरिमा को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ. विश्व मोहिनी पांडेय ने गरिमा श्रीवास्तव के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने बताया कि गरिमा पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। प्रधानाचार्या ने कहा कि तहसील से लेकर मंडल स्तर तक दूसरा स्थान प्राप्त करना विद्यालय के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। डॉ. पांडेय ने विश्वास व्यक्त किया कि गरिमा की यह सफलता अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।



गरिमा को प्रशस्ति पत्र देतीं प्रधानाचार्या।

## न्यूज ब्रीफ

### पंखे में करंट उतरने से युवती को लगा झटका

अछल्दा( औरैया)। थाना क्षेत्र के गांव गुनौली में शुक्रवार रात एक युवती को पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से झटका लग गया। गुनौली निवासी पारुल पुत्री रघुवंशी को रात करीब 9 :20 बजे घर में चल रहे पंखे में करंट उतरने से झटका लग गया। युवती को सीएचसी अछल्दा लाया गया, जहां डॉ. ललित मोहन ने उसका उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत सामान्य होने पर युवती को घर भेज दिया गया।

### आवारा कुत्तों के हमले में मोर की मौत

अछल्दा( औरैया)। विकास खंड क्षेत्र के गांव उड़ेलापुर में शनिवार सुबह आवारा कुत्तों के हमले में राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। शनिवार सुबह खेतों में एक मोर घूम रहा था। तभी अचानक आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों के हमले में मोर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। सूचना पर वन रेंज अधिकारी गौरव मिश्रा मौके पर पहुंचे और मृत मोर के शव को कब्जे में लेकर विधिवत कार्रवाई कराई।

### दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

औरैया। सहायल थाना क्षेत्र के बरियारी मऊ गांव निवासी एक युवक ने गांव के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और तोड़फोड़ करने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित अंगद पुत्र रघुवीर सिंह ने थाना सहायल में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गुरुवार रात करीब 8 बजे से 8 :30 बजे के बीच गांव के ही 18 से 20 लोग उनके घर पर चढ़ आए। आरोप है कि सभी लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और घर में रखी ईंट, सरिया, बांसे समेत अन्य सामान में तोड़फोड़ कर दी। तहरीर में अनूप कुमार, अंकुश कुमार, अंकित कुमार, पवन कुमार समेत कई लोगों के नाम दर्ज बताए गए हैं।

### दो बहनों को फुसलाकर ले जाने का आरोप

अछल्दा( औरैया)। थाना क्षेत्र में दो सगी बहनों को गांव के ही दो युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए। पीड़ित महिला के अनुसार 6 मई की सुबह करीब 10 बजे वह अपनी दोनों बेटियों के साथ अछल्दा बाजार आई थी। इसी दौरान वह स्टेशन रोड स्थित मेला ग्राउंड के पास कुम्हार की दुकान पर पानी का घड़ा खरीदने चली गई। आरोप है कि जब वह घड़ा लेकर वापस लौटी तो दोनों बेटियां मौके से गायब थीं। काफी तलाश करने के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लगा। पीड़िता का आरोप है कि गांव के ही दो युवक उसकी बेटियों को बहला फुसला कर अपने साथ ले गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीएम व एसपी ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

संवाददाता औरैया


फरियादियों की शिकायतों को सुनते डीएम व एसपी।। अमृत विचार


फरियादियों की शिकायतों को सुनते थानाध्यक्ष। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी बृजेश कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने सदर कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में आए समस्या संबंधी आवेदन पत्र के आवेदकों से आवेदन लेते हुए उनकी समस्याओं का संज्ञान लिया और संबंधित हल्का इन्चार्ज, लेखपाल को निर्देशित किया कि जो भी समस्या प्राप्त हुई है। उसकी स्थलीय जांच करते हुए निर्धारित समय में नियमानुसार निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निस्तारण में यह प्रयास किया जाए कि दोनों पक्ष संतुष्ट हों जिससे समस्या का निस्तारण स्थाई हो सके। इस अवसर पर भूमि विवाद एवं अवैध कब्जा की शिकायतें प्राप्त हुई। जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित थाना प्रभारी एवं लेखपाल को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण स्थलीय जांच कर किया जाएं तथा सम्बन्धित को भी अवगत कराया जाए।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर अजय आनंद वर्मा, तहसीलदार सदर प्रकाश चौधरी, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

### राजस्व की तीन शिकायतों के निस्तारण के निर्देश

बेला (औरैया)। शनिवार को बेला थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को अधिकारियों ने गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान राजस्व विभाग से संबंधित तीन शिकायतें प्राप्त हुईं। शिकायतों की सुनवाई बीडीओ सहार राज नारायण पाण्डेय एवं थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने संयुक्त रूप से की। अधिकारियों ने संबंधित लेखपालों और हल्का प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को राहत मिल सके। इस मौके पर लेखपाल रोहित यादव, शिवम, राजबहादुर शाक्य समेत अन्य कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोहिया इंटर कॉलेज में हुआ मेधावी छात्र सम्मान समारोह

संवाददाता ऐरवाकटरा

**अमृत विचार।** लोहिया इंटर कॉलेज में मंगलवार को मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ऐरवाकटरा मिथिलेश यादव तथा पूर्व सब-इंस्पेक्टर श्रीप्रकाश यादव ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक जावेद खान, शिवेंद्र चौहान एवं पंकज शर्मा सहित विद्यालय परिवार, प्रधान चंद्रशेखर गुप्ता, प्रधान मनोज शर्मा एवं बीनू सक्सेना सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मिथिलेश यादव ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर अध्ययन का महत्व बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी संसाधनों की कमी के बावजूद बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं। विद्यालय की छात्रा सिद्धि गुप्ता ने 600 में से 562 अंक प्राप्त कर जनपद में आठवां स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

प्रधानाचार्य डॉ. अनुराग कुमार गुप्ता ने कहा कि छात्रा की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।


रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार


घटना स्थल पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

# वाहन की टक्कर से बंबा में गिरी बाइक,दो भाइयों की हुई मौत

## भीखेपुर-जुहीखा मार्ग पर हुई घटना, गिरने के बाद रात भर इक्कालपुर बंबा में पड़े रहे दोनों भाई

संवाददाता अयाना (औरैया)

- शादी में शामिल होने आए थे दोनों भाई
- शनिवार सुबह लोगों ने दोनों को बंबे से निकाला

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के भीखेपुर-जुहीखा मार्ग पर शुक्रवार रात सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। तेज रफ्तार वाहन की टक्कर के बाद दोनों भाई बाइक समेत इक्कालपुर बंबा में जा गिरे और रातभर पानी में पड़े रहने से उनकी हालत गंभीर हो गई।

गांव भोतापुर निवासी अभिषेक (23) पुत्र सतीश बाबू गुजरात में निजी नौकरी करते थे। वह अपने दोस्त की बहन की शादी में शामिल होने के लिए घर आए थे। शुक्रवार रात वह अपने छोटे भाई विकास के साथ बाइक से भीखेपुर जा रहे थे। विकास ने इसी वर्ष मुरादगंज स्थित जिला पंचायत इंटर कॉलेज से हाईस्कूल की परीक्षा पास की थी। भीखेपुर - जुहीखा मार्ग पर इक्कालपुर के पास किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों भाई बाइक समेत बंबा में जा गिरे। रातभर पानी में पड़े रहने से उनकी हालत बिगड़ गई। शनिवार सुबह राहगीरों ने दोनों को बंबा में पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी अयाना पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने छोटे भाई विकास को मृत घोषित कर दिया। गंभीर हालत में अभिषेक को चिचौली मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई।

### सड़क हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

अछल्दा (औरैया)। थाना क्षेत्र के मकरंदपुर भट्ठा के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में घायल एक वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में तीन लोगो गंभीर रूप से घायल हो गए। बुधवार को दिबियापुर क्षेत्र के आशा का पुर्वा निवासी देवेंद्र अपने साथी सुरेंद्र सिंह के साथ मोटरसाइकिल से थाना क्षेत्र के गांव रजपुरा रिश्तेदारी में जा रहे थे। वहीं लक्ष्मणपुर माफी निवासी बबलू तथा ब्लॉक चौराहा निवासी प्रदीप कुमार किसी निमंत्रण कार्यक्रम से लौट रहे थे। तभी मकरंदपुर भट्ठा के पास दोनों मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने घायलों को निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर हालत में सुरेंद्र सिंह को रेफर कर दिया था। उन्हें उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान दो दिन बाद सुरेंद्र सिंह की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती, मेधावियों को किया सम्मानित

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** शनिवार को रामलीला मैदान में महाराणा प्रताप जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों, मेधावी छात्र छात्राओं एवं पत्रकारों को माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य आयोजक एवं सहकारी विकास संघ इटावा /औरैया के अध्यक्ष अभय सिंह सेंगर एडवोकेट ने कहा कि महाराणा प्रताप त्याग बलिदान और स्वाभिमान के प्रतीक थे। उन्होंने घास की रोटियां खाईं लेकिन मुगलों की गुलामी स्वीकार करना बर्दाश्त नहीं किया। कहा महाराणा प्रताप के आदर्श पर चलकर ही हमारा देश हिंदू राष्ट्र बन सकता है। कहा जो समाज संगठित नहीं होता उसकी कोई पहचान नहीं होती और ना ही उसे कहीं सम्मान मिलता है । उन्होंने समाज को शिक्षित और संस्कारित बनाने पर जोर दिया। पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश सिंह चौहान ने कहा की परंपराओं और मान मर्यादाओं को जीवित रखने के लिए इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए।

कहा हिंदुओं को जागृत करने का काम महाराणा प्रताप ने किया। उनके त्याग और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा । कहा समाज को किसी को नीचा दिखाने के लिए संगठित नहीं बल्कि अपनी बुराइयों को दूर करने के साथ आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक पहचान बनाने के लिए संगठित रहना चाहिए । इस अवसर पर जिला प्रभारी आनंद सिंह बैस ,अनिल शुक्ला, डॉक्टर शरद सिंह राना ब्लाक प्रमुख, डॉक्टर घनश्याम सिंह सेंगर, लाल पितृदेव प्रसाद सिंह सेंगर, नीरज चौहान प्रधान प्रतिनिधि ,अरुणा सक्सेना, बंटू सेंगर पूर्व सैनिक, अमित बाथम पूर्व चेयरमैन,गुड्डू वर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता, टीटू भदौरिया, अनिल गुप्ता पूर्व जिलाध्यक्ष, रजनीश पांडेय ब्लाक प्रमुख अजीतमल, रोहित सेंगर आदि ने भी समारोह को संबोधित किया।

इस अवसर पर सत्यपाल सिंह, विकल सेंगर, प्रताप सिंह उदय प्रताप सिंह जादौन बंटू सेंगर, अजय पाल सिंह, नरेंद्र सिंह राजावत, एसपी सिंह सेंगर रमेश सिंह चौहान, अमर सिंह, चौहान, बबलू चौहान , रामेश्वर राजावत, श्रीनिवास सविता, श्याम सिंह राजावत , शिव कुमार सिंह , एके सिंह भदोरिया आदि को सम्मानित किया।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि। अमृत विचार

# स्व-गणना अभियान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता, अछल्दा(औरैया)

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र में ऑनलाइन स्व-गणना अभियान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

शनिवार को विकास खंड कार्यालय के ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख डॉ. शरद सिंह राना एवं सहायक विकास अधिकारी राज बहादुर सिंह ने ग्राम पंचायत प्रधानों, सचिवों व कर्मचारियों को स्व-गणना प्रक्रिया की जानकारी दी। इस दौरान स्वगणना पोर्टल पर मकानों की ऑनलाइन गणना का प्रदर्शन भी किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य आमजन को स्व-गणना प्रक्रिया से जोड़ना और अधिक से अधिक लोगों को ऑनलाइन पंजीकरण के लिए प्रेरित करना है। सहायक विकास अधिकारी राज बहादुर सिंह ने कहा कि लोग घर बैठे अपने परिवार और मकान से संबंधित विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं, जिससे सरकारी योजनाओं एवं आंकड़ों को सही दिशा मिल सकेगी। वहीं शनिवार को ग्राम पुरवा भदौरिया और वंशी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी स्व गणना जागरूकता अभियान चलाया गया। स्व गणना पर्यवेक्षक खुशबू त्रिपाठी एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री बिटोली ने ग्रामीणों को मोबाइल ऐप के माध्यम से स्व गणना की प्रक्रिया समझाई तथा घर-घर जाकर लोगों का विवरण ऑनलाइन दर्ज किया।

अभियान के दौरान ग्रामीणों को सही जानकारी दर्ज करने के महत्व के बारे में बताया गया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

### मानव जीवन में धर्म अध्यात्म और संस्कारों के महत्व को बताया

**फफूंद (औरैया)।** आनंदेश्वर धाम एक्सिस पब्लिक स्कूल में वं आध्यात्मिक भागवत कथा कार्यक्रम के तृतीय दिवस में आचार्य सत्य किशोर पांडे ने श्रद्धालुओं को ज्ञान मार्ग एवं भक्ति मार्ग की विस्तृत एवं प्रेरणादायी व्याख्या करते हुए मानव जीवन में धर्म, अध्यात्म और संस्कारों के महत्व को बताया।

आचार्य सत्य किशोर पांडे ने कहा कि मानव जीवन केवल भौतिक सुख-सुविधाओं तक सीमित नहीं है। बल्कि, आत्मिक उन्नति और ईश्वर प्राप्ति ही वास्तविक उद्देश्य है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर

संवाददाता औरैया


योग करते बच्चे। अमृत विचार

- इंटर कॉलेज में योग शिविर का आयोजन

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी बृजेश कुमार के निर्देशानुसार 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन की तैयारी के तहत औरैया नगर के चौ. वि. सिंह भारतीय इंटर कॉलेज व तिलक इंटर कॉलेज औरैया व पूर्व माध्यमिक विद्यालय खानपुर में योग वेलनेस सेंटर, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रभारी योग प्रशिक्षक व प्राकृतिक चिकित्सक शशिराज सेठ व योग सहायक उत्कर्ष सिंह द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास भी कराया गया। इस अवसर पर शशिराज सेठ ने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष चर्चा करते हुए बताया कि सर्वांगीण विकास का अर्थ केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चे के बचपन से किशोरावस्था तक उसके शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक, बौद्धिक और नैतिक सभी पहलुओं का संतुलित विकास होना आवश्यक है। योग आसन प्राणायाम एवं ध्यान इस दिशा में अत्यंत प्रभावी माध्यम हैं, जो बच्चों को स्वस्थ, अनुशासित और एकाग्र बनाते हैं। शिविर में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया। उन्होंने यह भी बताया कि प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के साथ-साथ इंटर कॉलेजों में भी प्रतिदिन योग शिविर के आयोजन किये जा रहे हैं।

**आयोजन** | जनपद न्यायाधीश ने समस्त न्यायिक अधिकारियों को अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करने को कहा

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 22071 वादों का हुआ निस्तारण

संवाददाता औरैया



राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान वादों का निस्तारण करते जिम्मेदार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय, प्रयागराज / प्रशासनिक न्यायमूर्ति सत्र संभाग, औरैया अरुण कुमार के निर्देशन में तथा जनपद न्यायाधीश मयंक चौहान के नेतृत्व व निगरानी में जनपद न्यायालय, औरैया एवं बाह्य न्यायालय बिधूना तथा जनपद औरैया के विभिन्न राजस्व न्यायालयों तथा अन्य विभागों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन मयंक चौहान जनपद न्यायाधीश, विवेक त्रिपाठी, रजनीश कुमार, रमेश कुमार सिंह, अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत इन्द्रपाल सिंह भदौरिया अध्यक्ष जिला बार एसासिएशन, पारूल जैन, अपर जिला जज प्रथम, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, प्रभारी नोडल अधिकारी लोक अदालत/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट) द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रोमा गुप्ता, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण औरैया, एवं कार्यक्रम में उपस्थित अन्य न्यायिक अधिकारी द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये गये।

जनपद न्यायाधीश द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारी को अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कर लोक अदालत को सफल बनाने हेतु निर्देशित किया गया तथा लोक अदालत के अवसर पर न्यायालय परिसर में लगे बैंकों के पंडालों तथा न्यायालयों का निरीक्षण किया गया।

रोमा गुप्ता, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई में कुल 22071 वादों का निस्तारण हुआ। जिसमें कुल ऋण 37,965,489 रुपये व 1,81,540 रुपये के अर्थदण्ड की वसूली की गयी व 10,344,243 रुपये का प्रतिकर प्रदान किया गया। जनपद न्यायाधीश मयंक चौहान द्वारा 1 वाद निस्तारित किया गया। पीठासीन अधिकारी एमएसीटी औरैया ने कुल 78 क्लेम तय कर पीड़ितों को 78,90,000 रुपये का प्रतिकर अवार्ड दिया गया।

प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, औरैया द्वारा 71 वाद तय किये गये। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष द्वारा 4 वाद, अध्यक्ष, उपभोक्ता फोरम द्वारा 5 वाद, पारुल जैन अपर जिला जज प्रथम, द्वारा 3 वाद, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) द्वारा 3 वाद, महेश कुमार, अपर जिला जज द्वितीय द्वारा कुल 1 वाद, राजीव कुमार वत्स, अपर जिला जज/ एफटी.सी प्रथम द्वारा विद्युत अधिनियम के 443 वाद, विनय प्रकाश सिंह, अपर जिला जज एफटीसी द्वितीय द्वारा 2 वाद, श्रीमती निधि सिसौदिया, मुख्य न्यायिक 148 वाद, नाजिम अकबर, सिविल जज (सी.डि./ एफटीसी) औरैया द्वारा 104 वाद, अरुण सिंह, सिविल जज (जू. डि.) औरैया द्वारा 112 वाद, अमन शुक्ला, न्यायिक मजिस्ट्रेट औरैया द्वारा 205 वाद, शालिनी त्यागी, सिविल जज जू.डि. औरैया द्वारा 159 वाद, अनिल कुमार, अपर सिविल जज जू.डि. द्वितीय औरैया द्वारा 188 वाद, विजय प्रकाश, सिविल जज (जू.डि.) / एफटीसी, औरैया द्वारा 162 वाद, कुशाग्र मिश्रा, सिविल जज (जू.डि.) बिधूना द्वारा 446 वाद निस्तारित किये गये।

इसके अलावा राजस्व विभाग द्वारा 10593 वाद, परिवहन विभाग द्वारा 3338 वाद, नगर पालिका व नगर पंचायत द्वारा 520, स्वास्थ विभाग औरैया से संबंधित प्री-लि. वाद 496, पारिवारिक प्रीलि. 01 वाद, खण्ड विकास कार्यालय औरैया द्वारा 272, राम सिटी फाइनेन्स द्वारा 40 वाद, सब रजिस्ट्रार औरैया द्वारा 3076 वादों का निस्तारण किया गया


कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे। अमृत विचार

### मदर्स डे पर एक्सिस पब्लिक स्कूल में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं

**फफूंद (औरैया)।** कस्बा स्थित एक्सिस पब्लिक स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों ने माताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। छात्रों ने ''तू कितनी अच्छी है'' गीत और ''तेरी उंगली पकड़ के चला'' नृत्य प्रस्तुत किया। कविता पाठ ने कार्यक्रम को भावनात्मक बना दिया। स्कूल में विभिन्न कक्षाओं के लिए रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। पीजी से कक्षा तीसरी तक के बच्चों ने कलरिंग में भाग लिया। कक्षा 4 से 6 तक के छात्रों ने कार्ड बनाए। कक्षा 7 से 8 के विद्यार्थियों ने फोटो फ्रेम बनाए। कुछ अन्य छात्रों के लिए पत्र लेखन प्रतियोगिता रखी गई। विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद कुमार दीक्षित ने कार्यक्रम में मातृत्व की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मां के बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य गुरमीत सिंह सोढ़ी ने कहा कि ईश्वर ने मां को इसलिए बनाया है क्योंकि वह खुद हर जगह नहीं हो सकता। यह आयोजन स्कूल सृजनात्मकता और संवेदनशीलता को दर्शाने वाला अवसर बना। इस अवसर पर विद्यालय समन्वयक राधा, अंशिका, करन , पूजा, अनुज आदि रहे।

न्यूज ब्रीफ

## सेवानिवृत्त शिक्षकों की मासिक बैठक कल

**भरथना।** उत्तर प्रदेशीय सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद की मासिक बैठक 11 मई 2026, सोमवार को प्रात: 11 बजे रामवती चिंताराम इंटर कॉलेज, महावीर नगर भरथना में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष श्रीराम राही करेंगे। महामंत्री मोतीलाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में संगठन से जुड़े कई आवश्यक विषयों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों से समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

## ट्रेन से कटकर युवक की गई जान

**इटावा।** थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे ट्रैक पर किसी ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजू प्रजापति 33 वर्ष पुत्र लालाराम प्रजापति निवासी बरहीपुरा सदर कोतवाली की थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे ट्रैक पर किसी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस की सूचना पर मृतक के परिजन रोते बिलखते पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

## सिंचाई बंधु की बैठक 12 मई को

**इटावा।** अधिशासी अभियंता इटावा प्रखण्ड निचली गंग नगर ने बताया कि सिंचाई बंधु की बैठक मंगलवार 12 मई को पूर्वान्ह 11 बजे शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुसार इटावा प्रखण्ड के प्रांगण स्थित नवीन प्रशासनिक भवन के मीटिंग हाल में कृषकों की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता शासन द्वारा मनोनीत उपाध्यक्ष अशोक दीक्षित द्वारा की जाएगी।

## रोजगार मेले का आयोजन कल

**इटावा।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल करिअर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों हेतु 11 मई को रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय पक्का तालाब में किया जा रहा है। उक्त रोजगार मेले में 6 कम्पनियां, विभिन्न रिक्तियो के साथ प्रतिभाग कर रही हैं। मेले में कक्षा 10 से स्नातक, डिप्लोमा, आईटीआई, योग्यताधारी अभ्यर्थी मेले में भाग लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते है। मेले में भाग लेने के इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी जिला सेवायोजन कार्यालय की वेबसाईट एवं नैशनल करिअर सर्विस की वेबसाईट पर ऑनलाइन जाकर अभ्यर्थी स्वयं को पंजीकृत करके मेले के ऑप्सन में जाकर ऑनलाइन आवेदन कर 11 मई को प्रात: 10 बजे परिसर जिला सेवायोजन कार्यालय में अपने बायो डाटा की कम से कम 5 प्रतियों सहित साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

## महिला को सांप ने डसा, इलाज जारी

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के गांव नगला रामसुंदर में शनिवार सुबह एक महिला को घर की गैलरी में छिपे सांप ने डस लिया। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उक्त गांव निवासी अंजली पत्नी अमन सुबह घर के अंदर से गैलरी होते हुए बाहर निकल रही थीं। इसी दौरान गैलरी में छिपे बैठे सांप पर उनका पैर पड़ गया। सांप ने उनके पैर में दो स्थान पर डस लिया। सर्पदंश के बाद अंजली चीखने लगीं। आवाज सुनकर बाहर मौजूद उनके देवर शिववीर मौके पर पहुंचे। अंजली ने उन्हें सांप के डसपे की जानकारी दी। परिजनों ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉ. वीरेन्द्र सिंह की देखरेख में महिला का उपचार किया जा रहा है।

## भूमि विवाद में युवक का सिर फोड़ा

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला इच्छा में शनिवार सुबह भूमि विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में एक युवक घायल हो गया। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि नगला इन्छा निवासी शैलेंद्र सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव में पड़ी जमीन को लेकर उसके चाचा और उनके पुत्रों से कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और विपक्षी पक्ष ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में शैलेंद्र घायल हो गया और उसके सिर में चोटें आई। पुलिस ने घायल का चिकित्सीय परीक्षण कराया है। थाना प्रभारी का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# लोक अदालत में एक लाख 36 हजार 639 मामलों का हुआ निस्तारण

## पिछली लोक अदालत के निस्तारित वादों का रिकॉर्ड भी टूटा

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लोक अदालत का आयोजन किया गया । इसमें सकल रूप से एक लाख 36 हजार 639 मामलों का निस्तारण किया गया। पिछली लोक अदालत का रिकॉर्ड भी टूट गया। इसी लोक अदालत में 22 वैवाहिक प्रकरणों का निस्तारण भी किया गया और 7 जोड़ों की एक साथ विदाई कराई गई ।



लोक अदालत का उदघाटन करते जिला जज रजत सिंह जैन। अमृत विचार

शनिवार की सुबह जिला जज रजत सिंह जैन ने इस लोक अदालत का शुभारंभ किया। पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आरती द्विवेदी ने यह बताया कि इस राष्ट्रीय लोक आदलत में न्यायिक अधिकारीगण के अतिरिक्त विभिन्न विभागों व बैंको से सम्बन्धित प्री लिटिगेशन के 1,30,331 वाद निस्तारित किए गए। इनमें 209207137 रुपये वसूल किए गए। प्री-लिटिगेशन तथा लम्बित वादों का निस्तारण करते हुए सकल रूप से 22,72,54,187 रुपये वसूल किए गए। जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन ने 3, अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम अखिलेश कुमार ने 3, विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट संजय कुमार चतुर्थ ने 3, विशेष न्यायाधीश आलोक कुमार श्रीवास्तव ने 2 और विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट अंकुर शर्मा ने 414 वादों का निस्तारण किया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ललित नारायण झा व अतिरिक्त न्यायाधीश, परिवार न्यायालय सुबोध वार्ष्णेय ने कुल 22 वैवाहिक प्रकरणों का निस्तारण किया ।

इसमें 7 जोड़ों की एक साथ विदाई कराई गई। पीठासीन अधिकारी एमएसीटी रामचन्द्र यादव प्रथम ने 26 वादों, पीठासीन अधिकारी, उपभोक्ता न्यायालय गुलाब सिंह ने 9 वाद व अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत देवेन्द्र सिंह ने एक वाद का निस्तारण किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्वनी कुमार व अन्य फौजदारी न्यायालयों ने 2542 शमनीय आपराधिक वादों का निस्तारण किया।

## भाविप ने स्टेशन पर यात्रियों को पिलाया शीतल जल

**इटावा।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा इटावा पांचाल प्रान्त उ.म. क्षेत्र -2 की महिला सदस्यों द्वारा रेल यात्रियों को शीतल जल पिलाया।

परिषद की तरफ से लगभग 30 वर्षों से रेलवे स्टेशन पर मई और जून दो महीने प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक प्रतिदिन जल सेवा जारी रहती है जिसकी प्रशंसा सभी यात्री करते हैं। यात्री भीषण गर्मी में राहत महसूस करते हैं। यह सेवा परिषद के सदस्यों और समाज सेवियों के आर्थिक सहयोग से संचालित होती है। स्टेशन पर सफ़ाई का भी ध्यान रखा जाता है। इस अवसर पर महिला सदस्य इंदु कुलश्रेष्ठ, विमलेश शर्मा, प्रीति सक्सेना, मंजू देवी आनन्द, अर्चना दुबे, मधुलिका सक्सेना,पवन श्रीवास्तव के अलावा विवेक कुलश्रेष्ठ , इन्द्र नारायण पाण्डेय, हरी शंकर त्रिपाठी, सचिव नन्द कुमार यादव, सौरभ सक्सेना शाखा गतिविधि संयोजक सेवा, रोहित, सतेन्द्र और मोनू आदि ने यात्रियों को शीतल जल पिलाया।

# फाटक बंद होते समय ट्रैक के बीच फंसीं तीन कारें

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार ।** नगर की व्यस्त रेलवे क्रॉसिंग संख्या 20-बी पर शनिवार की सुबह करीब चार बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब फाटक बंद होने के दौरान तीन कारें रेलवे ट्रैक के बीच फंस गईं। इससे वहां पर अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। गनीमत रही कि वाहन चालकों और आसपास मौजूद लोगों की सूझबूझ से हादसा टल गया। घटना के बाद कुछ देर तक दोनों ओर जाम लगा रहा। बाद में धीरे धीरे जाम समाप्त हुआ तब जाकर लोगों को राहत मिली।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रेलवे फाटक बंद होने का सायरन बजने के बाद भी कुछ वाहन चालक जल्दबाजी में क्रॉसिंग पार करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान दोनों ओर से तीन कारें ट्रैक के बीच पहुंच गईं और फाटक पूरी तरह बंद हो गया। आगे और पीछे दोनों ओर रास्ता बंद होने से कार चालक बीच ट्रैक पर ही फंस गए। उधर ट्रेन आने की सूचना से कार सवार लोगों में अफरा तफरी मच गई। रेलवे लाइन पर वाहन फंसे देख मौके पर मौजूद लोगों में हड़कम्प मच गया और उनकी धड़कनें तेज हो गईं। लोगों ने तुरंत कार चालकों को सावधानी बरतने और वाहनों को सुरक्षित निकालने के लिए आवाज लगाई। काफी मशक्कत के बाद वाहन चालकों ने आपसी समन्वय और स्थानीय लोगों की मदद से कारों को पीछे और आगे कर ट्रैक से बाहर निकाला।

स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया है कि फाटक बंद करते समय अचानक तीन कार दोनों गेट के बीच में आ गयी, जिस पर गेटमैन ने सूझबूझ दिखाते हुए गेट को खोलकर तीनों कारों को बाहर निकलवाया. जिसके बाद पुनः गेट बंद किया गया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत, पत्नी घायल

संवाददाता बसरेहर इटावा

**अमृत विचार ।** चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत फरुखाबाद मार्ग स्थित कबूली गांव के पास शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार परिवार को तेजी से आ रही बोलेरों ने सामने से टक्कर मार दी जिससे बाइक के परखचे उड़ गए। इसके बाद बोलेरो सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में दंपति व बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए पीजीआई भेजा गया जहां रास्ते में बाप बेटे की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल पत्नी का उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार मैनपुरी के कुसमरा थाना क्षेत्र के नगला बांध निवासी दिनेश पुत्र शिवपाल अपनी पत्नी नीतू और आठ वर्षीय बेटे लकी के साथ चौबिया क्षेत्र के मसनाई गांव में अरविंद के घर आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आए थे। तीनों बाइक से वापस


मृतक पिता व पुत्र ।

- **शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर जा रहे थे तभी हुआ दर्दनाक हादसा**
- **हादसे के बाद बाइक के उड़े परखचे, बोलेरो सड़क किनारे गड्ढे में गिरी**

घर लौट रहे थे। जैसे ही वह कबूली गांव के पास पहुंचे तभी चौपला की तरफ से चौबिया जा रही तेज रफ्तार बोलेरो बेकाबू होकर बाइक से भिड़ गई। हादसे में दिनेश और उनकी पत्नी नीतू व बेटा लकी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को जानकारी दी। थाना चौबिया प्रभारी महेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायल दंपति व बेटे को एम्बुलेंस से सैफई पीजीआई भेजा गया, जहां रास्ते में लकी की मौत हो गई जबकि इलाज के दौरान दिनेश की भी जान चली गई। पुलिस ने पिता और पुत्र के शवों के पंचनामे भरकर पोस्टमार्टम कराए। हादसे के बाद बोलेरो बेकाबू होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। बताया गया कि बोलेरो में सवार दो लोग मौका पाकर वाहन छोड़कर फरार हो गए।

पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक और बोलेरो को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातम का माहौल व्याप्त हो गया।

## प्रधान पर लगाया मारपीट का आरोप

**भरथना।** थाना क्षेत्र के ग्राम सालिमपुर निवासी एक बुजुर्ग ने गांव के प्रधान पर जातिसूचक गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है।

ग्राम सालिमपुर निवासी रघुवंशी दिवाकर ने थाना पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए बताया कि 8 मई की दोपहर करीब 3 बजे वह खेतों से घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के प्रधान मिले, जिसने उन्हें देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने लात-घूंसों और थप्पड़ों से मारपीट की। पीड़ित ने बताया कि मेरी उम्र करीब 70 वर्ष है आरोप है कि प्रधान ने पीड़ित को गांव से भगा देने तथा पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित के अनुसार घटना के दौरान गाँव के ही कुछ लोग मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव कराया। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# ग्रामीण ने चकरोड व नाली की पैमाइश कराने की लगाई गुहार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को थाना सिविल लाइन, थाना फ्रेण्ड्स कॉलोनी एवं थाना इकदिल पर सम्पूर्ण समाधान दिवस (थाना दिवस) के अवसर पर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनका शीघ्र निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी एवं पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

भरथना प्रतिनिधि के अनुसार थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, जिसमें कुल आठ शिकायती प्रार्थना पत्र आये, जिनमे से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस तथा राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर शिकायत के निस्तारण के आदेश दिए । थाना समाधान दिवस के दौरान नगला सुखी बिबौली निवासी रविन्द्र सिंह पुत्र मिजाजी लाल ने चकरोड व नाली की पैमाइश कराए जाने, नगला मोहन लहरोई गांव के श्याम सिंह ने अपनी भूमि की पैमाइश कराए जाने के उपरान्त आवंटन कराए जाने के सम्बन्ध में, भिलौना गांव की विमला देवी ने विपक्षियों द्वारा उनके खेतों पर लगे खम्भे तार इत्यादि जबरियां उखाड़ कर फेंक देने के सम्बन्ध में प्रार्थनापत्र दिया। कुल आठ शिकायती प्रार्थना पत्र आये जिनमे से तीन का मौके पर निस्तारण हुआ।


इकदिल थाने में लोगों की समस्याओं को सुनते एसएसपी । अमृत विचार

- **समाधान दिवस पर एसएसपी ने सिविल लाइन इकदिल थाने में सुनीं समस्याएं**

बकेवर प्रतिनिधि के अनुसार शनिवार को एएसपी ग्रामीण श्रीश चंद्र की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल आठ शिकायते आई । एएसपी ग्रामीण ने उक्त शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# ट्यूबवेल की कोठरी में नकब लगाकर सामान पार किया

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार ।** थाना क्षेत्र के गांव भैंसाई में शुक्रवार रात चोरों ने खेत में बने ट्यूबवेल के कमरे की दीवार तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी शनिवार सुबह उस समय हुई, जब किसान रोज की तरह खेत पर पहुंचे और कमरे की दीवार टूटी देखी।

कस्बा के मोहल्ला गिरधारीपुरा निवासी अवध नारायण ने बताया कि उनका खेत भैंसाई गांव में स्थित है, जहां ट्यूबवेल लगा हुआ है। शुक्रवार शाम वह रोज की तरह ट्यूबवेल का कमरा बंद कर घर लौट आए थे। शनिवार सुबह जब वह खेत पर पहुंचे तो कमरे की पिछली दीवार टूटी मिली। अंदर जाकर देखा तो चोर कमरे में लगा मोनोब्लॉक, लोहे के पाइप और


नकब दिखाता किसान ।

अन्य जरूरी सामान चोरी कर ले गए थे। चोरी के कारण खेतों की सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे किसान को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित किसान के अनुसार चोरी हुए सामान की कीमत करीब 15 हजार रुपये है। घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम 112 पर दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जिला प्रबंधक बनने पर प्रतिमा शंकर को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा से प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त हुए प्रतिमा शंकर दीक्षित को जिला उद्योग केंद्र में जिला प्रबंधक (आर.ए.एम.पी) के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर इस्लामियां इंटर कालेज में शनिवार को सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने जिला उद्योग केंद्र में जिला प्रबंधक बनने पर प्रतिमा शंकर दीक्षित का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि श्री दीक्षित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लंबित मामलों के संबंध में सभी संबंधित बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर मामलों को निपटाने का प्रयास करेंगे। श्री दीक्षित ने बैंक प्रबंधक के रूप में जो सेवाएं दीं वह सराहनीय रहीं।



जिला प्रबन्धक प्रतिमा शंकर दीक्षित का स्वागत करते गुफरान अहमद व अन्य।

इस अवसर पर कालेज के शिक्षक डा. कुश चतुर्वेदी, अरशद मलिक, जावेद खान सहित समस्त स्टाफ ने श्री दीक्षित का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। उद्योग केंद्र के जिला प्रबंधक प्रतिमा शंकर दीक्षित ने अपने स्वागत के लिए इस्लामियां कालेज के प्रधानाचार्य गुफरान अहमद सहित समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह इस्लामियां कालेज के हित में कार्य करने के लिए सदैव तैयार रहेंगे।

# नहर में डूबी किशोरी का शव दूसरे दिन बरामद

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार ।** लवेदी थाना क्षेत्र के धर्मपुरा गांव के पास भोगनीपुर नहर में नहाते समय डूबी किशोरी का शव रविवार सुबह बरामद कर लिया गया। 23 घंटे से चल रहे तलाशी अभियान के बाद एसडीआरएफ टीम को शव नहर पुल से करीब 200 मीटर दूर मिला। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

ग्राम धर्मपुरा निवासी नरेश राजपूत की 15 वर्षीय पुत्री उपासना शुक्रवार दोपहर अपनी सहेलियों के साथ खेतों पर कूड़ा डालने गई थी। बताया गया कि इसी दौरान उपासना अपनी सहेलियों निधि, दीक्षा और काजल के साथ भोगनीपुर नहर में नहाने लगी। अचानक तेज बहाव के चलते सभी किशोरियां गहरे पानी में जाने लगीं और डूबने लगीं। इसी बीच वहां से गुजर रहे गांव निवासी ओमकार सिंह ने चीख-पुकार सुनकर नहर में छलांग लगा दी। उन्होंने निधि, दीक्षा और काजल को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन उपासना तेज बहाव में बह गई।

सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल विश्वकर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गोताखोरों, एसडीआरएफ व फायर ब्रिगेड की मदद से तलाश अभियान चलाया, लेकिन शुक्रवार देर शाम तक कोई सफलता नहीं मिली। रविवार सुबह दोबारा शुरू किए गए सर्च अभियान में उपासना का शव बरामद हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

समीक्षा बैठक | डीएम ने की अभियोजन कार्यो की समीक्षा

# अपराधी समाज के लिए नासूर, भेजें जेल

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें डीएम ने अपराधियों को समाज के लिये नासूर बताते हुये कहा कि अपराधियों के प्रति कतई रहम न बरतते हुए उनके अपराध की सजा बतौर उन्हें जेल भेजा जाना बहुत जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि निर्दोष लोगो को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई इस बैठक में डीएम ने अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में वादों में पीड़ितों को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति, गिरोहबन्द व समाज विरोधी



अभियोजन के कार्यो की समीक्षा करते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला साथ में अन्य ।

क्रियाकल्प निवारण अधिनियम और महिलाओं के विरुद्ध लैंगिक अपराधों व आपराधिक वादों के निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला सम्बन्धी अपराधों, पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित मुकदमों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कानून के प्रति भय कायम करने और सजा काटने के लिये अपराधियों को जेल भेजने के लिए पुलिस और अभियोजन अधिकारी एकजुट होकर कार्य करें। गुण्डा एक्ट पर तत्काल कार्यवाही करने और लगातार अपराध करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पुलिस छोटी घटना को भी गंभीरता से लेकर तत्काल प्रभावी कार्यवाही करे। डीएम ने कहा कि चिन्हित बड़े अपराधियों को सजा दिलाना प्रशासन और अभियोजन विभाग का दायित्व है। इससे समाज में कानून के प्रति विश्वास बढ़ेगा तथा अपराधियों में भय का वातावरण बनेगा। अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी सहित फौजदारी, पाक्सो एक्ट, राजस्व, दीवानी, गैंगस्टर एक्ट, के सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मौजूद रहे।

# नदी में बहाए जा रहे ठोस अपशिष्ट को रोकें

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** डीएफओ विकास नायक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला गंगा समिति, पौधरोपण समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की।

बैठक के दौरान डीएफओ ने एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले 8-9 महीनों से केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं, जबकि एसटीपी अभी तक संचालित नहीं हो रही है और बिना शोधन का अपशिष्ट जल सीधे यमुना नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। उन्होंने नदी में बहाए जा रहे ठोस अपशिष्ट

- **डीएफओ की अध्यक्षता में हुई पौधरोपण एवं पर्यावरण समिति की बैठक**

की रोकथाम हेतु प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। नगर पालिका को यमुना किनारे फैले कूड़े-कचरे की शीघ्र सफाई कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु निकट है और यदि समय रहते सफाई नहीं हुई तो समस्त कचरा यमुना नदी में बह जाएगा। भरथना क्षेत्र के संबंध में नगर निगम के ईओ को निर्देश दिए गए कि सभी एमआरएफ केंद्रों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। पौधरोपण अभियान की समीक्षा करते हुए डीएफओ ने कहा कि सभी विभागों को लक्ष्य आवंटित कर दिए गए हैं। श्याम बचन सरोज, प्रदीप देशमणि सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पत्रकारों ने की स्व-गणना

**इटावा।** भारत सरकार की जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं आवास गणना" के अंतर्गत संचालित स्व-गणना अभियान के तहत जिला सूचना कार्यालय में मीडिया प्रतिनिधियों एवं जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारियों द्वारा स्व-गणना की गई।

स्व-गणना अभियान नागरिकों को घर बैठे अपने विवरण ऑनलाइन दर्ज कराने की सुविधा प्रदान कर रहा है, जिससे समय की बचत होने के साथ-साथ सूचनाओं की शुद्धता एवं पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। स्व-गणना के दौरान डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर संतोष कुमार शर्मा द्वारा मीडिया कर्मियों एवं कार्यालय स्टाफ को स्व-गणना प्रक्रिया की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई तथा ऑनलाइन विवरण भरने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### बेतवा नदी में पानी बढ़ने से बारियां डूबीं

**पौथिया।** पौथिया के साथ कीरतपुर, सहजना, छीटनपुर, सहुरापुर आदि गांवों के लोग बेतवा नदी के किनारे सब्जी की खेती करते हैं। समय से पहले बांध का पानी छोड़े जाने पर तीन दर्जन से अधिक लोगों की सब्जी की बारियां पानी में डूब गईं, जिससे भारी नुकसान हुआ है। पौथिया के रामेश्वर, रामवीर, राकेश, रमेश, रामबाबू, तुलसीराम, आशाराम, बीरेंद्र, रामौतार, रामकेश, परशुराम, अशोक कुमार, चन्द्रकान्त, मयंक, भूरा, रामबाबू, रामफूल, जगदीश, प्रेमकुमारी, रामप्यारी, कमला आदि ने पानी में डूबी सब्जी के मुआवजे की मांग जिलाधिकारी से की है।

### साड़ी में आग लगने से महिला गंभीर झुलसी

**कुरारा।** भौली गांव में खाना बनाते समय महिला की साड़ी में आग लगने से गंभीर रूप से झुलस गई। उसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। भौली गांव निवासी पुन्ना की पत्नी मुन्नी देवी (55) शनिवार को सुबह करीब 11 बजे घर में खाना बना रही थी। इस दौरान उसकी साड़ी में आग लग गई। शोर मचाने पर पड़ोसियों ने आग बुझाई। उसे उपचार के लिए सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

### बाइक से गिरने पर महिला गंभीर घायल

**कुरारा।** क्षेत्र के भटपुरा निवासी मनीषा (34) पत्नी अनिल शनिवार को सुबह 9 बजे बाइक में बैठकर कस्बे आ रही थी तभी कुरारा भौली मार्ग में शेखूपुर रघवा गांव के बीच मैदाने बाबा के पास ट्रैक्टर को ओवरटेक करते समय महिला बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद महिला की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

### शराबी पति ने मारपीट कर घर से निकाला

**बिवांर।** थानाक्षेत्र के बांधुर बुजुर्ग गांव निवासी गीता पत्नी अर्जुन प्रजापति की शादी 9 साल पहले लरौंद गांव के गोपाल पुत्र गुरुचरण के साथ हुई थी। पति शराब पीने का आदी है पत्नी के साथ आए दिन मारपीट करता चला आ रहा है। साथ ही ससुर गुरुचरण, सास भगवन, जेठानी तुलसा भी परेशान करते है। पति ससुरालीजनों के कहने पर मारपीट करता है। पहले भी मारपीट करने पर वह काफी समय तक मायके में बनी रही। पति के कहने पर 15 दिन पहले ससुराल गई थी। बीते 7 मई को पति ने शराब के नशे में लाठी से जमकर मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पति से महिला भयभीत होकर अपने माता पिता के साथ मायके चली आई। महिला ने पति के साथ ससुरालीजनों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि महिला की तहरीर पर जांच का कार्य कर उसके पति व ससुरालीजनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बजरंग आश्रम के संत के निधन पर शोक

**मौदहा।** कपसा मार्ग स्थित सिजनौडा बजरंग धाम आश्रम के वयोवृद्ध संत के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर है। संत श्री श्री 108 महेशदास जी महाराज (75) कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उन्हें कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने शनिवार को आखरी सांस ली। उनके निधन का समाचार सुनकर लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग आश्रम में एकत्र हुए, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। आश्रम के महंत श्री श्री 108 रघुनंदन दास जी ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस मौके पर दूर दराज से आए संतों व महंतों सहित जनमानस की भीड़ एकत्र रही।

### पांच शिकायतों में से एक का निस्तारण

**राठ।** कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम अभिमन्यु कुमार व सीओ राजीव प्रताप सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनीं। सीओ ने कोतवाल अनूप सिंह व हल्का इंचार्ज को अतरौलिया में मकान बनाने को लेकर हुए विवाद और बसेला गांव में झिन्ना बीरा गांव के दूल्हे की पिटाई करने वालों शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। कोतवाली प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि पांच शिकायतों में एक का निस्तारण करा दिया गया है। अन्य शिकायतों की जांच कराई जा रही है। यहां नगर पालिका ईओ राजेश कुमार वर्मा, राजस्व निरीक्षक रहे।

## नाव हादसे में छह लोगों की मौत के बाद यमुना नदी में पुल निर्माण की एक बार फिर उठी आवाज

# मौत का खौफ, फिर भी नाव पर टिकी कछार की जिंदगी

**जनता की आवाज**

- जान जोखिम में डालकर प्रतिदिन नावों से जाते-आते छात्र-छात्राएं
- विधायक ने सदन में भी उठाया मुद्दा, मगर नहीं हुई कोई पहल

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के भौली, कोतुपुर पटिया, जमरेही, शेखुपुर, जलाला, बचरौली आदि गांवों के छात्र-छात्राएं यमुना नदी के उस पार कोटरा मकरंदपुर गांव में छात्रपति शाहूजी महाराज डिग्री कॉलेज व आदर्श इंटर कॉलेज पढ़ने जाते हैं। सभी छात्र-छात्राएं नाव का सहारा लेकर इस पार से उस पार आते-जाते हैं। कोतुपुर पटिया में नाव हादसे में 6 लोगों की मौत के बाद छात्र-छात्राओं में डर का माहौल है। यहां एक बार फिर यमुना नदी में पुल बनाने की मांग उठने लगी है।

वर्ष 2024 में पटिया गांव में यज्ञ और मेला का भव्य आयोजन हुआ था, जिसमें कोटरा मकरंदपुर गांव से 8 लोग नाव में बैठकर पटिया गांव आ रहे थे, तभी नाव का संतुलन बिगड़ जाने से सभी लोग यमुना नदी में डूब गए थे। हालांकि पटिया गांव के लोगों ने नदी में छलांग लगाकर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया था।



नाव में बैठकर नदी पार करना मजबूरी बन गई है। अमृत विचार

इसी प्रकार क्षेत्र के बेरी गांव की बेतवा नदी में वर्ष 2004 में जलालापुर की तरफ से लोगों को बैठाकर आ रही नाव के डूब जाने से पांच लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक और मंत्री से पुल बनवाने की गुहार लगाई थी, लेकिन अभी तक कोई हल नहीं निकला। इस मामले को सदर विधायक मनोज कुमार प्रजापति ने सदन में भी उठाया था, मगर कुछ नहीं हुआ।

### 30-40 किलोमीटर का चक्कर लगाते हैं



- भौली गांव के अजय सिंह ने बताया कि 1980 में पटिया घाट की नीलामी जिला परिषद द्वारा कराई जाती थी। दर्जनों गांवों के लोग नाव से आवागमन करते थे। नाव का ठेका नहीं होने पर अब घाटमपुर, कानपुर जाने वाले 30- 40 किलोमीटर का चक्कर काटते हुए हमीरपुर होकर कानपुर व घाटमपुर के लिए जाते हैं।

### रोज पार करते नदी



- भौली गांव के पवन चौहान कोटरा मकरंदपुर के छात्रपति शाहूजी महाराज डिग्री कॉलेज में बीए फाइनल ईयर का छात्र है। यमुना नदी में पुल न बनने की वजह से वह रोज जान जोखिम में डालकर नाव से नदी पार करता है। पवन ने बताया कि भटपुरा, जमरेहीतीर, भौली, पटिया, कोतुपुर आदि गांवों के छात्र-छात्राएं भी नाव से ही विद्यालय आते-जाते हैं।

### रोजी-रोटी का संकट



- कोतुपुर पटिया के राजकरण निषाद ने बताया कि रोजी रोटी के लिए यमुना में बारी लगाते है। जान जोखिम में डालकर आते जाते हैं। अगर पुल बन जाए तो वह अपनी सब्जियां बाहर ले जाकर अच्छे दामों में बेच सकेंगे। पुल के लिए विधायक व जिला स्तरीय अधिकारियों से कई बार अपील कर चुके हैं, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा।

# आजमगढ़ में प्रसूताओं से वसूली में रुकी वेतन वृद्धि

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- जिला महिला अस्पताल में तैनात डॉ.लालमणि त्रिपाठी पर कार्रवाई
- स्वास्थ्य मंत्री ने एक्स पर 3 वेतन वृद्धि रोकने की जानकारी दी

**अमृत विचार।** आजमगढ़ में तैनाती के दौरान प्रसूताओं से प्रसव के नाम पर वसूली करने और अभद्रता से पेश आने वाले डॉक्टर के विरुद्ध स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने तीन वेतन वृद्धि रोकने की कार्रवाई की है, जिससे यहां डॉक्टरों के बीच हड़कंप मच गया है। आरोपी डॉक्टर वर्तमान समय में जिला महिला अस्पताल में तैनात हैं। इनके विरुद्ध यहां भी लगातार ऐसे ही शिकायतें हो रही हैं।

प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने एक्स एकाउंट में की गई पोस्ट में लिखा है कि जिला महिला अस्पताल हमीरपुर में तैनात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.लालमणि त्रिपाठी द्वारा आजमगढ़ में तैनाती के दौरान प्रसूताओं से वसूली एवं अभद्रता करने एवं उच्च आदेशों की अवहेलना किए जाने के दोष में तीन वेतन वृद्धियां स्थाई रूप से रोकते हुए परिनिंदा का दंड दिया गया है। उन्होंने यह भी लिखा है कि सरकार प्रदेशवासियों को बेहतर, सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्यरत है। जनमानस से अवैध वसूली एवं अभद्रता कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, ऐसा करने वाले दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक की इस पोस्ट के बाद यहां स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। जिला महिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.केके मिश्रा ने बताया कि अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉ.लालमणि त्रिपाठी आजमगढ़ से यहां स्थानांतरित होकर आए हैं। उन्होंने सितंबर 2025 में जिला महिला अस्पताल में ज्वाइन किया था। उन्हें भी सोशल मीडिया के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री की पोस्ट की जानकारी हुई है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अभी तक शासन की ओर से उनके पास कार्रवाई का कोई लिखित आदेश नहीं आया है।

# कार सवार युवकों ने युवती का किया अपहरण, दो नामजद

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- एफआईआर दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस
- कानपुर नगर के रहने वाले हैं दोनों आरोपी, पुलिस तलाश कर रही

**अमृत विचार।** बाजार से ज्वैलरी खरीदने गई युवती को दो युवकों ने कार से अगवा कर लिया। युवती एक लाख रुपये नकद और दो सोने की चेन लिए थी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कस्बे के हैदरिया मोहल्ले के रहने वाले इस्लाम खां ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 4 मई की शाम उसकी पुत्री मन्तशा बाजार गई थी, तभी सुनारों वाली गली में केडीए कॉलोनी कानपुर निवासी नवनीत सिंह यादव और उसके सीथी अंकित ने उसकी बेटी को जबरदस्ती चार पहिया वाहन संख्या यूपी 78 जेसी 4799 में मुंह दबाकर डाल लिया और अपहरण कर ले गए। पीड़ित ने बताया कि दोनों युवकों के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज और मोबाइल लोकेशन उसके पास हैं।

पीड़ित ने बताया कि बेटी जिस समय बेटी को अगवा किया गया, वह दो सोने की चेन और एक लाख रुपये नकद लिए थी। पीड़ित ने पुत्री की हत्या की आशंका जताई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी चंद्रशेखर गौतम ने बताया कि पिता की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे आदि खंगाले जा रहे हैं। शीघ्र युवती को बरामद कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### घर में पथराव के बाद युवती के साथ अभद्रता

- **राठ।** कोतवाली क्षेत्र के बड़ा गांव की धनकुंअर ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 5 दिन पहले झगड़े को लेकर उसके परिवार के ही आधा दर्जन लोगों ने उसके घर में पथराव करते हुए गालीगलौज की और पुत्री के साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## शराबी ने पीएचसी में हंगामा काटा

**बिवांर।** पीएचसी में बिना पर्चा के दवा देने का दबाव बना रहे शराबी युवक ने कर्मियों के साथ अभद्रता करते हुए हंगामा किया। ओपीडी रजिस्टर की छीना-झपटी की। फार्मासिस्ट ने युवक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

पीएचसी में तैनात फार्मासिस्ट जयवीर सिंह ने तहरीर में बताया कि दोपहर एक बजे कस्बे के रजमल मोहल्ला निवासी युवक शराब के नशे में आया और बिना पर्चा बनवाए दवा देने का दबाव डालने लगा। पर्चा बनवाने की बात कहने पर अभद्रता करते हुए हंगामा करने लगा। ओपीडी रजिस्टर को छीनने लगा। हंगामा होने पर कई मरीज वापस लौट गए। फार्मासिस्ट ने बताया कि युवक आए दिन शराब के नशे में आकर परेशान करता है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# चौड़ीकरण शुरू होने के बाद बांदा रोड पर रोज जाम में जूझते हैं लोग

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के मध्य से गुजरे स्टेट हाईवे बांदा पैलानी तिंदवारी मार्ग का चौड़ीकरण होने के उपरांत जाम की समस्या से निजात नहीं मिल रही है। देवगांव चौराहा से लेकर बस स्टॉप तक दुकानदारों के सामान को सड़क में फैला देने से पूरे दिन जाम का झाम बना रहता है। सर्वाधिक परेशानी स्कूली बच्चों के साथ राहगीरों को हो रही है।

स्टेट हाईवे बांदा तिंदवारी मार्ग कस्बे के मध्य से गुजरा है। अभी कुछ दिन पूर्व ही इस सड़क का चौड़ीकरण किया गया है। अभी चौड़ीकरण का कार्य भी पूर्ण नहीं हुआ है। बस स्टॉप से देवगांव चौराहा तक दोनों तरफ डामरीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है सड़क चौड़ी हो गई है। इसके बाद यह हिस्सा दिनभर जाम से जूझता है इसका सबसे बड़ा कारण मार्ग किनारे दुकानदार है। यह दुकानों का सामान डामरीकरण के ऊपर रखकर अतिक्रमण कर लेते हैं। शनिवार को दोपहर 12:00 बजे देवगांव चौराहा में भीषण जाम लगा था। जाम से स्कूली वाहनों के साथ सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन फंसे हुए थे। देवगांव चौराहा में ट्रैफिक पुलिस भी नहीं रहती है। इससे जाम की स्थिति हमेशा बेकाबू हो जाती है और राहगीरों को घंटो हलाकान होना पड़ता है।



बांदा रोड पर शनिवार को भी जाम में फंसे रहे वाहन। अमृत विचार

# कॉलेज के तालाब में गिरता सीवर का पानी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के रहमानिया इंटर कॉलेज के प्रबंधक ने विद्यालय के इलाही तालाब में गिर रहे सीवर के गंदे पानी और तालाब की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर नगर पालिका परिषद से कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कॉलेज प्रबंधक जकी अहमद खान द्वारा अधिशासी अधिकारी एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष को पत्र भेजा है।

पत्र में बताया गया कि स्टेशन रोड के उत्तर दिशा में स्थित रहमानिया कालेज का इलाही तालाब सार्वजनिक उपयोग का प्रमुख जल स्रोत है, जिसका उपयोग मछली पालन, नहाने-धोने तथा पशुओं को पानी पिलाने में किया जाता है। कालेज ने आरोप लगाते हुए कहा की तालाब के किनारे बने कई मकानों के सेप्टिक टैंकों का गंदा पानी सीधे तालाब में छोड़ा जा रहा है, जिससे जल प्रदूषण बढ़ रहा है और तालाब का पानी दूषित हो रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी कहा कि तालाब की भूमि पर समय-समय पर अवैध अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किए जाते हैं। इस मामले में नगर पालिका से गंदे पानी की निकासी रोकने तथा तालाब की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।



इलाही तालाब से उठ रही बदबू।

# महाराणा प्रताप का शौर्य याद आया

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे केएसडी पैलेस में महाराणा प्रताप जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया। महाराणा प्रताप जन कल्याण समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट स्थिति राजेश सिंह सेंगर सदस्य गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता से नारायन तिवारी ने किया

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य गौ सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह ने कहा कि हमें महापुरुषों के पद चिन्हों पर चलना होगा और उनसे प्रेरणा लेकर के राष्ट्र सेवा के लिए आगे आए। लोगों को महाराणा प्रताप से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़े। इस अवसर पर डॉ.देव सिंह ,महेश सिंह चौहान प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर, समाज सेवी शिवनारायण तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का ।संचालन रावेंद्र सिंह (संतू सिंह) ने किया ।इस अवसर पर संतोष सिंह प्रधान जल्ला, राजेश सिंह पुर प्रधान बेरी, डॉ बलवान सिंह गौर, पप्पू सिंह सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।




जयंती समारोह में मौजूद विशिष्ट अतिथि व अन्य लोग। अमृत विचार

### महाराणा प्रताप के योगदान का गुणगान

- **सुमेरपुर।** वर्णिता संस्था द्वारा शुक्रवार को विमर्श विविधा कार्यक्रम के अंतर्गत शूरवीर महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने कहा कि महाराणा प्रताप मां भारती के सच्चे समर्पित वीर थे, जिनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को कुम्भलगढ़ दुर्ग में उदयसिंह एवं माता रानी कुंवर के घर हुआ था। वे प्रारंभ से ही राष्ट्रवादी विचारों के थे और उन्होंने मुगलों से कई युद्ध लड़े। वर्ष 1576 का हल्दीघाटी युद्ध इतिहास में विशेष रूप से प्रसिद्ध है। कार्यक्रम में बाबूलाल, पंकज सिंह, सागर, महावीर प्रजापति, रामनारायण सोनकर, रामबाबू, रिचा, भोलू सिंह, कमलेश सोनकर, सतेन्द्र व अजय गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# घर में सो रहे बच्चों पर बंदरों ने किया हमला

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- कमरे में घुसकर हमला करने से परिवार में मचा हड़कंप
- परिवार वालों ने दोनों बच्चों का अस्पताल में कराया इलाज

**अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला पूर्वी तरौस स्थित छोटा अलाव के पास शनिवार सुबह बंदरों के आतंक का खौफनाक नजारा देखने को मिला। कमरे में सो रहे दो मासूम बच्चों पर अचानक बंदरों ने हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई।

कस्बे के पूर्वी तरौस निवासी मुशीरउद्दीन की 9 वर्षीय पुत्री मरियम परवीन और 5 वर्षीय पुत्र मोहम्मद हुसैन घर के कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान अचानक बंदरों का झुंड घर में घुस आया और दोनों बच्चों को काटकर घायल कर दिया। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर परिजन दौड़ कर मौके पर पहुंचे और किसी तरह बंदरों को भगाया। घटना के तुरंत बाद परिजन दोनों बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज कराया गया। बच्चों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।

कस्बे में लगातार बढ़ रहे बंदरों के आतंक से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बंदरों का झुंड आए दिन घरों में घुसकर हमला कर रहा है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। लोग हर समय भयभीत रहते हैं। लोगों ने प्रशासन से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

## धर्म-अध्यात्म

### करहिया के महेश्वरी देवी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा की अमृत वर्षा

# रामायण सिखाती आदर्श जीवन जीने की कला

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** करहिया गांव के महेश्वरी देवी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को कथा व्यास राधिका द्विवेदी ने कहा कि जीवन जीना सीखना है तो श्री रामायण से सीखो और मरना सीखना है तो भागवत गीता से सीखो। त्रिवेणी संगम में गंगा, जमुना, सरस्वती का मिलन होता है। मिलन में गंगा जमुना तो दिखाई देती हैं, लेकिन सरस्वती को कोई नहीं देख पाता, सरस्वती को देखने के लिए कई बार प्रयास करने पड़ते हैं लेकिन सफलता नहीं मिलती।

इसी तरह गीता में विज्ञान, वैराग्य और भक्ति है, लेकिन विज्ञान और वैराग्य तो दिखाई देता है लेकिन भक्ति नहीं दिखाई देती, भक्ति को देखने के लिए लीन होना पड़ता है। इसके अलावा व्यास नारद संवाद परीक्षित जन्म वक्ता के दस लक्षण, रसिका भूवि भाविका, कुंती चरित्र, विदुर मैत्री प्रसंग की कथा श्रवण कराई। इस मौके पर परीक्षित बने बिन्दी देवी व सुक्खी प्रजापति सहित गांव के बच्चा, बतासवा, पप्पू, डॉ.मुन्नीलाल, बच्चू, रामप्रसाद, कल्लू, पिन्टू, हीरालाल, लल्लू, राजू, सहित सैकड़ों श्रोताओं ने कथा का आनंद लिया।



सरीला में कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। अमृत विचार

सरीला प्रतिनिधि के अनुसार चंडौत गांव के मेला परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन पं.पवन कृष्ण महाराज ने भगवान के 24 अवतारों का वर्णन सुनाया और उनके जीवन में भक्ति के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित कैसे प्यास बुझाने के लिए वन में शमीक ऋषि के पास पहुंचे जो समाधि में थे। राजा ने अपमानित महसूस कर एक मृत सांप ऋषि के गले में डाल दिया। जब ऋषि के पुत्र शृंगी को यह पता चला तो उन्होंने शाप दिया कि सातवें दिन तक्षक सर्प आकर राजा को भस्म कर देगा।

# हाईस्कूल-इंटर के मेधावी सम्मानित

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान हुआ। मुख्य अतिथि सरीला एसडीएम एवं थाना प्रभारी ने मेधावियों को सम्मानित किया।

दीनदयाल इंटर कालेज चिकासी में आयोजित सम्मान समारोह में एसडीएम राजकुमार गुप्ता एवं चिकासी थाना प्रभारी मयंक चंदेल ने मेधावी नीतेश 92, विपिन राजपूत 90, प्रिंस 89.2, खेमचंद्र 89, आदित्य राजपूत 89, निखिल राजपूत 88, देवांश गुप्ता 88, यशेंद्र सिंह 87.4, राज राजपूत 87, सक्षम मिश्रा 87, दिव्यांश 86.3, आदित्य यादव 86.3 बच्चों को फूल माला व मेडल पहना कर उन्हें डायरी पेन देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य रघुवीर शरण अंकलजी ने मेधावी बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। इस मौके पर मुख्य अतिथि एसडीएम ने कहा कि छात्र छात्राएं अपना लक्ष्य निर्धारित करें। इसके लिए उन्होंने डायरी में अपने लक्ष्य और उसके लिए किए जाने वाले प्रयासों को लिखने के लिए प्रेरित किया। चिकासी थाना प्रभारी मयंक चंदेल ने बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क रहता है और स्वस्थ मस्तिष्क लगन से ही बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। सम्मान समारोह के दौरान स्कूल के संस्थापक जगदीश शरण गुरूजी समेत सभी शिक्षक मौजूद रहे।



मेधावी बच्चों को सम्मानित करते एसडीएम राजकुमार गुप्ता। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### ग्रामीण के बीस हजार निकाल भागे तीन युवक

**महोबा।** श्रीनगर कस्बे में एक दुकान में बैठे शख्स की जेब से एक किशोर ने 20 हजार रुपये निकाल लिया और अपने साथियों के साथ बाइक पर बैठक फरार हो गया। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। चितैया निवासी प्रताप सिंह यादव गोली गुप्ता सेठ की दुकान पर बैठे थे, तभी एक किशोर आया और उनकी जेब से 20 हजार रुपए निकाल लिया। करीब 100 मीटर दूर सडक पर खड़े उसके दो साथी के साथ बाइक पर सवार होकर मौके से फरार गए। पीड़ित ने प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज और बाइक नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस ने दावा किया है कि तीनों आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### तीन वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने पकड़ा

**कुलपहाड़।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड के नेतृत्व में चलाए जा रहे रोकथाम जुर्म जरायम, तलाश वांछित वारंटी अभियान के अंतर्गत थाना कुलपहाड़ प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह मय हमराही हेड कांस्टेबल सुमित कुमार, कांस्टेबल दिनेश कुमार सिंह, शैलेश कुमार पांडेय ने वारंटी अभियुक्तगण सुम्मी उर्फ सुम्मा (57) पुत्र स्व. पोटा प्रजापति, धूराम अहिरवार (56) पुत्र लोटन, मुन्ना अहिरवार (54) पुत्र कल्लू निवासीगण गांव सेला खालसा कोउनके गांव से गिरफ्तार किया गया है।

### शिकायतकर्ताओं की धनराशि वापस कराई

**महोबा।** अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी साइबर गौरव उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में जिले में साइबर अपराधों की रोकथाम व पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने के लिए साइबर क्राइम पुलिस थाना के नेतृत्व में निरन्तर प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न शिकायतकर्ताओं ने अपने साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिन पर साइबर क्राइम पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की। सदर कोतवाली में आवेदक दौलत सिंह पुत्र जगत प्रसाद ने दर्ज शिकायत में कार्रवाई करते हुए 80 हजार रुपये की धनराशि वापस कराई गई। आवेदक तारिक मंसूरी पुत्र रहमत, सदर कोतवाली की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए 65 हजार रुपये की धनराशि वापस कराई गई। इसी प्रकार अन्य शिकायतकर्ता से 187000 रुपये की धनराशि वापस कर्रा गई। अपनी-अपनी धनराशि वापस प्राप्त होने पर सभी शिकायतकर्ताओं द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा साइबर क्राइम थाना पर उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद पत्र प्रदान किया गया।

### सूने घर में लगी आग से गृहस्थी राख

**कालपी जालौन।** कुल्फी बेचने गैर प्रान्त गये व्यक्ति के बन्द पड़े घर में आग लग गयी। इससे उसका लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर खाक हो गया है। नगर के कुछ मुहल्लो से प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोग दूसरे प्रांतों में कुल्फी बेचने जाते हैं और कई माह तक वहीं रहते हैं। इस दौरान उनके घर बंद पड़े रहते हैं। इसी कारोबार के सिलसिले में रामचबूतरा निवासी हामिद भी गत माह परिवार समेत दिल्ली गया है। लेकिन शुक्रवार सुबह पड़ोस में रहने वाले भाई की लड़की ने देखा तो कि वहां पर सब कुछ जलकर खाक हो गया है। पड़ोस में रहने वाले भाई शाहिद की माने तो यह आग शार्ट सर्किट से लगी है जिसके चलते घर में रखे सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों फ्रिज, वाशिंग मशीन, एलईडी के साथ बाईक, ई रिक्शा, सोफा समेत सारी गृहस्थी का सामान समेत अन्य सामान भी जलकर खाक हो गया है। मामले की जानकारी पीड़ित परिवार को दे दी गई है।

### महिला पर आरोप लगा युवक हुआ लापता

**कालपी (जालौन)।** छेड़खानी के आरोप और पुलिस की कार्यवाही से आहत युवक का आत्महत्या किये जाने की बात कहते वीडियो वायरल होने के बाद उसके गायब हो जाने से पुलिस प्रशासन सकते में है। शुक्रवार से पुलिस टीम उसे खोज रही है लेकिन अभीतक उसका पता नहीं चला है। शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक ने भी कदौरा पहुंचकर मामले की जानकारी ली है। वीडियो में उसने अपनी जिंदगी खराब करने की जिम्मेदारी पुलिस और आरोप लगाने वाली महिला को दी है।

## प्रधानों ने कार्यकाल बढ़ाने की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत चुनाव की तिथि घोषित न होने से नाराज प्रधानों ने राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के बैनर तले चरखारी ब्लाक में एकत्र होकर विरोध जताया और मुख्यमंत्री के नाम एडीओ पंचायत को ज्ञापन सौंपकर कार्यकाल बढाने की मांग की।

ज्ञापन में राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने बताया कि प्रदेश में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 26 मई को समाप्त होने जा रहा है, लेकिन शासन ने अभी तक चुनाव की घोषणा नहीं की है। चुनाव की घोषणा न किए जाने से गांवों का विकास कार्य और आम जन मानस के हित प्रभावित हो रहे है। प्रधान संगठन के ब्लाक अध्यक्ष जगदेव पटेल ने बताया कि यदि पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो पा रहे हैं तो गांवों में विकास कार्य अवरुद्ध हो जायेंगे, जिससे लोगों को तमाम तरह की समस्याओं का सामना कर सकता है। ज्ञापन में मांग की गई कि मनरेगा के पक्के कार्यों का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है जिसका भुगतान अविलम्ब कराया जाए साथ ही 2026-2027 की कार्य योजना बनाई जाये, जिससे गांवों में विकास निर्बाध रूप चल सके और वर्तमान प्रधान को ही प्रशासक नियुक्त किया जाये या फिर उनका कार्यकाल बढ़ाया जाए। इस मौके पर बालकिशन अहिरवार, नन्दराम सेन, खलक सिंह, ज्ञानसिंह, प्रधान प्रतिनिधि रवेन्द्र, मनोज कुमार, किशुन कुशवाहा, काशी प्रसाद, भान सिंह, वर्षा रानी, चंदी, श्यामकरण, गायत्री देवी, ब्रजगोपाल आदि प्रधान और प्रतिनिधि मौजूद रहे।



शनिवार को चरखारी ब्लाक में एकत्र हुए प्रधानों ने मांग उठाई। अमृत विचार

## धूप ने दिखाए तेवर, पारा 40 .5 के पार

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- बारिश के बाद तल्ख धूप निकलने से लोगों का बुरा हाल
- दोपहर के समय शहर की सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

**03** दिन से लगातार बढ़ रहा अधिकतम तापमान

**अमृत विचार।** मई माह में बारिश के बाद अचानक तीन दिनों से निकल रही तेज धूप और गर्मी ने अब तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। गर्मी से लोगों का बुरा हाल है आसमान से आग उगल रही सूरज की किरणों ने आम आदमी को घरों में कैद कर दिया है। तेज धूप निकलने के साथ ही पारा 40.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है, जिससे कूलर-पंखों ने गर्म हवा देना शुरू कर दिया है। तेज धूप के चलते दिन में 12 बजे से ही सड़कों और बाजरों में सन्नाटा छा जाता है।

इस साल मार्च माह में कई बार बारिश हो जाने और ठंडी हवाएं चलने से इस साल गर्मी देर से शुरू हुई, लेकिन अप्रैल माह में गर्मी ने लोगों को जीना दुश्वार कर दिया था। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में तापमान भी 45 डिग्री पहुंच गया था, लेकिन माई के पहले सप्ताह में हुई तेज बारिश के बाद मौसम पारा लुड़क गया था। अब तीन दिन से निकल रही तेज धूप के चलते गर्मी पूरे सबाब पर पहुंच गई है। तेज धूप और आसमान से उगल रही आग के चलते स्कूल जाने वाले बच्चों का दोपहर में लौटते समय बुरा हाल होता है। धूप से बचाव के लिए कुछ बच्चे सिर पर तैलिया डालकर निकलते हैं तो कुछ बच्चियां सिर पर दुपट्टे की छाया करके स्कूल से घर जाती हैं। वहीं कुछ छात्र छात्राएं बिना दुपट्टे और तौलिया डाले तेज धूप में घर पहुंचते हैं। तेज धूप के साथ लू के थपेड़ों और गर्म हवाओं से आम लोगों का बुरा हाल है। जरूरत पड़ने पर लोग सिर पर कैप और तौलियां बांधकर निकलते थे, जबकि महिलाएं पूरी तरह मुंह को ढक कर सड़कों पर निकल रही है।



सिर पर स्टाल बांधकर निकलीं युवतियां। अमृत विचार

# कीरत सागर के पास जल्द बनेगा इंटरलॉकिंग फुटपाथ

### सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने फुटपाथ निर्माण का भूमि पूजन कर किया शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- उपकेंद्र से प्राइमरी विद्यालय तक खनिज निधि से बनेगा फुटपाथ
- फुटपाथ से मॉर्निंग वाकर्स के साथ स्कूली बच्चों को होगी सहूलियत

**अमृत विचार।** शहर के ऐतिहासिक और पर्यटन स्थल कीरत सागर को आधुनिक जनसुविधाओं से परिपूर्ण किए जाने को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत कीरत सागर के समीप पावर हाउस से प्राइमरी स्कूल आलमपुरा तक पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ का निर्माण कराया जा रहा है। शनिवार को सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने फुटपाथ निर्माण कार्य का विधि विधान के साथ भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।

सदर विधायक ने खनिज न्यास निधि के अन्तर्गत कीरत सागर बंधा के नीचे स्थित पावर हाउस से लेकर प्राइमरी स्कूल आलमपुरा तक पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए इंटरलॉकिंग रोड और फुटपाथ निर्माण कार्य का विधि विधान से भूमि पूजन और शिलान्यास करने के बाद कहा कि फुटपाथ निर्माण से क्षेत्रवासियों, स्कूली बच्चों और आम लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता जिले के हर कोने का बेहतर बुनियादी सुविधाओं से जोड़ना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जनपद में चहुंमुखी विकास हो रहा है।

विधायक ने बताया कि कीरत सागर क्षेत्र में फुटपाथ की मांग काफी समय से की जा रही थी, जिसका निर्माण होने के बाद जहां पैदल चलने वाले राहगीरों, बच्चों को सुरक्षा मिलेगी, वहीं शहर के सौन्दर्यीकरण में भी चार चांद लगाएगा। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष सन्तोष चैरसिया ने कहा कि नगर पालिका परिषद स्मार्ट सिटी की अवधारणा पर काम कर रही है, जिसका मुख्य लक्ष्य नगर की अंतिम गली तक बुनियादी सुविधाओं को पहुंचाना है। इसी क्रम में कीरत सागर और आलमपुरा क्षेत्र में फुटपाथ कार्य को अमली जामा पहनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कहा हम केवल सड़कों का निर्माण नहीं कर रहे हैं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा के लिए सुव्यवस्थित फुटपाथ, नाला नालियों, पार्क आदि का निर्माण करा रहे हैं और मार्ग की प्रकाश व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। कार्यक्रम में ईओ अवधेश कुमार के साथ नगर पालिका सभासद, ठेकेदार, गणमान्य लोग मौजूद रहे।



फुटपाथ निर्माण के लिए भूमि पूजन करते सदर विधायक। अमृत विचार

## महज औपचारिकता में निपटा समाधान दिवस

**कालपी (जालौन)।** कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस महज औपचारिकता साबित हुआ। प्रभारी अधिकारी की नामौजूदगी के चलते किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

शासन ने जनता की जमीन सम्बन्धित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए माह के द्वितीय और चतुर्थ शनिवार को थाना स्तर पर समाधान दिवस के आयोजन की शुरुआत की है, जिसमें राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के जिम्मेदार मिलकर समाधान करने की कोशिश करते हैं और इस दिवस में महेवा खण्ड विकास अधिकारी अरुण सिंह को समस्याओं को सुनना था लेकिन वह मौजूद नहीं रहे, जिससे समस्याएं तो आईं पर किसी का भी समाधान नहीं हो सका। महज कोतवाली प्रभारी और राजस्व निरीक्षक ने समस्याओं का पंजीकरण कर फरियादियों को निस्तारण का भरोसा दिया है। वहीं समाधान दिवस के दौरान प्रभारी की नामौजूदगी के बारे में एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस मामले में वीडीओ महेवा से जवाब मांगा जाएगा।

## इंटर की छात्रा ने फंदा लगाकर खुदकुशी की

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- खरेला कस्बे की घटना, पुलिस जांच-पड़ताल करने में जुटी

**अमृत विचार।** खरेला के रायसिंह मोहल्ले में घर सूना पाकर कक्षा 12 की छात्रा ने मां की साड़ी को गले में फांसी का फंदा लगाकर कच्चे घर के लट्ठे से झूल गई, जिससे उसकी मौत हो गई। मां बकरियां चराने के बाद घर पहुंची और बेटी को फांसी पर झूलता देख चीखने चिल्लाने लगी। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मिथलेश।

खरेला क रायसिंह मोहल्ला निवासी रमेशचंद्र अहिरवार दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। खरेला में उसकी पत्नी माया, बेटा दयाशंकर और बेटी मिथलेश रहती थी। महोबा कोतवाली के प्रेमनगर गांव में एक शादी समारोह में शादी समारोह में शामिल होने के लिए दयाशंकर गया हुआ था और उसकी मां बकरियों चराने के लिए गई। घर पर मिथलेश (18) अकेली थी, तभी उसने मां की साडी से गले में फंदा डालकर लट्ठे में झूल गई। घर पहुंचने पर मां ने इसकी सूचना अपने बेटे को दी। बेटे ने मोहल्ले वासियों के साथ पुलिस को घटना की जानकारी दी।

थाना प्रभारी निरीक्षण खरेला नन्हेलाल यादव ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान घटना स्थल पर टूटी चूड़ियां और श्रृंगारदान खुला पाया गया। पुलिस इस घटना को संदिग्ध मानते हुए जाचं पड़ताल में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि घटना स्थल पर मृतका का मोबाइल मिला है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कुछ बताया जा सकता है। जवान बेटी की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## रामसजीवन और बालेंद्र में मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन चुनाव में नाम वापसी के बाद अब अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशियों में सीधा मुकाबला होगा। अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशियों ने अपने-अपने पक्ष में हवा बनाने के लिए प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है। कचहरी के अलावा प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ घर-घर जाकर अधिवक्ताओं से संपर्क कर रहे हैं, जिससे चुनावी माहौल गरम हो गया है। आरक्षण प्रक्रिया के तहत विभिन्न पदों पर चुनाव मैदान में उतरीं महिलाएं निर्विरोध निर्वाचित हो गई हैं।

15 मई को होने वाले बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर अब गहमा गहमी तेज हो गई है। सुबह आठ बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू होने के बाद तीन बजे तक संपन्न होगी। मतदान के बाद 15 मई को ही मतगणना शुरू होगी और मतगणना के बाद देर शाम को चुनाव परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे। बार चुनाव को लेकर संभावित प्रत्याशियों मे खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। आज कल कचहरी में अधिवक्ता प्रत्याशियों के बस्तों पर खासी भीड़ जुट रही है और मतदाताओं को चाय नाश्ता कराया जा रहा है। निर्वाचन अधिकारी केशव शुक्ला, सहायक निर्वाचन अधिकारी कामता प्रसाद और कृष्ण गोपाल द्विवेदी की देखरेख में चुनाव संपन्न कराया जाएगा। अध्यक्ष पद पर राम सजीवन और बालेंद्र कुमार पाराशर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर काशीराम राजपूत, विशोक कुमार, महामंत्री पद पर बल्देव प्रसाद रैकवार, राजेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर मनीष तिवारी, संदीप कुमार, उपाध्यक्ष पद पर दिनेश सिंह, लेखराज, सुनील कुमार अहिरवार और तीन जूनियर सदस्य पद के लिए आशीष विश्वकर्मा, जितेंद्र कुमार, भरत कुमार, सोहराव शालू, सुचि विश्वकर्मा मैदान में डटे हैं।

**15** मई को चुनाव अधिकारियों की देखरेख में होगा मतदान

### कई पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए

- बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पद पर मयंक कुमार, सत्येंद्र प्रताप सिंह, संयुक्त सचिव प्रशासनिक पद पर उपेंद्र कुमार, लाइब्रेरी इंचार्ज अखिलेश, प्रकाश पद पर आशीष श्रीवास्तव, महिला अरक्षित उपाध्यक्ष पद पर गायत्री अहिरवार, सीनियर सदस्य पद पर धर्मेंद्र चैरसिया, रामधीन विश्वकर्मा, जूनियर सदस्य महिला आरक्षित पद पर राधिका गुप्ता, शिवांगी त्रिपाठी, कल्पना सोनी निर्विरोध चुनी गई हैं।

## बकाया वेतन के लिए मीटर रीडर का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर भुगतान कराने की उठाई मांग

**अमृत विचार।** तीन माह से बिजली विभाग के मीटर रीडरों का वेतन न मिलने और कंपनी के शोरण करने के विरोध में शनिवार को मीटर रीडरों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया। बाद में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। डीएम को दिए गए ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि जब तक उनका बकाया भुगतान नहीं दिया जाता, तब तक वह कार्य का बहिष्कार करेंगे।

जिले के मीटर रीडर फरवरी माह से वेतन न मिलने के कारण आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। कौशल किशोर, योगेश, अमित, अकबर और अनूप शुक्ला सहित दर्जनों कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में बिजली विभाग और टीडीएस कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है, जबकि इससे पहले नवंबर-दिसंबर का वेतन भी रोक दिया गया था। पीड़ित मीटर रीडरों को बिलिंग के लिए 20 से 50 किलोमीटर दूर तक जाना पड़ता है, जिसका पेट्रोल और मोबाइल खर्च उन्हें अपनी जेब से वहन करना पड़ता है। वेतन न मिलने के कारण अब उनके पास बाइक में पेट्रोल डलवाने तक के पैसे नहीं हैं। कर्मचारियों ने कंपनी पर गंभीर शोषण के आरोप लगाए हैं। अनूप शुक्ला ने बताया कि सैलरी स्लिप में प्रति बिल 16 रुपये का जिक्र होता है, लेकिन कंपनी उन्हें केवल ढाई रुपये प्रति बिल का भुगतान कर रही है। महीने भर की कड़ी मेहनत के बाद भी उन्हें सिर्फ 4 से 5 हजार रुपये ही मिलते हैं।

कर्मचारियों का कहना है कि जब भी वे अपने अधिकारों की बात करते हैं, तो कंपनी के अधिकारी उन्हें नौकरी से निकालने या एफआईआर दर्ज कराने की धमकी देते हैं। उन्हें न तो पीएफ की सुविधा मिल रही है और न ही यात्रा भत्ता। मीटर रीडरों ने काम के पूर्ण बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। डीएम को दिए ज्ञापन में मांग की गई है कि उनका बकाया वेतन तत्काल दिलाया जाए और न्यूनतम वेतन के साथ अन्य भत्ते लागू किए जाएं। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक बिलिंग का कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा।



शनिवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते मीटर रीडर। अमृत विचार

सुनी फरियाद

समाधान दिवस में एसपी ने समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के दिए निर्देश

# संयुक्त टीमें करेंगी समस्याओं का समाधान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** थाना समाधान दिवस पर शनिवार को एसपी शशांक सिंह ने चरखारी में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और निस्तारण का आश्वासन दिया। एसपी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों का गठन कर शीघ्र समाधान के आवश्यक निर्देश दिए।

एसपी ने कहा कि थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए समाधान सुनिश्चित करना है। इससे लोगों का थाना समाधान दिवस के प्रति और अधिक विश्वास बढ़ेगा। कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप थाने में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना श्रीनगर में उपस्थित रहकर जनसुनवाई की गई। वहां आने वाले ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता सुनते हुए थानाध्यक्ष को समयवद्ध और निष्पक्ष तरीके से समधान करने के निर्देश दिए। वहीं थाना पनवाड़ी में भी जनसुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिले के समस्त थाना प्रभारियों ने राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया, जिसमें प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर संयुक्त टीमों को मौके पर त्वरित कार्रवाई के लिए भेजा गया।



फरियादियों की शिकायत सुनते एसपी। अमृत विचार

### कुलपहाड़ में आईं एक दर्जन शिकायतें

- **कुलपहाड़।** प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं अपराध निरीक्षक अनिल कुमार सिंह की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें 12 शिकायतें भूमि विवाद सम्बन्धी की प्राप्त हुईं। 6 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतें लेखपालों को सौंप दी गई है। विजयपुर के मलखान वर्मा ने अमृत सरोवर की जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत की। लमौरा निवासी तुलाराम ने जबरन चकरोड जोतने की शिकायत की। बम्हौरीखुर्द की सियारानी ने जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया। बुधौरा के रामसेवक ने खेत पर तारबाड़ी करने की शिकायत की। जैतपुर के लालता प्रसाद ने जबरन रास्ता बंद करने की शिकायत की।

## कुलपहाड़ सीएचसी में मॉक ड्रिल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देश पर अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत और ग्रीष्म ऋतु में संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत जिले में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसके तहत शनिवार को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अग्निशमन टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुलपहाड़ में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

मॉक ड्रिल कार्यक्रम दौरान स्वास्थ्य केंद्रों के स्टाफ और उपस्थित लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अग्निशमन यंत्रों के सही व प्रभावी उपयोग की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई साथ ही आग लगने की स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया देने के उपायों का प्रदर्शन कर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। अग्निशमन विभाग के प्रभारी अधिकारी ने कहा कि गर्मी के मौसम में थोड़ी सी असावधानी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए सभी संस्थानों एवं नागरिकों को सतर्क रहते हुए अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन करना आवश्यक है।

कहा कि अक्सर नासमझी के चलते घरों में एलपीजी के सिलेंडर से आग लग जाती है। ऐसे में घबराने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। आगजनी की घटना के दौरान पानी में भीगा बोरा सिलेंडर के ऊपर डालें, जिससे आग पर काबू पाया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों को समझाते हुए कहा कि घरों में अक्सर बिजली स्पार्किंग तथा सिलेंडर में आग लगने से हादसे होते हैं। ऐसे में यदि घर पर अग्निशमन यंत्र हो तो उससे आग पर आसानी से काबू पाया जा सकता है। उन्होंने लोगों को अग्निशमन यंत्र घरों पर लगाने के लिए प्रेरित किया। जिला पुलिस और अग्निशमन विभाग द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे जिले में अग्नि सुरक्षा के प्रति सजगता एवं तैयारी को और सुदृढ़ किया जा सके।



मॉकड्रिल के दौरान अग्निशमन यंत्रों की जानकारी देती टीम। अमृत विचार



समय पाय फल होत है,
समय पाय झरि जाय
सदा रहे नहिं एक सी, का
रहीम पछिताए

रहीम दास कहते हैं, सब समय का खेल है। समय आने पर फल पकते हैं और समय आने पर झड़ भी जाते हैं। समय ही हालात को बदलता है। यानी समय सदा एक-सा नहीं रहता, इसलिए पछतावा करने का कोई मतलब नहीं है।



# अमर 'उपभोक्ता' प्रकृति के विरुद्ध अपराध होगा

अमर रहने की महत्वाकांक्षा पुरानी है। पुराणों में हजारों वर्ष जीने वाले पात्रों के उल्लेख हैं। वैदिक ऋषि अमृत्व प्राप्त करने की स्तुतियां करते थे। 'असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मा अमृतं गमय।' में अमृत्व की प्यास का उल्लेख है। आधुनिक विश्व में सभी देशों के वैज्ञानिक मनुष्य शरीर की उम्र को रोकने की योजना पर काम कर रहे हैं। वृद्धावस्था में शरीर की कोशिकाओं का क्षरण होता है। इसी को रोकने के लिए तमाम शोध कार्य जारी हैं। इस बीच रूस से महत्वाकांक्षी सूचनाएं आ रही हैं। रूस मनुष्य शरीर की कोशिकाओं के क्षरण को रोकने पर शोध कर रहा है। सूचना के अनुसार रूस वृद्धावस्था को रोकने के शोध पर काम कर रहा है।

> लंबी आयु का अर्थ अनुभवों का विशाल भंडार भी है। यदि कोई मनीषी एक सौ पचास वर्ष जीता है, तो वह शोध को नई ऊंचाई दे सकता है, लेकिन क्या मानव मस्तिष्क एक शताब्दी से अधिक की स्मृतियों का बोझ सहने के लिए तैयार है? क्या हम विस्मृति जैसे विकारों के बिना इस दीर्घायु का आनंद ले पाएंगे? अक्सर पुरानी पीढ़ी नए विचारों का विरोध करती है। ऐसे में समाज का बौद्धिक जड़त्व बढ़ सकता है। पारिवारिक रिश्तों की मर्यादा भी इससे अछूती नहीं रहेगी।

सितंबर 2025 में पुतिन और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने मनुष्य शरीर की उम्र 150 साल तक ले जाने की योजना पर शोध की बातें की थीं। पुतिन ने कहा था कि नियमित रूप से कोशिकाओं के क्षरण को रोककर स्वस्थ बने रहने पर वैज्ञानिक शोध संभव हैं। रूसी वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि वे वृद्धावस्था रोकने की विश्व की पहली एंटी एजिंग वैक्सीन पर काम कर रहे हैं। वृद्धावस्था कोशिकाओं के क्षरण का ही परिणाम होता है।

रूस के एक मंत्री डेनिस ने पिछले माह बताया है कि यह प्रायोजित उपचार रेज रिसेप्टर पर जोर देगा। वृद्धावस्था की स्वाभाविक प्रक्रिया को नियंत्रित कर कोशिकाओं को लंबे समय तक युवा बनाए रखा जा सकता है। उनका कहना है कि उनका लक्ष्य दुनिया की पहली जीनथेरेपी दवा बनाना है। इस परियोजना को इंस्टीट्यूट ऑफ एजिंग बायोलॉजी एंड मेडिसिन द्वारा विकसित किया जा रहा है।

रूस के उप प्रधानमंत्री ने कहा था कि रूस की योजना सन 2028 से 2030 के बीच एंटी एजिंग दवा का उत्पादन शुरू करने का है। रिपोर्ट में यह बात बताई गई है कि यह तकनीक अभी फिलहाल शोध की प्रक्रिया से गुजर रही है। इसका बजट 26 अरब डॉलर से भी ज्यादा है। उनका दावा है कि फिलहाल इस पर शोध जारी है। अगर यह सफल होता है, तो भविष्य में वृद्धावस्था अनिवार्य प्रक्रिया नहीं रहेगी। यह नियंत्रित की जाने वाली स्थिति बन सकती है।

यह एक आश्चर्यजनक शोध की दिशा में मनुष्य जाति का पहला नियोजित अभियान होगा। मनुष्य की आयु 150 वर्ष तक ले जाने की यह महत्वाकांक्षी योजना आश्चर्यजनक है। दीर्घायु होना सामान्य बात है, लेकिन पूरी आयु में स्वस्थ बने रहना वाकई बड़ी उपलब्धि होगी। ऋग्वेद में 'जीवेत शरदः शतम्' की प्रार्थनाएं हैं। सौ साल जीने की इच्छा पर्याप्त नहीं है, इसलिए आगे कहते हैं कि हम 100 वर्ष तक स्वस्थ रहें। दीन-हीन न रहें।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश

इस संसार में बहुत सारे लोग 100 बरस या उससे ज्यादा का जीवन जीते हैं, लेकिन शरीर के क्षरण के कारण यह सभी कष्ट और दुख में रहते हैं, तो क्या यह शोध मनुष्य के सभी अंगों और सोच-विचार के तंत्र को स्वस्थ रखने का महत्वाकांक्षी अभियान बनेगा। इस शोध को लेकर बहुत प्रसन्न होने की आवश्यकता नहीं है। 80-90 वर्ष की आयु वाले वृद्ध परिवार की उपेक्षा के कष्ट भोगते हैं। परिजन बूढ़ों का ध्यान नहीं रखते। इस शोध की सफलता और असफलता पर तमाम तरह के विचार व्यक्त किए जा सकते हैं।

यह एक सांस्कृतिक समस्या है। दुनिया के सभी समाजों में अच्छे मानवीय संबंधों का आधार संस्कृति ही है। यहां जीवन को लंबा करने के प्रयास हैं, लेकिन इसके साथ ही दर्शन और विज्ञान काल की व्याख्या भी करता है। काल का पहिया घूम रहा है। हम सब काल रथ पर बैठे यात्री हैं। अथर्ववेद में भृगु ऋषि का सारवान वक्तव्य है- 'कालरथ पर ज्ञानी ही बैठते हैं।'

मैं कालरथ को देख रहा हूं। उस रथ का घर्घर नाद भी सुनता हूं। वह प्रतिपल हमारे सामने से ही गुजरता है। मैं हाथ उठाता हूं। रुकने की प्रार्थना करता हूं। वह नहीं रुकता। मेरी परवाह नहीं करता। जानता हूं कालरथ में ज्ञानी ही बैठते हैं। हमारे लिए उस रथ में जगह नहीं हो सकती। क्या विज्ञान में काल की समस्या का कोई समाधान है? काल निर्वचन कठिन काम है।

हमारे ग्रंथों में ऋषियों की आयु 100 वर्ष बताई गई है, किंतु उनका मार्ग 'बाहरी रसायनों' का नहीं, बल्कि 'भीतरी रूपांतरण' का था। प्राणायाम की विधियां शरीर की जैविक घड़ी को नियंत्रित करने की प्राचीन तकनीकें थीं। वैज्ञानिक शोध अब मान रहे हैं कि गहरी और लंबी सांसें हमारे जीवन-सूत्रों की रक्षा करती हैं। ऋषियों ने बिना किसी भारी-भरकम वित्तीय सहायता के, केवल अंतर्मुखी होकर उस 'अमृत तत्व' को खोज लिया था।

प्राचीन भारत में 'कायाकल्प' की प्रक्रिया का वर्णन मिलता है, जहां विशेष जड़ी-बूटियों से वृद्ध शरीर को पुनः युवा किया जाता था। रूस का प्रयोग जहां अवरोधकों पर काम करता है, वहीं भारतीय पद्धति पंच तत्वों के संतुलन पर बल देती थी। यदि आधुनिक जीव-विज्ञान के साथ योग को जोड़ दिया जाए, तो दीर्घायु एक पूर्ण स्वास्थ्य का मार्ग बन सकती है।

लंबी आयु का अर्थ अनुभवों का विशाल भंडार भी है। यदि कोई मनीषी एक सौ पचास वर्ष जीता है, तो वह शोध को नई ऊंचाई दे सकता है, लेकिन क्या मानव मस्तिष्क एक शताब्दी से अधिक की स्मृतियों का बोझ सहने के लिए तैयार है? क्या हम विस्मृति जैसे विकारों के बिना इस दीर्घायु का आनंद ले पाएंगे? अक्सर पुरानी पीढ़ी नए विचारों का विरोध करती है। ऐसे में समाज का बौद्धिक जड़त्व बढ़ सकता है। पारिवारिक रिश्तों की मर्यादा भी इससे अछूती नहीं रहेगी। वैवाहिक संबंधों के स्थायित्व पर नए प्रश्न खड़े होंगे।

माता-पिता और संतान के बीच जब एक सौ वर्ष का अंतर होगा, तो संवाद लगभग समाप्त हो जाएगा। हम एक ऐसे अकेलेपन के युग में प्रवेश कर सकते हैं, जहां शरीर स्वस्थ होगा, पर मन एकाकी। संबंधों में जो ताजगी आज है, वह शायद इस दीर्घ जीवन में न बचे। मनुष्य का अस्तित्व उसके संबंधों से परिभाषित होता है। जब संबंध बोझ बनने लगें, तो लंबी आयु कारावास बन जाती है।

यह प्रयोग वैज्ञानिक जिज्ञासा की पराकाष्ठा है, किंतु इसे विवेक की कसौटी पर कसना अनिवार्य है। केवल आयु का बढ़ना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी गुणवत्ता महत्वपूर्ण है। जैसा कि हमारा दर्शन मानता है, 'जीवेम शरदः शतम' का अर्थ केवल सौ वर्ष जीना नहीं, बल्कि सौ वर्ष तक चैतन्य रहकर योगदान देना है।

रूस का यह शोध यदि मनुष्य को केवल एक अमर 'उपभोक्ता' बनाती है, तो यह प्रकृति के विरुद्ध अपराध होगा, लेकिन यदि यह वृद्धों को पीड़ा से मुक्त कर उन्हें पुनः सृजनशील बनाती है, तो यह विज्ञान का उपहार होगा। साफ बात है कि जीवन की सार्थकता उसकी लंबाई में नहीं होती है बल्कि यह उसकी गहराई और मर्यादा में निहित है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# सपनों के शहरों में संघर्ष करती बस्तियां

भारत के तेजी से शहरीकरण करते परिदृश्य में एक तरफ चमचमाते मॉल, ऊंची इमारतें और स्मार्ट सिटी का सपना है, तो दूसरी ओर उन्हीं शहरों के भीतर ऐसी स्लम बस्तियां भी हैं, जहां जीवन आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष का दूसरा नाम बना हुआ है। शहरों की अर्थव्यवस्था को चलाने वाले यही प्रवासी मजदूर और उनके परिवार अक्सर उन बस्तियों में रहने को मजबूर होते हैं, जहां न साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था होती है, न पीने के स्वच्छ पानी की उपलब्धता। इन बस्तियों में केवल गरीबी और संघर्षों की कहानियां ही छिपी नहीं होती हैं, बल्कि सामाजिक असमानता, प्रशासनिक उपेक्षा और विकास के असंतुलित मॉडल का भी आईना होता है।



चंचल
एक्टिविस्ट

इन बस्तियों में साक्षरता की दर भी काफी कम होती है। यहां रहने वाले अधिकांश परिवार देश के तमाम हिस्सों और आसपास के छोटे शहरों से रोजगार की तलाश में आते हैं, जहां शहर ने उन्हें काम तो दिया, लेकिन सम्मानजनक जीवन नहीं। ऐसी बस्ती में गंदगी और जलभराव आम समस्या है। संकरी गलियों में कूड़े के ढेर, खुले नाले और दूषित जल स्रोत बीमारियों को खुला न्योता देते हैं। कई परिवारों को पीने के लिए साफ पानी तक नसीब नहीं होता, जिसके कारण डायरिया, टाइफाइड और त्वचा संबंधी बीमारियां आम हैं। स्वच्छ भारत अभियान जैसे प्रयासों के बावजूद इन बस्तियों तक सफाई की व्यवस्था प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पाई है।

> भारत के तेजी से शहरीकरण करते परिदृश्य में एक तरफ चमचमाते मॉल, ऊंची इमारतें और स्मार्ट सिटी का सपना है, तो दूसरी ओर उन्हीं शहरों के भीतर ऐसी स्लम बस्तियां भी हैं, जहां जीवन आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष का दूसरा नाम बना हुआ है।

भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार देश में लगभग 6.5 करोड़ लोग स्लम बस्तियों में रहते हैं, जो कुल शहरी आबादी का लगभग 17 प्रतिशत है। विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार, इन बस्तियों में रहने वाले करीब 40 प्रतिशत लोगों के पास शुद्ध पेयजल की नियमित सुविधा नहीं है, जबकि लगभग 30 प्रतिशत परिवारों को शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य संकट ही नहीं, बल्कि मानव गरिमा के लिए भी एक गंभीर चुनौती है।

इन समस्याओं के बीच सबसे अधिक प्रभावित होते हैं बच्चे। पलायन कर इन बस्तियों में रहने वाले परिवारों के पास अक्सर वैध दस्तावेज नहीं होते, जैसे कि आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र या जन्म प्रमाण पत्र। इसके अभाव में उनके बच्चों का स्कूल में दाखिला नहीं हो पाता। शिक्षा से वंचित ये बच्चे धीरे-धीरे गलत संगत में पड़ जाते हैं। कई बच्चे नशे की लत का शिकार हो जाते हैं या फिर बाल मजदूरी करने लगते हैं। सड़कों पर काम करते, कूड़ा बीनते या छोटे-मोटे ढाबों पर काम करते बच्चे हमारे समाज की उस सच्चाई को उजागर करते हैं, जिसे हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। विशेष रूप से किशोरियों की स्थिति और भी चिंताजनक है। शिक्षा के अभाव और सामाजिक दबाव के कारण इनकी कम उम्र में ही शादी कर दी जाती है। जल्द ही वे मातृत्व की जिम्मेदारी उठा लेती हैं, लेकिन पर्याप्त पोषण और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में वे कुपोषण का शिकार हो जाती हैं। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# जिम्मेदारियां उसे तोड़ नहीं पातीं

जब जीवन पहली बार ममता की छाया में सांस लेना सीखता है, तभी मां का अर्थ समझ आता है। मई के दूसरे रविवार पर आने वाला यह दिन मां के निःस्वार्थ प्रेम और अथाह त्याग का वह उजाला है, जिसमें हमारे अस्तित्व का सच्चा अर्थ साफ दिखाई देता है। भारत समेत अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में मई के दूसरे रविवार को मनाया जाने वाला मदर्स डे (मातृ दिवस) औपचारिक नहीं, उस मूल शक्ति का सम्मान है, जो हर जीवन की नींव है। मां वह दीप है, जो स्वयं जलकर अंधकार हरती है और वह आसमान है, जो हर तूफान समेट लेता है। सूरज बाद में उगता है, पर मां का स्नेह पहले ही रास्ता दिखा देता है, इसलिए यह दिन किसी रिश्ते का नहीं, उस दिव्यता का उत्सव है, जिसमें सृजन, संरक्षण और समर्पण एक साथ बसते हैं।



कृति जैन
लेखिका

जहां शब्द रुक जाते हैं और समझ की सीमाएं छोटी पड़ जाती हैं, वहीं मां के प्रेम की असली गहराई शुरू होती है। विज्ञान भले बहुत आगे बढ़ जाए, पर इस अनुभूति को पूरी तरह समझ नहीं पाता। गर्भ में शिशु की पहली हलचल के साथ ही मां के तन-मन में अद्भुत बदलाव आते हैं। ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोन उसे पीड़ा सहने की शक्ति देते हैं, पर यह सिर्फ शरीर का विज्ञान नहीं, आत्मा का स्पंदन है। रात-रात जागकर बच्चे की देखभाल करना, अपने हिस्से का भोजन त्याग देना— ये सामान्य नहीं, प्रेम की चरम अभिव्यक्ति हैं। भारतीय परंपरा में 'माता' वही है जो सहेजती है, संरक्षण देती है और स्वयं को समर्पित कर देती है। रामायण की कौशल्या से महाभारत की कुंती तक और आज की हर मां तक, यह त्याग और समर्पण की धारा अनवरत बहती रही है।

जब प्रेम अपनी अंतिम सीमा पार कर त्याग में ढल जाता है, तब मां की ममता इतिहास नहीं, अमर सत्य बन जाती है। 1952 के कोरिया युद्ध की वह घटना आज भी संवेदनाओं को झकझोर देती है, जब एक मां ने अपने नवजात को ठंड से बचाने के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। बर्फ से जमे पुल के नीचे जन्मे उस शिशु को जीवित रखने के लिए उसने अपने शरीर की आखिरी गर्मी तक उसे ओढ़ा दी। वर्षों बाद जब उस बेटे को यह सच्चाई पता चली, तो उसकी पीड़ा हर संवेदनशील मन में गूंज उठी। यह कोई कथा नहीं, मातृत्व का वह कठोर सच है, जहां मां खुद मिटकर भी जीवन बचा लेती है, इसलिए मां की कोई तुलना संभव नहीं— वह हर उपमा से परे है।

जब बाहरी जगमगाहट बढ़ती है और भीतर की गर्माहट कम होने लगती है, तब मां का मौन संघर्ष और गहरा हो जाता है। वह घर की सीमाओं से परे, समय और समाज के हर दबाव से लड़ते हुए बच्चों का भविष्य गढ़ती है। कभी अपने सपनों और करियर को पीछे रखकर, तो कभी बीमारी में भी मुस्कान के साथ वह हर जिम्मेदारी निभाती है। कठिन परिस्थितियों में भी बच्चों की सुरक्षा उसका अडिग संकल्प रहता है। वर्षों की मेहनत से उन्हें सफलता दिलाना और अपनी पीड़ा छुपाकर उनके सपने पूरे करना— यही मां की पहचान है। वह सच में ऐसी योद्धा है, जो बिना हथियार हर लड़ाई जीत लेती है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# बच्चों के लिए अनुशासन जुल्म न बन जाए

कानपुर की एक अदालत की पांचवीं मंजिल से कूदकर जान देने वाले 24 वर्षीय प्रशिक्षु अधिवक्ता प्रियांशु श्रीवास्तव की मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया। मरने से पहले लिखे गए उनके सुसाइड नोट में आर्थिक संकट, प्रेम प्रसंग या करियर में असफलता का उल्लेख नहीं था। उसमें बार-बार बचपन से महसूस किए गए अपमान, भय, नियंत्रण और भावनात्मक घुटन का जिक्र था, जिसे उन्होंने अपने पिता की कठोरता से जोड़ा, हालांकि सुसाइड नोट में लिखी बातें व्यक्तिगत आरोप हैं, जिनकी स्वतंत्र पुष्टि जांच का विषय है, फिर भी यह घटना भारतीय पैरेंटिंग के उस चेहरे को सामने लाती है, जिस पर समाज लंबे समय से आंखें मूंदे बैठा है।

> माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा सफल बने। डांटना, टोकना, सीमाएं तय करना और गलतियों पर रोक लगाना पैरेंटिंग का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन समस्या तब शुरू होती है, जब अनुशासन सम्मान के साथ न होकर अपमान के साथ दिया जाने लगे।

अनुशासन के नाम पर अपमान, नियंत्रण और डर को सामान्य मान लिया जाता है। यह घटना हमें मजबूर करती है कि हम पूछें— क्या हम अपने बच्चों को संवार रहे हैं, या अनजाने में तोड़ रहे हैं? हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा सफल बने, अनुशासित रहे और जीवन में भटके नहीं।

डांटना, टोकना, सीमाएं तय करना और गलतियों पर रोक लगाना पैरेंटिंग का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन समस्या तब शुरू होती है, जब अनुशासन सम्मान के साथ न होकर अपमान के साथ दिया जाने लगे। जब हर गलती पर चरित्र पर हमला हो, हर असहमति को बदतमीजी कहा जाए और हर निर्णय भय से मनवाया जाए, तब अनुशासन धीरे-धीरे जुल्म में बदल जाता है। सार्वजनिक रूप से बेइज्जत करना, लगातार शक करना, हर गतिविधि पर नियंत्रण रखना और भावनाओं को महत्वहीन बताना बच्चे को सुधारता नहीं, भीतर से कमजोर करता है।



राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

हमारे समाज में लंबे समय से यह धारणा रही है कि 'मार-डांट से ही बच्चे बनते हैं।' अनेक माता-पिता अपनी कठोरता को प्रेम और जिम्मेदारी का हिस्सा मानते हैं। उन्हें लगता है कि डर रहेगा, तो बच्चा अनुशासित रहेगा और गलत रास्ते पर नहीं जाएगा। कई बार वे गर्व से कहते हैं, 'हमने भी अपने मां-बाप से मार खाई है, तभी कुछ बन पाए हैं,' लेकिन यह तर्क इस तथ्य को नजरअंदाज कर देता है कि हर पीढ़ी की मानसिक और भावनात्मक जरूरतें अलग होती हैं। आज का बच्चा केवल आदेश नहीं, संवाद चाहता है; केवल नियंत्रण नहीं, सम्मान चाहता है।

लगातार डांट, ताने, तुलना और अपमान झेलने वाला बच्चा धीरे-धीरे अपना आत्मविश्वास खोने लगता है। उसे महसूस होने लगता है कि वह कभी पर्याप्त अच्छा नहीं हो पाएगा। वह हर समय गलती के डर में जीता है और अपनी स्वाभाविक अभिव्यक्ति दबाने लगता है। ऐसे बच्चे बाहर से आज्ञाकारी दिख सकते हैं, लेकिन भीतर से लगातार चिंता, आत्मसम्मान की कमी और भावनाओं को दबाकर रखने की प्रवृत्ति से जूझ रहे होते हैं। कुछ बच्चे विद्रोही बन जाते हैं, कुछ पूरी तरह चुप। सबसे खतरनाक स्थिति तब होती है, जब बच्चा अपनी पीड़ा व्यक्त करना ही बंद कर देता है।

भारतीय परिवारों में बच्चों पर करियर, विषय, जीवनशैली और यहां तक कि मित्र चुनने तक का दबाव असामान्य नहीं है। 'हम तुमसे ज्यादा जानते हैं', 'तुम्हारे भले के लिए कह रहे हैं'— इन वाक्यों के पीछे कई बार बच्चे की व्यक्तिगत पहचान दब जाती है। हर बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर, वकील या अफसर नहीं बनना चाहता। हर बच्चा एक जैसी क्षमताओं और रुचियों के साथ पैदा नहीं होता। जब उसकी पसंद, क्षमता और व्यक्तित्व की अनदेखी कर सिर्फ अपेक्षाएं थोपी जाती हैं, तो वह अपने ही जीवन से कटने लगता है।

बहुत से माता-पिता यह मानते हैं कि लोगों के सामने डांटने से बच्चा सुधर जाएगा, जबकि मनोविज्ञान बताता है कि सार्वजनिक अपमान बच्चे के आत्मसम्मान पर गहरा प्रहार करता है। घर वह स्थान होना चाहिए, जहां बच्चा सबसे अधिक सुरक्षित महसूस करे। यदि वहीं उसे बार-बार बेइज्जती मिले, तो उसके लिए दुनिया में कोई सुरक्षित स्थान नहीं बचता। बच्चों की गलतियां सुधारी जानी चाहिए, लेकिन उनकी गरिमा तोड़े बिना। यह समझना भी जरूरी है कि अधिकतर कठोर माता-पिता अपने बच्चों से प्रेम करते हैं। वे चाहते हैं कि उनका बच्चा सफल बने, सुरक्षित रहे और जीवन में आगे बढ़े। समस्या उनके इरादों में नहीं, तरीकों में होती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'

माता का दर्जा कितना उच्चकोटि का है कि वाल्मीकि रामायण में 'मित्राणि धन धान्यानि प्रजानां सम्मतानिव, जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' कहा गया है। अर्थात 'मित्र, धन्य, धान्य आदि का संसार में बहुत अधिक सम्मान है, (किंतु) माता और मातृभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

यहां जननी का स्थान तो स्पष्ट है कि जन्म देने वाली मां है, लेकिन जन्मभूमि से मतलब गांव या जिला या घर-द्वार नहीं बल्कि मां की कोख है, जिस कोख में शिशु को आकृति मिलती है। इस कोख रूपी भूमि में मां के रक्त-मज्ज़ा से नौ माह बाद शिशु जन्म लेता है। मां की कोख रूपी भूमि से विलग होते समय शिशु रोता है कि जिस भूमि में उसे मां की श्वासों से सुकून मिलता था, उससे वह वंचित होने जा रहा है।

सागर की अथाह गहराइयों जैसी होती है मां के हृदय की ममता की गहराइयां। मां की महत्ता पर धर्मग्रंथों से लेकर साहित्य ही नहीं, इतिहास के पन्ने भरे पड़े हैं। मां को 'मातृदेवो भव' कहकर भगवान के रूप में प्रथम स्थान दिया गया है। जब कभी ईश-वंदना होती है, तो 'त्वमेव माता च पिता त्वमेव... त्वमेव सर्वं मम देवदेव' श्लोक में माता को सर्वप्रथम स्थान दिया गया है। आदिगुरु शंकराचार्य ने 'कुपुत्रो जायेत क्वचिदपि कुमाता न भवति' श्लोक अंश में स्पष्ट कर दिया है कि कुपुत्र का होना संभव है, किंतु कहीं भी कुमाता नहीं होती।

धर्मग्रंथों में गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस में भगवान राम ने मां की महत्ता का दृष्टांत पेश किया है। जन्म लेते वे चतुर्भुजी नारायण के रूप में मां कौशल्या को ही दर्शन दिया। श्रीराम ने मां को चतुर्भुजी रूप में दर्शन दिया। श्रीराम को जब वनवास दे दिया गया और वे माता कौशल्या को बताने गए, 'पिता दीन्ह मोहि कानन राजू, जहं सब भांति मोर बड़ काजू' तो माता कौशल्या ने 'जौं केवल पितु आयसु ताता, तौ जनि जाहु जानि बड़ि माता, जौं पितु मातु कहेउ बन जाना, तौ कानन सत अवध समाना' चौपाई में माता कौशल्या ने कहा कि माता को बड़ी जानकर वन मत जाओ, लेकिन जब माता-पिता दोनों वन जाने को कहें तो वह तुम्हारे लिए वन सैकड़ों अयोध्या के समान है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# राजस्थान में गेहूं की खेती क्यों बनती जा रही महंगा सौदा

राजस्थान में गेहूं पैदा करना अब किसानों के लिए लगातार महंगा सौदा बन गया है। हालात ऐसे हैं कि एक तरफ खेती की लागत तेजी से बढ़ रही है और दूसरी तरफ किसानों की बचत उसी अनुपात में नहीं बढ़ पा रही। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के विपणन अनुमान 2025 के आंकड़ों से इस समस्या की गंभीरता साफ दिखाई देती है। बड़ा सवाल है कि निरंतर बढ़ती लागत को किसान कैसे और कब तक झेल पाएंगे?



आंकड़ों के मुताबिक राजस्थान में एक क्विंटल गेहूं पैदा करने की लागत करीब 1488 रुपये तक पहुंच चुकी है। वहीं पंजाब में यही लागत लगभग 905 रुपये है। यानी राजस्थान का किसान पंजाब के किसान की तुलना में करीब 64 प्रतिशत ज्यादा खर्च करके गेहूं उगा रहा है। यह सिर्फ आंकड़ों का अंतर नहीं है, बल्कि उन मुश्किल परिस्थितियों की हकीकत है, जिसे झेल कर राजस्थान का किसान खेती कर रहा है।



अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

देश में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी सभी राज्यों के लिए एक समान तय किया जाता है। इस साल गेहूं का एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। सुनने में यह व्यवस्था बराबरी वाली लगती है, लेकिन समस्या इसलिए पैदा होती है, क्योंकि खेती की लागत हर राज्य में अलग-अलग है। पंजाब और हरियाणा में बेहतर सिंचाई व्यवस्था, मजबूत कृषि ढांचा और ज्यादा उत्पादन होने के कारण किसानों की लागत अपेक्षाकृत कम रहती है। वहीं राजस्थान का किसान कम पानी, महंगी सिंचाई और बढ़ती मजदूरी के बीच खेती करने को मजबूर है। ऐसे में समान एमएसपी होने के बावजूद उसकी वास्तविक बचत काफी कम रह जाती है।

राजस्थान में पानी की कमी खेती की सबसे बड़ी चुनौती है। प्रदेश के कई इलाकों में किसान पूरी तरह ट्यूबवेल और भूमिगत जल पर निर्भर हैं। भूजल लगातार नीचे जा रहा है और सिंचाई के लिए बिजली तथा डीजल पर खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। गेहूं को समय पर और कई बार सिंचाई चाहिए, बिजली और डीजल के खर्च के कारण यह सिंचाई स्वाभाविक रूप से यहां ज्यादा महंगी पड़ती है। इसके मुकाबले पंजाब में वर्षों से नहरों और भूजल आधारित सिंचाई का मजबूत नेटवर्क किसानों को राहत देता रहा है। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों के ज्यादातर इलाकों में नहरों का जाल बिछा हुआ है, लेकिन यहां भी फसलों की जरूरत के समय नहर बंदी समस्या पैदा करती है।

खेती की लागत बढ़ने में मजदूरी भी बड़ा कारण बन रही है। पिछले कुछ वर्षों में राजस्थान में कृषि मजदूरी तेजी से बढ़ी है। गांवों से मजदूरों का शहरों की ओर पलायन बढ़ने के कारण खेती के समय मजदूर आसानी से उपलब्ध नहीं होते। मजबूरन, किसानों को ज्यादा दिहाड़ी देकर मजदूर बुलाने पड़ते हैं। छोटे किसानों के लिए यह खर्च और ज्यादा भारी साबित होता है। मशीनों का खर्च भी लगातार बढ़ रहा है। ट्रैक्टर, कंबाइन और अन्य कृषि उपकरणों का किराया पहले की तुलना में काफी महंगा हो चुका है। डीजल के बढ़ते दामों ने इस बोझ को और बढ़ा दिया है। जिन किसानों के पास कम जमीन है, उनके लिए मशीनों की लागत उत्पादन के अनुपात में और ज्यादा पड़ती है।

यही वजह है कि सिर्फ गेहूं ही नहीं, बल्कि सरसों, चना और जौ जैसी फसलों की लागत भी लगातार ऊपर जा रही है। यहां यह उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए गेहूं पर 150 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देना शुरू किया है। यह कदम निश्चित रूप से सराहनीय है, क्योंकि इससे किसानों को कुछ आर्थिक सहारा मिलता है, लेकिन जिस तेजी से खेती की लागत बढ़ रही है, उसे देखते हुए यह राहत कम ही है। कई किसानों का मानना है कि सरकार को बोनस राशि बढ़ाने पर भी विचार करना चाहिए, ताकि उन्हें वास्तविक राहत मिल सके। केवल बोनस से समस्या का पूरा समाधान संभव नहीं है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

न्यूज ब्रीफ

### साइबर अपराध से बचने की दी जानकारी

**चित्रकूट।** विभिन्न थानों में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को साइबर अपराध से बचने की जानकारी दी गई। बताया गया कि साइबर अपराध की घटना होने पर टोल फ्री नंबर 1930 पर तुरंत काल करें। इसके पश्चात नजदीकी पुलिस स्टेशन और वेबसाइट पर भी रिपोर्ट करें।

### एएसपी ने सुनीं शिकायतें

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक पीयूषकांत राय ने थाना रैपुरा और मऊ में समाधान दिवस में लोगों की शिकायतें सुनीं। निस्तारण रजिस्टर को देखा और निर्देश दिए कि समस्याओं के निस्तारण से संबंधित व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। थाना पुलिस राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर संयुक्त टीम के साथ भूमि सम्बन्धी मामलों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित कराए।

### कंपोजिट विद्यालय में लगा स्वास्थ्य शिविर

**चित्रकूट।** विकास पथ सेवा संस्थान की अगुवाई में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड के सहयोग से कंपोजिट विद्यालय सकरौली में नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सोमनाथ यादव, सभासद शंकर प्रसाद यादव, प्रधान प्रतिनिधि रामनरेश यादव आदि मौजूद रहे। प्रधानाध्यापक ने शिक्षकों एवं अतिथियों को प्रधानाध्यापक सोमनाथ यादव द्वारा भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट की

### नेत्र परीक्षण शिविर में जांचीं आंखें, दिए चश्मे

**चित्रकूट।** पाठा क्षेत्र के अंतर्गत आयुष्मान स्वास्थ्य केंद्र बिल्डिंग बिजहना कोलान बड़ी मड़ैयन एवं कंपोजिट विद्यालय सेहरिन में बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के तत्वावधान में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट प्रखर पटेल ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है और आगे भी इसी प्रकार जनसेवा के कार्य लगातार किए जाएंगे। वहीं समाजसेवी मुकेश कुमार ने कहा कि पाठा क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता है, इसलिए ऐसे शिविर ग्रामीणों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डा. श्रीकांत पांडेय, इंद्रपाल, जगनंदन, डॉ. लवकुश यादव, जगत पटेल, अतुल, जानकी, लवकुश, अभय, निखिल, गौरा देवी, बुद्ध विलास आदि ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मिड-डे मील में अनियमितता पर प्रधानाध्यापक निलंबित

## ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने लगाए थे गंभीर आरोप, बेसिक शिक्षाधिकारी ने कराई थी जांच

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट


जांच करते खंड शिक्षाधिकारी मिथलेश कुमार। अमृत विचार


प्रधान प्रतिनिधि को स्कूल में मिली अनियमितता

पांच मई को प्रकाशित समाचार।

**अमृत विचार।** बीएसए बीके शर्मा ने मानिकपुर विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय पतेरिया के प्रधानाध्यापक आशीष कुमार पांडेय को निलंबित कर दिया। प्रधानाध्यापक पर एमडीएम संबंधी रजिस्टर में प्रविष्टियों को अंकित न करने के आरोप सही पाए गए।

गढ़चपा ग्राम पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पतेरिया में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण सिंह उर्फ मिंटू सिंह ने कई गंभीर आरोप लगाए थे। उनका कहना था कि स्कूल में जाने पर उन्होंने पाया था कि मिड-डे मील में ज्यादा बच्चों को दिखाकर अनियमितता की जा रही है। इसके अलावा 21 अप्रैल से बच्चों की हाजिरी भी नहीं भरी गई थी। बीएसए ने बताया कि सोशल मीडिया में प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापक द्वारा एमडीएम पंजिका में 13 दिवसों की छात्र उपस्थिति का अंकन न किए जाने संबंधी खबर वायरल होने के संबंध में खंड शिक्षाधिकारी मानिकपुर मिथलेश कुमार को मुआयना कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए थे। इस पर बीईओ ने पांच मई को जांच आख्या दी। इसमें पाया गया कि प्रधानाध्यापक ने 13 दिनों तक एमडीएम पंजिका में बच्चों की संख्या दर्ज नहीं की, पूर्व दिवसों में छात्रों की संख्या को बढ़ाकर अंकित किया, जो कि सरकारी धन के गबन की श्रेणी में आता है। इस पर प्रधानाध्यापक आशीष कुमार पांडेय को निलंबित किया जाता है।

**ये आरोप प्रथमदृष्टया सही पाए गए**

- बाएमडीएम पंजिका में विगत दिवसों की प्रविष्टियों का अंकन न किया जाना
- पंजिका में बढ़ाकर छात्रों की उपस्थिति दर्ज करना।
- सरकारी धनराशि का दुरुपयोग किया जाना।
- जनमानस में विभाग की छवि को धूमिल करना।
- पदीय दायित्वों का समुचित निर्वहन न करना।
- छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना।
- आगे की जांच के लिए बीईओ चित्रकूट को जिम्मेदारी
- बीएसए ने निलंबित प्रधानाध्यापक को निलंबन अवधि के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय दुर्जनपुरवा क्षेत्र चित्रकूट से संबद्ध करने के आदेश जारी किए हैं। निलंबन की जांच के लिए खंड शिक्षाधिकारी चित्रकूट अतुल दत्त तिवारी को जिम्मेदारी दी है।

# शौर्य यात्रा निकाल महाराणा प्रताप को किया याद

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट


शोभायात्रा में शामिल पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल और अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में शनिवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान क्षत्रिय समाज ने नगर में भव्य शौर्य शोभायात्रा निकाली और उनके शौर्य को याद किया।

पूरे मार्ग पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर महाराणा प्रताप के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए साध्वी सर्वेश सरस्वती ने कहा कि महाराणा प्रताप की जयंती हर साल शौर्य, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के प्रतीक के रूप में मनाई जाती है। ओम प्रकाश सिंह परिहार ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के जिलाध्यक्ष कुंवर प्रताप सिंह ने की। संचालन बृजेंद्र प्रताप सिंह व प्रमेंद्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षत्रिय महासभा के कार्यकारिणी सदस्य मनेंद्र प्रताप सिंह, सुरेश सिंह बघेल, पत्रकार अरविंद रघुवंशी, डा. रणवीर सिंह चौहान, पूर्व ब्लाक प्रमुख रुद्रदेव सिंह, मनोज सिंह, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, कुणाल प्रताप सिंह, कृष्ण शंकर प्रताप सिंह, हेमंत सिंह, हेम सिंह चौहान, आलोक पांडेय, डा. सीएन सिंह, अंबुज सिंह, शांतनु सिंह शैलू, राकेश सिंह, हरगेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, हरबख्श सिंह, अरुण सिंह मिंटू, हर्षवर्धन सिंह, रावेंद्र सिंह, कनक सिंह, राकेश सिंह, श्याम सिंह परिहार, रविमाला सिंह, प्रमोद सिंह आदि मौजूद रहे।

**महाराणा प्रताप की जयंती पर निकाली शोभायात्रा**

- **राजापुर (चित्रकूट)।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, करणी सेना भारत के संयुक्त तत्वावधान में महाराणा प्रताप की जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कई गांवों से होते हुए नगर पंचायत पहुंची। इसकी अगुवाई जिलाध्यक्ष राजा सिंह परिहार ने की। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह गहरवार, चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, संजीव मिश्रा, सुंदर सिंह राणा, डा. सौरभ सिंह चौहान, फूल सिंह जादौन, शिवशंकर सिंह, सर्वजीत सिंह आदि ने संत तुलसीदास की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। राहुल सिंह, महान सिंह ,अभिमान सिंह, धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, अमित सिंह, विपिन सिंह बघेल, अजय सिंह हाडा, विकास सिंह, अखिलेश सिंह, फूल सिंह, चंचल सिंह, रवि सिंह चौहान, सत्यम सिंह चौहान, साहिल सिंह चौहान, भोला सिंह कछवाह, सरवन सिंह, अजय सिंह चौहान, विजय सिंह चौहान, शिवनारायण विश्वकर्मा, अंकुल, अनुज, अखिल सिंह, मनबोधन सिंह, जगत सिंह चौहान, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन डा. इंद्रवीर सिंह ने किया।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु, साधु व संत। अमृत विचार

# विशाल भंडारे में प्रसाद लेने को उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता सीतापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** शुक्रवार को भारतीय खंगार क्षत्रिय धर्मशाला कामदगिरि परिक्रमा मार्ग खोही में विराजमान श्री रामजानकी रामलखन जी मंदिर की मूर्ति प्रतिष्ठा स्थापना के तहत भंडारे का आयोजन किया गया।

हवन, भजन और संकीर्तन भी हुआ। भंडारे का आयोजन भारतीय खंगार क्षत्रिय धर्मशाला के महंत मोहनदास, अध्यक्ष भोलानाथ सिंह व धर्मशाला कमेटी के पदाधिकारियों ने किया। संत-महंतों को दक्षिणा दी गई। इस मौके पर कामदगिरि महाआरती स्थल के अध्यक्ष विपिन विराट, टाटीघाट अखाड़ा निर्मोही अखाड़ा महंत दीनदयाल दास, चिकनी अखाड़ा महंत आचार्य मंदिर के महान बजरंग देवांगना घाटी महंत दिव्यजीवनदास आदि मौजूद रहे।

# 1,19,470 मामलों का हुआ निस्तारण

राष्ट्रीय लोक अदालत

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट


राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन करते जिला जज शेषमणि शुक्ला और अन्य न्यायिक अधिकारी।

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान में शनिवार को जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कुल 1,19,470 मामलों का निस्तारण करते हुये 3,53,79,706 रुपये प्रतिकर के रूप में वसूले गए।

लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला ने एक वाद का निस्तारण किया। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधीकरण के पीठासीन अधिकारी पद्माकरमणि त्रिपाठी ने पांच वादों का निस्तारण करते हुए 47,00,000 रुपये प्रतिकर के रूप में दिलाया। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव ने सात वादों का निस्तारण करते हुए 24,000 रुपये आपसी सुलह-समझौते के आधार पर वादिया को दिलाया। साथ ही कई वर्षों से एक-दूसरे से अलग हुए पांच जोड़ों का आपस में सुलह-समझौता कराकर एक साथ भेजा। अपर जिला जज एफटीसी न्यू राममणि पाठक ने 100 वादों का निस्तारण किया। सिविल जज (सी.डि.) सचिन कुमार दीक्षित ने फौजदारी के 265 वादों का निस्तारण करते हुए 19,570 रुपये प्रतिकर के रूप में दिलाया। साथ ही सिविल व उत्तराधिकार के चार वादों का निस्तारण करते हुए 21,93,626 रुपये का प्रमाण-पत्र निर्गत किया। अतिरिक्त सिविल जज (सि.डि.) अंशुमान यादव ने 344 वादों का निस्तारण करते हुए 2,500 रुपये अर्थदण्ड के रुप में दिलाया। सिविल जज (सी.डि.) एफटीसी अश्वनी कुमार उपाध्याय ने 112 फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुये 1,120 रुपये अर्थदण्ड के रूप में दिलाया। सिविल जज (जू. डि.) विदिशाभूषण ने 176 फौजदारी वादों का निस्तारण कर 2,050 रुपये अर्थदण्ड के रूप में दिलाया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सृष्टि शुक्ला ने 72 वादों का निस्तारण करते हुए 1,400 रुपये अर्थदण्ड के रूप में दिलाया। न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय अभिनव कुमार दुबे ने 218 वादों का निस्तारण कराया। सिविल जज (जू.डि.) मऊ एस. आनन्द ने 150 वादों का निस्तारण कराया। ग्राम न्यायालय मानिकपुर के न्यायाधिकारी विरेश कुमार सोनकर ने 116 वादों का निस्तारण कराया। सन्तोष कुमार तृतीय अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत ने एक वाद का निस्तारण करते हुये 29,000 रुपये तथा उपभोक्ता फोरम द्वारा एक वाद का निस्तारण करते हुए 30,000 रुपये वादी को दिलाया। इस प्रकार न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुल 1572 वादों का निस्तारण करते हुए 70,07,706 (सत्तर लाख सात हजार सात सौ छह रुपये) एवं राजस्व व अन्य विभागों द्वारा 1,17,898 रुपये मामलों का निस्तारण करते हुये 2,83,72,000 रुपये (दो करोड़ तिरासी लाख बहत्तर हजार रुपये) प्रतिकर के रूप में वसूला गया। इस प्रकार लोक अदालत में कुल 1,19,470 वादों का निस्तारण करते हुये 3,53,79,706 रुपये (तीन करोड़ तिरपन लाख उन्यासी हजार सात सौ छः रुपये) अर्थदण्ड, प्रतिकर व बैंक ऋण वसूली के रूप में वसूल किए गए। अपर जिला जज प्रथम राहुल मिश्रा, अपर जिला जज एफटीसी अनुराग कुरील, अपर जिला जज एससी/एसटी एक्ट गीता सिंह, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रेनू मिश्रा, इला चैधरी, सिविल जज (जू.डि.) विदिशाभूषण, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सृष्टि शुक्ला, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय अभिनव कुमार दुबे, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# देश में संविधान और लोकतंत्र खतरे में : पुनिया

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- कांग्रेस के अनुसूचित प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन
- तमाम कांग्रेसी रहे मौजूद


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सांसद तनुज पुनिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कांग्रेस के अनुसूचित प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक केशरवानी धर्मशाला में हुई। इसमें प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन और सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि देश में बाबा साहब का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा से लोगों को जोड़ा है। हम सभी लोगों को एकजुट होकर संविधान की रक्षा के लिए गांव-गांव में जाकर लोगों को जागरूक करना है। आरएसएस की विचारधारा को केवल कांग्रेस पार्टी ही हरा सकती है। प्रदेश महासचिव अनुसूचित प्रकोष्ठ पवन देवी ने कहा हम सभी लोग मिलकर के अनुसूचित प्रकोष्ठ एवं कांग्रेस पार्टी को मजबूत करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने की। इस मौके पर कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडेय शिवगुलाम वर्मा, संयोगिता वर्मा, जिलाध्यक्ष महोबा संतोष धुरिया, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष द्वारिका मंडेला बांदा, अवधेश करवरिया, अफसाना साह शहर अध्यक्ष बांदा, विजयमणि त्रिपाठी प्रद्युम्न नारायण लालू दुबे, सविता पाल, डा. अनिल गुप्ता, बृजेश गौतम, आकाश गौतम अध्यक्ष कौशांबी, शिव सागर वर्मा, अमलेशा अनुरागी, संजय गुप्ता पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका बांदा, राजेश सिंह पटेल, रामकृपाल वर्मा, मनधीर सिंह वर्मा, शिव सागर, रावेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन जिला उपाध्यक्ष चुनबाद प्रसाद प्रजापति एडवोकेट ने किया।


अभियान के दौरान घरों से टीन आदि हटाते लोग। अमृत विचार

### पालिका ने चलाया अतिक्रमणरोधी अभियान

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद ने शनिवार को कर्वी में अतिक्रमणरोधी अभियान चलाया। प्रमुख स्थलों से अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया। नगर पालिका की टीम ने काली देवी मंदिर चौराहे से लेकर मीट की दुकानों तक अभियान चलाया। इस दौरान चिह्नांकित 15 घरों एवं दुकानों के बाहर स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण को बुलडोजर से ढहाया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी लालजी और पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा उ0प्र0 बोर्ड हाई स्कूल वर्ष 2014 रोल नम्बर 3583865, इण्टरमीडिएट वर्ष 2016 रोल नम्बर 2723512 का प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **रोहित सिंह यादव पुत्र सर्वानंद सिंह यादव निवासी ग्राम सुभाखरपुर पो0 लावा जिला गाजीपुर उ0प्र0 233303**

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल में नाम Sangita Singh है त्रुटिवश कुछ जगहों पर नाम sangeeta singh लिख गया कृपया सही नाम sangita singh पढ़ा व लिखा जाए। W/0–स्व.विजय बहादुर सिंह पता–टाइप 2/185, जी.एस.आई कॉलोनी अलीगंज, लखनऊ (उ0प्र0)

**NOTICE**

It is hereby informed to the general public that I have changed my name from MOHAMMAD UMAIR to MOHD UMAIR. In the future, I shall be known and recognized by the **MOHD UMAIR S/O MOHD. ZUBAIR Address: 398/23/24, TAKIYA PEER GAYAB, POST-CHOWK, LUCKNOW, UP Note: OLD NAME: MOHAMMAD UMAIR NEW / CHANGED NAME : MOHD UMAIR**

**सूचना**

मैं **रीना पत्नी रमा शंकर निवासिनी 309 वक्सपुर, नियर राधा नगर पावर हाउस, जिला फतेहपुर,** उ0प्र0 मेरी पुत्री अविका पाल (AVIKA PAL) का जन्म दिनांक 14.10.2025 को एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ में हुआ था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 820250911450000700 में पुत्री का नाम त्रुटिवश रेचल अंकित हो गया है. जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम अविका पाल है. जो कि सत्य व सही है। अत: पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश अंकित गलत नाम रेचल के स्थान पर सही नाम अविका पाल अंकित किया जाय।

**NOTICE**

It is hereby informed to the general public that I have changed my name from ABDUR RAHMAN to ABDUL RHAMAN. In the future, I shall be known and recognized by the **ABDUL RHAMAN S/O JAHOOR AHMAD Address: VILL-PURANI BAJAR, PURAB TOLA, TULSIPUR, BALRAMPUR, UP Note: OLD NAME : ABDUR RAHMAN NEW / CHANGED NAME : ABDUL RHAMAN**

**NOTICE**

It is hereby informed to the general public that I have changed my name from RAMAKANT to RAMAKANT VIMAL. In the future, I shall be known and recognized by the **RAMAKANT VIMAL S/O SATY NARAYAN Address: VILL-CHHOTI PANDARIYA BHAULI, POST-RAIPUR GARHI, AJGAIN, UNNAO, UP Note: OLD NAME : RAMAKANT NEW / CHANGED NAME : RAMAKANT VIMAL**

**NOTICE**

It is hereby informed to the general public that I have changed my name from DINESH KUMAR PAL to DINESH PAL. In the future, I shall be known and recognized by the **DINESH PAL S/O JANKI PAL Address: VILL-GADRIYA PURWA, DHARAMPUR, BAIRIPUR, MANKAPUR, GONDA, UP Note: OLD NAME : DINESH KUMAR PAL NEW / CHANGED NAME : DINESH PAL**

दिशा- निर्देश

जिलाधिकारी ने तीर्थक्षेत्र में विकास कार्यों का लिया जायजा

# मंदाकिनी में बैराज के लिए पर्यटन विभाग को भेजें पत्र : डीएम

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

- यूरीनल से दुर्गंध आने पर नियमित सफाई के दिये निर्देश
- सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें


तीर्थक्षेत्र का मुआयना करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने शनिवार को तीर्थक्षेत्र का मुआयना किया। डीएम ने पर्यटन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वह मंदाकिनी नदी में बैराज खोलने के लिए पर्यटन विभाग को पत्र भेजें।

डीएम के रामघाट में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आरती स्थल पर कार्य निर्धारित गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। डीएम ने मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर में दर्शन किए। क्षेत्र की गलियों के मुआयने के दौरान कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को कामों को तेजी से कराने के निर्देश दिए। तोतामुखी हनुमान मंदिर के पुजारी ने बताया कि कई काम शेष हैं। डीएम ने रामघाट स्थित आकांक्षी शौचालय, यूरिनल से दुर्गंध आने पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लालजी को नियमित सफाई रखने को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि घाटों पर चल रहे समस्त निर्माण कार्यों की ड्राइंग एवं डिजाइन प्रस्तुत की जाए तथा सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए।

### काम पूरा न हो तो करें ब्लैक लिस्टेड

- डीएम ने नगर पालिका द्वारा बंधन योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे यात्री प्रतीक्षालय को भी देखा। कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि पूरा काम 30 मई तक पूरा नहीं होता है तो संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर दूसरे ठेकेदार से कार्य कराया जाए।

### नावों का पंजीकरण जल्द कराएं

- एक बार फिर जिलाधिकारी ने सभी नाविकों को निर्देशित किया कि नावों का पंजीकरण शीघ्र कराएं। प्रत्येक नाव पर अनिवार्य रूप से लाइफ जैकेट की व्यवस्था की जाए। जिन नावों/बोटों में निर्धारित मानकों का पालन नहीं पाया गया।

### बरुआ बांध की खाली जमीन पर कराया जाए पौधरोपण

- **चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को तहसील कर्वी के अंतर्गत बरुवा बांध का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बरुआ बांध की खाली पड़ी जमीन पर पौधरोपण कराया जाए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रखंड प्रथम शशिकांत प्रसाद, सहायक अभियंता संजय गौतम, अवर अभियंता देवेंद्र कुमार शुक्ल उपस्थिति रहे। अधिशाषी अभियंता सिंचाई प्रखंड प्रथम शशिकांत प्रसाद ने बताया कि बांध का निर्माण वर्ष 1967 में हुआ था। बांध से बरुवा मुख्य नहर निकलती है, जिसकी लंबाई 34 किलोमीटर है। इससे आठ नहरें निकलती हैं। इससे 5463 हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई कराई जाती है। उन्होंने बांध में हुए कामों की भी जानकारी दी। बताया कि जिले में नहरों के माध्यम से 53 तालाबों को भरने का लक्ष्य है। वर्तमान में छह तालाब भरे जा चुके हैं।



सीतापुर में निर्मित टायलेट ब्लाक।

### टायलेट ब्लाक नगरपालिका को हस्तांतरित

**सीतापुर (चित्रकूट)।** क्षेत्र में पर्यटन विकास के अंतर्गत निर्मित सार्वजनिक सुलभ प्रसाधन (टायलेट ब्लाक) को नगर पालिका परिषद को विधिवत हस्तांतरित कर दिया गया। इसका उद्देश्य चित्रकूट आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं प्रवासियों को स्वच्छ, सुलभ एवं सुव्यवस्थित नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। गौरतलब है कि डीएम ने बैठक में बीते दिन इस संबंध में निर्देश दिए थे।

## एचएमएसआई ने मोटरसाइकिलें वापस मंगाईं

**नयी दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचएमएसआई) ने अपनी सीबी1000 हॉर्नेट एसपी मोटरसाइकिलों की स्वैच्छिक रूप से वापसी की घोषणा की है। यह कदम फ्यूल पाइप फिट करने के तरीके सहित दो तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिए उठाया गया है।

अमृत विचार
कानपुर, रविवार, 10 मई 2026
www.amritvichar.com



# भारत की ग्रीन पैकेजिंग की मांग को पूरा करने की तैयारी में आईटीसी

अजय दयाल, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बीते साल मार्च में आईटीसी लिमिटेड ने आदित्य बिरला रियल एस्टेट लिमिटेड के अंतर्गत आने वाली लालकुआं (उत्तराखंड) स्थित सेंचुरी पल्प एंड पेपर का अधिग्रहण किया। यह सौदा लगभग लगभग 3,500 करोड़ रुपये में किया गया है। हालांकि अधिग्रहण की औपचारिकताएं अगले माह तक पूरा होने की प्रक्रिया में है। आईटीसी की मौजूदा चारों पेपर इकाइयां दक्षिण भारत (तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना) और पश्चिम बंगाल में हैं। लालकुआं मिल के जरिए अब उत्तर में उनकी सीधी पहुंच और पकड़ मजबूत होगी।

सेंचुरी पेपर लालकुआं के वाइस प्रेसिडेंट नरेश चन्द्रा लगभग 32 वर्षों से यहां सेवाएं दे रहे हैं। बीते साल ही वह वाइस प्रेसिडेंट बने। पदोन्नति से पूर्व नरेश चन्द्रा बतौर वरिष्ठ महाप्रबन्धक, मिल की सामाजिक वानिकी, पर्यावरण, जल प्रबन्धन व सामाजिक दायित्व जैसे विभागों का कार्यभार संभाल रहे थे। सेंचुरी की रणनीति, मौजूदा स्थिति, चुनौतियों और भविष्य को लेकर उनसे 'अमृत विचार' की लंबी बातचीत हुई। **पेश इस बातचीत के कुछ अंश-**



सेंचुरी पेपर लालकुआं के वाइस प्रेसिडेंट नरेश चन्द्रा से खास बातचीत

**सवाल:** प्लास्टिक को पर्यावरण का सबसे बड़ा खतरा बताया जाता है। कागज इंडस्ट्री के पास क्या इसका विकल्प है?

**जवाब:** फिलहाल हम भारत की ग्रीन पैकेजिंग की मांग को पूरा करने की तैयारी में हैं। जहां तक सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के प्रयोग की बात है तो इसपर अंकुश लगाने की पहल हर नागरिक को करनी होगी। कुछ देशों में सख्त कानून व जुर्माना है, यह नौबत न आए इसके लिए हमें अपने आचरण को बदलना ही होगा।

**सवाल:** ऐसा नहीं लगता कि हमारे पास पॉलिथीन जैसा सस्ता का विकल्प नहीं है?

**जवाब:** हां, कह सकते हैं कि अभी हमारे पास पॉलीथिन जैसा सस्ता पर्यावरण अनूकूल विकल्प नहीं है। लेकिन मोबाइल को हाथ में लेकर चलने की ही तरह हम झोला हाथ में लेकर चलने को आदत क्यों नहीं बना सकते।

**सवाल:** फिर ग्रीन पैकिजिंग से क्या है?

**जवाब:** पर्यावरण नियमों और सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के कारण कागज आधारित टिकाऊ पैकेजिंग की मांग बढ़ रही है। हम ई-कॉमर्स, फार्मा, और फूड डिलीवरी जैसे क्षेत्रों के लिए ईको-फ्रेंडली पैकेजिंग समाधानों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह हमारी आईटीसी नेक्स्ट रणनीति के तहत होगा।

**सवाल:** क्या इसके लिए कोई लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है?

**जवाब:** कंपनी का लक्ष्य 2028 तक अपनी 100 प्रतिशत पैकेजिंग को रिसाइकिल या कंपोस्टेबल बनाना है। साथ ही, पेपर और पेपरबोर्ड व्यवसाय में तेजी से विस्तार करने का इरादा है।

**सवाल:** एक ओर पेपर लेस कल्चर को बढ़ावा, दूसरी ओर पेपर इंडस्ट्री को बूस्ट करने की योजना है, कैसे संभव है?

**जवाब:** सेंचुरी पल्प एंड पेपर मुख्य रूप से राइटिंग-प्रिंटिंग पेपर, कॉपियर पेपर, टिशू पेपर और पैकेजिंग बोर्ड्स का निर्माण करता है। आने वाले समय हम भारत के पेपरबोर्ड और स्पेशियलिटी पेपर क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति को और अधिक मजबूत कर लेंगे।

**सवाल:** सबसे बड़ी चुनौती क्या है?

**जवाब:** स्वाभाविक है लकड़ी आधारित अन्य उद्योग हमारे सामने चुनौती हैं। उदाहरण के तौर पर कागज व रेडीमेड फर्नीचर दोनों ही उद्योगों में रॉ मैटेरियल यानि उपयोग किए जाने वाले पेड़ों (लकड़ियों) की मांग है। कागज उद्योग मुख्य रूप से जिन वृक्षों पर निर्भर है। फर्नीचर उद्योग द्वारा इन लकड़ियों की सीधी खरीद ने कागज मिलों के लिए कई संकट पैदा कर दिए हैं।

**सवाल:** बगास (गन्ने की खोई) का उपयोग तो आप बेहतर कर रहे हैं लेकिन क्या पराली का भी सदुपयोग है?

**जवाब:** हमने प्रयास किया लेकिन पराली से परिणाम नहीं मिल सके। इससे कागज का निर्माण करने में सर्वाधिक उपयोगी गोंद की कमी रही।

**सवाल:** सेचुरी पेपर के बिजनेस का भविष्य क्या है?

**जवाब :** हमारा इरादा पेपर और पेपरबोर्ड व्यवसाय से पीछे हटने का नहीं, बल्कि इसमें तेजी से विस्तार करने का है। हम भारत के पेपरबोर्ड और स्पेशियलिटी पेपर क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति को और अधिक मजबूत कर लेंगे।

## 2015 से अब तक 25,160 करोड़ रुपये के दावों का निपटान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि वर्ष 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजीजीबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) ने अब तक करीब 25,160 करोड़ रुपये के दावों का निपटान किया है। सीतारमण ने बताया कि पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) का उद्देश्य समाज के कमजोर और वंचित वर्गों तक सस्ती वित्तीय सुरक्षा पहुंचाना है। ये तीनों योजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नौ मई 2015 को शुरू की गई थीं। बताया कि पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई के तहत क्रमशः 27 करोड़, 58 करोड़ और 9 करोड़ से अधिक नामांकन किए गए हैं।

## बिजनेस ब्रीफ

### सैमसंग ने शुरू किया नवाचार और शिक्षा का पांचवां संस्करण

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया की प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने शुक्रवार को भारत में अपने प्रमुख नवाचार और शिक्षा कार्यक्रम 'सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो' के पांचवें संस्करण को शुरू करने की घोषणा की। कंपनी के अनुसार, वर्ष 2026 के संस्करण में शीर्ष चार विजेता टीमों को दो करोड़ रुपये तक का 'इनक्यूबेशन' अनुदान दिया जाएगा, जिससे वे अपने विचारों को आगे विकसित कर सकें। इसके लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में इनक्यूबेशन सहायता भी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, शीर्ष 20 टीमों को 20 लाख रुपये तथा उसके बाद शीर्ष 40 टीमों को आठ लाख रुपये, सैमसंग के उपकरण और मेंटरशिप सहायता दी जाएगी।

### हिमाचल में चेरी की खरीद शुरू करेगा अडानी एग्री फ्रेश

**लखनऊ।** अडानी इंटरप्राइजेज की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अडानी एग्री फ्रेश लिमिटेड (एएएफएल) ने शनिवार को स्टोन फ्रूट श्रेणी में प्रवेश करने की घोषणा की। कंपनी ने बताया कि वह अब हिमाचल प्रदेश में चेरी तथा दूसरे स्टोन फ्रूट की खरीद शुरू करने की योजना बना रही है। इससे फलों की स्टोरेज अवधि बेहतर होगी, किसानों को बड़े बाजार मिलेंगे और उनकी उपज का बेहतर दाम मिलेगा। हिमाचल में एएएफएल के छह जगहों पर मौजूद कंट्रोल्ड एटमॉस्फियर स्टोरेज सुविधाओं को अब चेरी के भंडारण और वितरण के लिए आधुनिक बनाया गया है।

### यूरोपीय मूल्यों के अनुरूप है पीएम मोदी का संदेश -ईयू राजदूत

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ (ईयू) के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ की साझेदारी असीमित, महत्वाकांक्षी और प्रगतिशील है तथा दोनों पक्षों ने अपने संबंधों को गुणात्मक और रणनीतिक दृष्टि से पूरी तरह नए स्तर पर पहुंचा दिया है। डेल्फिन ने एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'यह युद्ध का युग नहीं है' वाला संदेश यूरोप के मूल्यों और पहचान के साथ गहराई से मेल खाता है। उन्होंने करीब साढ़े तीन महीने पहले आयोजित भारत-ईयू शिखर सम्मेलन को एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताय। कहा- प्रतीकात्मकता, सार्थकता और रणनीतिक महत्व के मेल से ऐतिहासिक परिणाम सामने आए। यह उपलब्धियां दोनों पक्षों के नेताओं के बीच राजनीतिक विश्वास और प्रतिबद्धता के बिना संभव नहीं थीं।

### पांडा ने संभाला सेल के कोएमडी का पदभार

**नई दिल्ली।** डॉ. अशोक कुमार पांडा ने शनिवार को सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज इस्पात विनिर्माता कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला। इससे पहले कंपनी में निदेशक (वित्त) पद पर थे और लगभग नौ महीनों तक निदेशक (वाणिज्य) का अतिरिक्त प्रभार भी संभाले हुए थे।

# श्रम सुधार: लागू हुआ चार नई संहिताओं वाला कानून

## पांच साल की लंबी प्रतीक्षा के बाद सरकार ने जारी की अधिसूचना

नयी दिल्ली, एजेंसी

पांच साल से अधिक के लंबे इंतजार के बाद केंद्र सरकार ने नियमों को अधिसूचित कर चार श्रम संहिताओं को पूरी तरह से लागू कर दिया है। इसका उद्देश्य सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी और सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा तय करना है।

चार श्रम संहिताओं में वेतन संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य स्थिति संहिता, 2020 शामिल हैं।

ये सभी 21 नवंबर, 2025 से प्रभावी हो गई थीं। इन संहिताओं को 29 मौजूदा श्रम कानूनों को एकीकृत कर एक सरल और आधुनिक ढांचा तैयार करने के उद्देश्य से लागू किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि अब इन चारों संहिताओं के तहत नियमों को राजपत्र में अधिसूचित कर दिया गया है और इसके साथ ही इनके पूर्ण क्रियान्वयन की प्रक्रिया पूरी हो गई है।

उन्होंने कहा कि यद्यपि श्रम संहिताएं 21 नवंबर, 2025 को कानून बन गई थीं, लेकिन नियमों के अभाव में कुछ प्रावधान स्पष्ट नहीं हो पाए थे। मसौदा नियम 30 दिसंबर, 2025 को हितधारकों की प्रतिक्रिया के लिए जारी किए गए थे, जिन्हें विधिक जांच के बाद अंतिम रूप देकर अधिसूचित किया गया।

इन नियमों का प्रकाशन संहिताओं को पूरी तरह लागू करने के लिए आवश्यक था। चार संहिताओं में 29 श्रम कानूनों को समेटने का उद्देश्य लंबे समय से चली आ रही जटिलताओं को दूर करना और प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाना है।

इसका उद्देश्य व्यापार करने में सुगमता बढ़ाना, रोजगार सृजन को प्रोत्साहन देना तथा प्रत्येक श्रमिक के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक व वेतन सुरक्षा सुनिश्चित करना है।



**ये हैं चार नई संहिता**

1- वेतन संहिता-2019
2- औद्योगिक संबंध संहिता 2020
3-सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और
4-व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य स्थिति संहिता 2020

# आरबीआई अफसरों ने की गवर्नर से पदोन्नति नीति में सुधार को हस्तक्षेप की मांग

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अधिकारियों के संगठन ने गवर्नर संजय मल्होत्रा को पत्र लिखकर पदोन्नति नीति में संशोधन के लिए हस्तक्षेप करने और समयबद्ध पदोन्नति प्रणाली बहाल करने की मांग की है।

आरबीआई के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों और मुंबई स्थित केंद्रीय मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों ने शुक्रवार को नई पदोन्नति नीति के खिलाफ प्रदर्शन किया। नई नीति में पदोन्नति को रिक्तियों की उपलब्धता से जोड़ा गया है, जबकि पहले समयबद्ध पदोन्नति प्रणाली लागू थी।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन ने आठ मई के पत्र में कहा कि केंद्रीय बैंक ने उनकी गंभीर चिंताओं, आपत्तियों और रचनात्मक सुझावों पर पर्याप्त विचार किए बिना संशोधित पदोन्नति नीति को लागू करने का निर्णय लिया है, जिससे अधिकारी समुदाय में व्यापक असंतोष, निराशा और मनोबल में गिरावट आई है।

## गुजरात ने विकसित किया 870 मेगावाट बैटरी भंडारण नेटवर्क

**गांधीनगर, एजेंसी।** गुजरात ने नवीकरणीय ऊर्जा ग्रिड की स्थिरता बनाए रखने के लिए राज्य में पांच स्थानों पर कुल 870 मेगावाट क्षमता वाली बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) की शुरुआत की है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली सौर और अन्य नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित बिजली को संग्रहित करने के लिए जरूरी मानी जाती है। इससे अतिरिक्त बिजली भार का प्रबंधन करने और ग्रिड की स्थिरता बनाए रखने में मदद मिलती है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, गुजरात ने अहमदाबाद, गांधीनगर, बनासकांठा, पाटन और कच्छ जिलों में अतिरिक्त बैटरी भंडारण प्रणाली स्थापित करने के लिए 13 परियोजनाएं भी पंजीकृत की हैं।




# अटल पेंशन योजना : हर माह 210 करें निवेश, 5000 पेंशन

कारोबार डेस्क

अटल पेंशन योजना (एपीवाई) को आज यानी 9 मई को 11 साल पूरे हो गए हैं। मोदी सरकार ने यह योजना मई 2015 में शुरू की गई थी। इस योजना के अन्तर्गत निवेश करने वाले व्यक्ति को 60 साल का होने पर हर महीने 1,000 से लेकर 5,000 रुपए तक की पेंशन मिलती है। बस, आपको न्यूनतम राशि निवेश करनी होती है। यहां हम आपको अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से बताने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि इससे जुड़कर आप लाभान्वित हो सकें-




### टैक्सपेयर को नहीं मिलता लाभ

वास्तव में अटल पेंशन योजना टैक्सपेयर्स के लिए नहीं है। अर्थात यदि आप इनकम टैक्स चुकाते हैं तो इस योजना में अकाउंट नहीं खोल सकेंगे। सरकार ने ये नियम पहली अक्टूबर 2022 से लागू किया है। इसमें 18 लेकर 40 तक आयु के व्यक्ति के लिए निवेश और पेंशन की जानकारी इस वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### पेंशन के हिसाब से तय होगी निवेश की धनराशि

- यदि आपकी आयु 18 वर्ष है तो आपको कितनी राशि का निवेश करना होगा, यह इस पर निर्भर करेगा कि कितनी पेंशन चाहते हैं। एक से 5 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन लेने के लिए आपको 42 से लेकर 210 रुपए प्रतिमाह तक भुगतान करना होगा।
- यदि कोई सब्स्क्राइबर 40 साल की उम्र में स्कीम लेता है तो उसे 291 से लेकर 1,454 रुपए प्रतिमाह तक का कॉन्ट्रीब्यूशन करना होगा।

### कितने पैसे जमा करने पर मिलेगी कितनी पेंशन?

- अगर 18 साल का कोई व्यक्ति हर महीने 42 रुपए जमा करेगा, तो उसे 60 का होने के बाद हर महीने 1000 रुपए पेंशन मिलेगी।
- 84 रुपए जमा करने पर 2000 रुपए पेंशन।
- 126 रुपए जमा करने पर 3000 रुपए पेंशन।
- 168 रुपए जमा करने पर 4000 रुपए पेंशन।
- इसी तरह 210 रुपए प्रतिमाह जमा करने पर हर महीने 5000 रुपए पेंशन मिलेगी।

- अगर 40 साल का कोई व्यक्ति हर महीने 291 रुपए जमा करेगा, तो उसे 60 का होने के बाद हर महीने 1000 रुपए पेंशन मिलेगी।
- 582 रुपए जमा करे, तो 2000 रुपए पेंशन।
- 873 रुपए जमा करे, तो 3000 रुपए पेंशन।
- 1164 रुपए जमा करे, तो 4000 रुपए पेंशन।
- इसी तरह 1454 रुपए प्रतिमाह जमा करने पर उसे हर महीने 5000 रुपए पेंशन मिलेगी।

### अपनी सुविधा के हिसाब से दे सकते हैं किस्त

- इस योजना के तहत इन्वेस्टर्स मंथली, क्वाटरली या सेमी-एनुअल यानी 6 माह की अवधि में निवेश कर सकते हैं। कॉन्ट्रीब्यूशन ऑटो-डेबिट हो जाएगा, यानी आपके अकाउंट से तय राशि अपने आप कट जाएगी और आपके पेंशन खाते में जमा हो जाएगी।

### ग्राहक की मृत्यु के बाद जीवनसाथी को मिलेगी पेंशन

- सब्सक्राइबर यानि योजना में नामित व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके स्पाउस (जीवनसाथी) को समान पेंशन का भुगतान किया जाएगा और सबस्क्राइबर और स्पाउस दोनों के निधन पर 60 साल की आयु तक जमा की गई पेंशन राशि नॉमिनी को वापस कर दी जाएगी।
- वहीं 60 साल से पहले ग्राहक की मृत्यु होने पर उसका जीवनसाथी (एपीवाई) खाते में योगदान जारी रख सकता है। ग्राहक के पति या पत्नी को वही पेंशन मिलेगी जो ग्राहक को मिलनी थी। अगर वो चाहे तो ऐसा न करके खाते में जमा पूरा पैसा निकाल भी सकता है।

# उद्योग जगत को उम्मीद- पश्चिम बंगाल में वृद्धि को गति देंगे अधिकारी

कोलकाता, एजेंसी

- **उद्योग जगत के दिग्गजों ने मुख्यमंत्री बनने पर दी शुभेंदु अधिकारी को बधाई**

उद्योग जगत के दिग्गजों ने शनिवार को शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी और राज्य में विकास और वृद्धि के नए दौर की उम्मीद जताई। आरपीजी समूह के चेयरमैन संजीव गोयनका ने इसे पश्चिम बंगाल के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि राज्य को शुभेंदु अधिकारी से काफी उम्मीदें हैं। गोयनका ने कहा कि उनका पश्चिम बंगाल से भावनात्मक जुड़ाव है और वह राज्य के विकास में हरसंभव योगदान देने के इच्छुक हैं।

आईटीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजीव पुरी ने भी शुभेंदु अधिकारी और नवगठित मंत्रिपरिषद को शुभकामनाएं दीं। पुरी ने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में राज्य वृद्धि और समृद्धि के नए दौर का साक्षी बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र का विकसित भारत का दृष्टिकोण राज्य की प्रगति के लिए प्रेरणा का काम करेगा। कोलकाता मुख्यालय वाले एक भारतीय समूह के रूप में आईटीसी पिछले एक सदी से अधिक समय से राज्य से जुड़ा हुआ है। कृषि, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में अपनी बढ़ती मौजूदगी के जरिए कंपनी राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास की यात्रा में साझेदार बनने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स (कोलकाता) के अध्यक्ष नरेश पचीसिया ने शपथ ग्रहण को सिर्फ संवैधानिक बदलाव नहीं बल्कि बंगाल की प्रगति, समृद्धि, स्थिरता और नए विश्वास की दिशा में एक नए अध्याय की शुरुआत बताया। चुनावी जनादेश उन लाखों लोगों की आकांक्षाओं को दर्शाता है, जिन्होंने विकास, पारदर्शी शासन, औद्योगिक पुनरुत्थान, रोजगार सृजन और सामाजिक सौहार्द पर आधारित भविष्य में विश्वास जताया है।



# हत्या या मदद के आरोपी को विरासत में नहीं मिल सकती पीड़ित की संपत्ति: न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- **मृतक ने बसीयत बनाई हो या नहीं, ये प्रतिबंध लागू रहेगा**

उच्चतम न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि जो व्यक्ति किसी की हत्या करता है या हत्या में मदद करता है, तो उसे मृतक की संपत्ति पर अधिकार नहीं मिलेगा, क्योंकि कानून ऐसे व्यक्ति को विरासत पाने से रोकता है।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने साफ किया कि अगर किसी व्यक्ति पर हत्या करने या हत्या के लिए उकसाने का आरोप है, तो वह मृतक की संपत्ति नहीं पा सकता। यह तब भी लागू होगा जब मृतक ने वसीयत नहीं छोड़ी हो और तब भी, जब वसीयत बनाई हो।

मुकदमा जारी रहने पर भी यह रोक लागू रहेगी। बिना वसीयत के उत्तराधिकार व्यक्तिगत कानून के नियमों के अनुसार होता है, जबकि वसीयत के माध्यम से उत्तराधिकार तब लागू होता है, जब संपत्ति एक उत्तराधिकार के माध्यम से दिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति पर उस इंसान की हत्या का आरोप हो, जिसकी संपत्ति में वह हिस्सा मांग रहा है, तो उसे संपत्ति पर अधिकार जताने का हक नहीं मिलेगा।

यह रोक केवल हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 25 के कारण ही नहीं, बल्कि न्याय, निष्पक्षता और नैतिक समानता के सिद्धांतों के आधार पर भी लागू होती है। यह फैसला कर्नाटकहाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर आया, जिसमें संपत्ति के उत्तराधिकार से संबंधित बेंगलुरु की सिविल अदालत के फैसले को रद्द कर दिया गया था।

## सारा जहां हमारा ...



कोलकाता में भाजपा के पश्चिम बंगाल के पहले मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ इस तरह जनता का अभिवादन किया..मानों घोषणा कर रहे हों केवल बंगाल ही नहीं सारा जहां हमारा है।

## कश्मीरी पंडितों का प्रदर्शन : मांगा पुनर्वास नीति और रोजगार पैकेज

**जम्मू, एजेंसी।** घाटी से विस्थापित कश्मीरी पंडितों ने शनिवार को जम्मू में विरोध प्रदर्शन किया और समुदाय को दोबारा घाटी में बसाने के लिए एक व्यापक पुनर्वास नीति तैयार करने और उसे लागू करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने साथ ही प्रधानमंत्री के विशेष पैकेज के तहत 15,000 शिक्षित विस्थापित युवाओं के लिए एक नए रोजगार पैकेज की घोषणा करने की भी मांग की।

# प्रधानमंत्री मोदी और शाह ने तृणमूल कांग्रेस के हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी

कोलकाता, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने बीते कुछ वर्षों में तृणमूल कांग्रेस के हमलों में मारे गए सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं को शनिवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनके बलिदान को शक्ति के स्रोत के रूप में याद किया जाएगा।

'ब्रिगेड परेड ग्राउंड' में मंच के पास भाजपा के उन कार्यकर्ताओं की याद में एक अस्थायी स्मारक बनाया गया, जिनकी हत्या कर दी गई थी। इसी मैदान पर शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली नयी सरकार ने शपथ ली। स्मारक में एक बड़े 'बोर्ड' पर 'शहीदों' के नाम और उनके जिले लिखे गए थे। मोदी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर स्मारक की तस्वीर साझा करते हुए कहा कि साहसी भाजपा कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि!' उन्होंने कहा कि उनका त्याग पार्टी की यात्रा में सदैव अमिट रूप से अंकित रहेगा। मोदी ने कहा-उनका साहस हम सभी के लिए हमेशा प्रेरणा और शक्ति का स्रोत बना रहेगा। शाह ने भी कहा कि यह स्मारक शपथ ग्रहण समारोह स्थल पर उपस्थित प्रत्येक कार्यकर्ता के हृदय में गहरी भावनाएं जगा रहा है।

### शपथ लेकर शुभेंदु ने की राज्य की कानून-व्यवस्था की समीक्षा

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव दुष्यंत नरियाला, पुलिस महानिदेशक सिद्धनाथ गुप्ता और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। सूत्रों के अनुसार, बैठक में कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय नंद भी उपस्थित थे। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री शुभेंदु ने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के संचालन के बारे में भी जानकारी ली और मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि योजनाएं बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से जारी रहें।

## विधानसभा से हटाई गई ममता की कुर्सी नये सीएम शुभेंदु करेंगे दूसरी कुर्सी का उपयोग

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा पिछले 15 वर्षों से राज्य विधानसभा में इस्तेमाल की जा रही कुर्सी को राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद नेता प्रतिपक्ष के कमरे में स्थानांतरित कर दिया गया है । एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि भाजपा के नेता शुभेंदु अधिकारी पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री की कुर्सी का उपयोग नहीं करेंगे और मुख्यमंत्री कक्ष में उनके लिए एक अलग कुर्सी की व्यवस्था की गई है। शनिवार को दिन में अधिकारी ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

# खरगे, राहुल ने केरल के कांग्रेस नेताओं संग की चर्चा, सीएम का फैसला 'बहुत जल्द'

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेतृत्व ने केरल के अगले मुख्यमंत्री के चयन को लेकर शनिवार को पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख नेताओं के साथ विस्तृत चर्चा की और इस संदर्भ में 'बहुत जल्द' अंतिम निर्णय लिया जाएगा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास '10 राजाजी मार्ग' पर हुई बैठक में खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश अध्यक्ष सनी जोसेफ, वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला, वी डी सतीशन तथा कांग्रेस के दोनों पर्यवेक्षक अजय माकन और मुकुल वासनिक एवं प्रदेश प्रभारी दीपा दासमुंशी शामिल हुए। कांग्रेस नेतृत्व ने सभी नेताओं से एक साथ विचार-विमर्श करने के साथ ही उनसे अलग-अलग भी बात की। वेणुगोपाल, सतीशन और चेन्निथला मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। दीपा दासमुंशी ने तीन घंटे से अधिक समय तक चली बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि आज खरगे जी और राहुल गांधी जी से हमारी लंबी चर्चा हुई... हममें से हर किसी ने खरगे जी और राहुल जी के सामने अपनी बात रखी। हमने व्यक्तिगत रूप से भी बात की और उन्होंने हमें अपना मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द आलाकमान द्वारा अंतिम निर्णय किया जाएगा।

# ईरानी टैंकरों पर अमेरिकी हमला, भारी तनाव के बीच युद्धविराम पर संशय

## अमेरिकी प्रस्ताव की समीक्षा कर रहे हैं, समयसीमा के दबाव में काम नहीं करेंगे : ईरान

**दुबई/मनामा, एजेंसी**

होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिकी सेना द्वारा ईरान के दो तेल टैंकरों को निशाना बनाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच प्रस्तावित युद्धविराम पर संकट गहरा गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक वीडियो में लड़ाकू विमानों को उन टैंकरों की चिमनियों और पतवार पर हमला करते दिखाया गया है, जो कथित तौर पर अमेरिकी नाकेबंदी को तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। इस बीच, एक मालवाहक जहाज पर आग लगने से कम से कम एक नाविक की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह जहाज उन्हीं दो टैंकरों में से एक है जिन पर अमेरिका ने हमला करने का दावा किया है।

इस सैन्य कार्रवाई से कुछ घंटे पहले अमेरिकी नौसेना ने अपने तीन पोतों पर हुए हमलों को नाकाम करने और जवाबी कार्रवाई में ईरानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की बात कही थी। तनाव के इस माहौल में बहरीन के गृह मंत्रालय ने ईरान के 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' से जुड़े होने के आरोप में 41 लोगों को गिरफ्तार किया है। मानवाधिकार समूहों का आरोप है कि बहरीन सरकार युद्ध की आड़ में घरेलू राजनीतिक विरोध को दबा रही है।

राजनयिक मोर्चे पर, ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा है कि तेहरान अमेरिकी प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है और वह किसी 'समयसीमा' के दबाव में काम नहीं करेगा। दूसरी ओर, ईरान के एक शीर्ष अधिकारी ने इन दावों को खारिज किया कि सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई अस्वस्थ हैं, उन्होंने कहा कि वह पूरी तरह स्वस्थ हैं और जल्द सार्वजनिक रूप से सामने आएंगे।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस युद्ध को रोकने की कोशिशें जारी हैं। रूस और सऊदी अरब के विदेश मंत्रालयों ने एक स्थायी और दीर्घकालिक समझौते के लिए निरंतर राजनयिक प्रयासों का आह्वान किया है। मिस्र और कतर के शीर्ष राजनयिकों ने भी दोहराया है कि केवल कूटनीति के माध्यम से ही इस संकट का समाधान निकाला जा सकता है। ज्ञात हो कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान द्वारा जलमार्ग अवरुद्ध किए जाने के कारण वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतों में भारी उछाल आया है।



### अगले हफ्ते हो सकती है वार्ता

अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए अगले सप्ताह पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में वार्ता फिर शुरू हो सकती है। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पक्ष मध्यस्थों के साथ मिलकर एक महीने की वार्ता प्रक्रिया के लिए 14 सूत्रीय समझौता ज्ञापन का मसौदा तैयार कर रहे हैं। इस प्रस्तावित रूपरेखा में ईरान के परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव कम करने और यूरेनियम भंडार को तीसरे देश में स्थानांतरित करने जैसे अहम मुद्दे शामिल हैं। हालांकि, ईरान पर लगे प्रतिबंधों में राहत का मुद्दा अब भी सबसे बड़ी अड़चन बना हुआ है।

## होर्मुज पर नियंत्रण की कोशिशों पर संरा सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव लाएगा अमेरिका

**रोम।** अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण स्थापित करने की ईरानी कोशिशों के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इटली में पत्रकारों से कहा कि इस अंतर्राष्ट्रीय जलमार्ग पर ईरान का दावा 'अवैध और अस्वीकार्य' है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ईरान को बारूदी सुरंगें बिछाने या जलमार्ग नियंत्रित करने की अनुमति दी गई, तो यह दुनिया के लिए एक खतरनाक मिसाल बन जाएगी। रुबियो ने स्पष्ट किया कि इस प्रस्ताव के जरिए रूस और चीन की स्थिति भी दुनिया के सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई देश इसे वीटो करता है, तो स्पष्ट हो जाएगा कि समाधान में बाधा कौन है। विदेश मंत्री ने फारस की खाड़ी में फंसी बड़ी मात्रा में मानवीय सहायता को बाहर निकालने की आवश्यकता पर भी बल दिया। अमेरिकी सैन्य कार्रवाई और 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' पर उठ रहे सवालों का जवाब देते हुए रुबियो ने कहा कि अभियान समाप्त होने के बावजूद अमेरिका अपने जहाजों पर हमलों का जवाब देना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि यदि हमारे जहाजों पर ड्रोन या मिसाइल दागे जाएंगे, तो आत्मरक्षा में कदम उठाना अनिवार्य है। ईरान के लिए अमेरिकी 'रेड लाइन' को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि यदि वे अमेरिकियों को धमकी देंगे, तो उन्हें उड़ा दिया जाएगा।

# ये कैसी शुद्धता की सनक

### प्यास बुझ रही है लेकिन शरीर मिनरल्स के लिए तरस रहा

अक्सर हम पड़ोसी या रिश्तेदार के घर नया वाटर प्यूरीफायर देखकर अपने घर में भी आरओ लगवा लेते हैं। लेकिन यह 'स्टेटस





सिंबल' आपकी सेहत पर भारी पड़ सकता है। क्योंकि वाटर प्यूरीफायर कंपनियों के विज्ञापनों ने आपकी सेहत पर जो 'भ्रम का पर्दा' डाला है, उसे हटाने का वक्त आ गया है। अगर आपका सर्विस इंजीनियर कहता है कि पानी का टीडीएस 30 कर दिया है, अब यह एकदम शुद्ध है,₹ तो संभल जाइए! वह आपके लिए शुद्ध पानी नहीं, बल्कि 'मृत पानी' (Dead Water) तैयार कर रहा है। 'मृत पानी' इसलिए कहते हैं, क्योंकि इसमें जीवन के लिए जरूरी प्राकृतिक गुण और खनिज खत्म हो चुके होते हैं।



### क्या है 300 का 'मैजिक नंबर'?

- विज्ञान बहुत सीधा है : अगर आपके घर के पानी का टीडीएस 300 से कम है, तो आपको महंगे RO (रिवर्स ऑस्मोसिस) सिस्टम की कोई जरूरत नहीं है।
- डब्लूएचओ का मंत्र : विश्व स्वास्थ्य संगठन कहता है कि 300 टीडीएस तक का पानी 'एक्सीलेंट' है। इसमें शरीर के लिए जरूरी कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम का सही संतुलन होता है।
- आरओ का खेल : आरओ असल में खारे पानी (500+ टीडीएस) के लिए बना था। जब आप इसे 300 से कम वाले पानी पर चलाते हैं, तो यह पानी को इतना निचोड़ देता है कि वह 'डेड वाटर' बन जाता है।

**स्मार्ट चॉइस**

### क्या करें?

टीडीएस चेक करें : टीडीएस मीटर लें। अगर रीडिंग 300 से कम है, तो आरओ को 'बाय-बाय' कहें और सिर्फ UV+UF फिल्टर लगाएं। यह कीटाणु मारेगा, मिनरल्स नहीं।

एडजस्ट करवाएं : आरओ मजबूरी है, तो मैकेनिक से कहकर टीडीएस को 150 से अधिक सेट करवाएं।

मिट्टी का घड़ा : शोध यह भी कहते हैं कि फिल्टर किए पानी को मिट्टी के घड़े में रखने से उसका pH लेवल फिर से संतुलित हो जाता है।

डिकोडर बॉटमलाइन : पानी सिर्फ $H_2O$ नहीं है, यह खनिजों का खजाना है। इसे इतना साफ मत कीजिए कि यह सिर्फ प्यास बुझाए, शरीर को पोषण देना भूल जाए।

### वैज्ञानिकों की चेतावनी: डेड वाटर का खतरा

- दुनियाभर के शोध, जिसमें चेक गणराज्य का मशहूर अध्ययन और डब्लूएचओ की 'डीमिनरलाइज्ड वाटर' रिपोर्ट शामिल है, एक डरावनी सच्चाई बताते हैं। बहुत कम टीडीएस (30-50) वाला पानी 'प्यास' तो बुझाता है, लेकिन शरीर के साथ 'धोखा' करता है :
- दिल पर वार : शोध बताते हैं कि पानी में मैग्नीशियम की कमी सीधे हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ा सकती है।
- मिनरल्स की चोरी : वैज्ञानिकों ने इसे 'हंग्री वाटर' इसलिए कहा है क्योंकि इसमें खुद के खनिज नहीं होते। जैसे ही यह आपके शरीर में जाता है, यह आपकी हड्डियों और कोशिकाओं से कैल्शियम और मैग्नीशियम 'चुराने' लगता है।
- एसिडिक हमला : कम टीडीएस वाला पानी अम्लीय हो जाता है, जो आपके डाइजेशन और मेटाबॉलिज्म की धज्जियां उड़ा सकता है।

### एनजीटी का हंटर: कंपनियां चुप क्यों?

एनजीटी ने विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के बाद कहा था कि टीडीएस 500 से कम है तो आरओ की जरूरत नहीं है। आरओ से सेहत खराब हो रही है, बल्कि 1 लीटर पानी के लिए 3 लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।

### पानी में जरूरी मिनरल्स

भारतीय मानक ब्यूरो के अनुसार, पानी में इन मिनरल्स का होना आवश्यक है। ● **कैल्शियम** : हड्डियों और दांतों की मजबूती, रक्त के थक्के जमने और मांसपेशियों के कार्य के लिए जरूरी है। ● **मैग्नीशियम** : हृदय स्वास्थ्य, नर्वस सिस्टम के सही संचालन और 300 से अधिक मेटाबॉलिक प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक है। ● **पोटेशियम :** शरीर में तरल पदार्थ का संतुलन बनाए रखने और हृदय की धड़कन को नियंत्रित करने में मदद करता है। ● **सोडियम :** तंत्रिका संकेतों को भेजने और मांसपेशियों के संकुचन के लिए महत्वपूर्ण है।

● टीडीएस का पूरा नाम Total Dissolved Solids (कुल घुलनशील ठोस पदार्थ) है। यह पानी में घुले हुए सभी अकार्बनिक लवणों और कार्बनिक पदार्थों की कुल मात्रा को मापता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### कनाडा: दंपति की हत्या में भारतीय मूल के तीन लोग दोषी

**एबोट्सफोर्ड।** कनाडा की एक अदालत ने मई 2022 में एबोट्सफोर्ड में आर्नोल्ड और जोआन डी जोंग दंपति की हत्या के मामले में भारतीय मूल के तीन लोगों को दोषी करार दिया है। ब्रिटिश कोलंबिया के उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश ब्रेंडा ब्राउन ने शुक्रवार को गुरकरण सिंह, अभिजीत सिंह और खुशवीर तूर को हत्या और लूट का दोषी पाया। दोषियों ने जोंग के घर से क्रेडिट कार्ड, चेक और एक पावर वॉशर चुराने के लिए उनकी हत्या की योजना बनाई थी। अदालत 28 मई को दोषियों को सजा सुनाएगी।

### शेख हसीना ने सुभेंदु अधिकारी को दी बधाई

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग की अध्यक्ष शेख हसीना ने सुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री निर्वाचित होने पर बधाई दी है। शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में सुश्री हसीना ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत और श्री अधिकारी के मुख्यमंत्री पद संभालने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता का यह फैसला उनके नेतृत्व के प्रति गहरे विश्वास का प्रमाण है। शेख हसीना ने अपनी और बांग्लादेश की जनता की ओर से नए मुख्यमंत्री को उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

### सीबीआई ने पुर्तगाल से गैंगस्टर अभय राणा का प्रत्यर्पण कराया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को पुर्तगाल से वांछित गैंगस्टर अभय राणा उर्फ अभय के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की। हरियाणा पुलिस को जबरन वसूली, हत्या के प्रयास, आपराधिक धमकी और संगठित अपराध गिरोह चलाने जैसे गंभीर मामलों में राणा की लंबे समय से तलाश थी।सीबीआई प्रवक्ता के अनुसार, आरोपी के खिलाफ इंटरपोल द्वारा रेड नोटिस जारी किया गया था। इस अभियान के लिए सीबीआई ने विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ समन्वय किया। शनिवार को आरोपी को भारत लाया गया, जहां हवाई अड्डे पर हरियाणा पुलिस की टीम ने उसे अपनी हिरासत में ले लिया।

### भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन 31 को

**नई दिल्ली।** भारत 31 मई को नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले चौथे 'भारत-अफ्रीका फोरम समिट' के दौरान अफ्रीकी देशों के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना पेश करेगा। इस शिखर सम्मेलन में कई अफ्रीकी देशों के शीर्ष नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अर्थव्यवस्था, व्यापार, स्वास्थ्य, रक्षा, कृषि और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है। बढ़ती वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच यह बैठक ऊर्जा सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिज और जलवायु परिवर्तन जैसे साझा हितों पर केंद्रित होगी।

# ईरान के विदेशी सैन्य खरीद नेटवर्क पर अमेरिका ने लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका ने ईरान के सैन्य खरीद नेटवर्क और उपग्रह चित्र (सैटेलाइट इमेजरी) प्रदान करने वाले संस्थानों के खिलाफ नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। इन संस्थानों पर पश्चिम एशिया में अमेरिकी और सहयोगी देशों की सेनाओं के विरुद्ध ईरानी हमलों में तकनीकी सहायता और खुफिया जानकारी साझा करने का आरोप है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने मिसाइल और ड्रोन संचालन सहित ईरानी सैन्य गतिविधियों को सक्षम बनाने वाली उपग्रह तस्वीरें प्रदान करने के लिए चार संस्थाओं को प्रतिबंधित किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की तकनीकी सहायता क्षेत्र में अमेरिकी और भागीदार सेनाओं के लिए सीधा खतरा पैदा करती है। इसके अतिरिक्त, अमेरिकी वित्त विभाग ने 10 व्यक्तियों और संस्थाओं को नामित किया है, जो ईरान को उसके मानवरहित विमान (यूएवी) और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों के लिए कच्चा माल और हथियार प्राप्त करने में मदद कर रहे थे। प्रतिबंधित संस्थानों में मुख्य रूप से चीन स्थित कंपनियाँ शामिल हैं।

- **अमेरिकी सेनाओं के विरुद्ध ईरानी हमलों में खुफिया जानकारी साझा करने का आरोप**

इनमें 'मीनट्रॉपी टेक्नोलॉजी' और 'द अर्थ आई' पर ईरानी सैन्य उपयोग के लिए डेटा उपलब्ध कराने का आरोप है। वहीं, 'चांग गुआंग सैटेलाइट टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड' पर आरोप है कि उसने अमेरिकी सैन्य स्थलों की तस्वीरें एकत्र कर पहले से प्रतिबंधित हूतियों को डेटा प्रदान किया था।

यह कार्रवाई 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के बाद ईरान की सैन्य आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करने के अमेरिकी अभियान का हिस्सा है। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि यह कदम सितंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को फिर से लागू किए जाने के बाद उठाया गया है।

# रूस ने मनाई विजय दिवस की 81वीं वर्षगांठ

**मॉस्को, एजेंसी**

रूस ने शनिवार को द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर मिली जीत की 81वीं वर्षगांठ 'विजय दिवस' के रूप में मनाई। इस अवसर पर मॉस्को के रेड स्क्वायर में भव्य सैन्य परेड का आयोजन किया गया और देशभर में छोटे सैन्य जुलूस निकाले गए। इस युद्ध में जान गंवाने वाले लगभग 2.7 करोड़ सोवियत नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई।

रूस में यह दिवस हर साल 9 मई को मनाया जाता है, क्योंकि 1945 में जर्मनी के आत्मसमर्पण के समय मॉस्को में 9 मई की तारीख हो चुकी थी। समारोह के दौरान रूस ने दो दिन के युद्धविराम की घोषणा की थी, हालांकि यूक्रेन ने इसे स्वीकार नहीं किया। बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि कीव 9 से 11 मई तक युद्धविराम के लिए सहमत हो गया है।यूक्रेन संघर्ष के कारण इस वर्ष पश्चिमी देशों में सोवियत प्रतीकों पर प्रतिबंधों का असर भी आयोजनों पर देखने को मिला।

### रूस-यूक्रेन में कैदियों की अदला-बदली पर सहमति

**वाशिंगटन/मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विजय दिवस के अवसर पर रूस और यूक्रेन के बीच 9 से 11 मई तक तीन दिनों के युद्धविराम की घोषणा की है। इस समझौते के तहत दोनों देश 'हजार के बदले हजार' के अनुपात में कैदियों की अदला-बदली भी करेंगे, जो चार साल से जारी संघर्ष के दौरान अब तक की सबसे बड़ी संख्या है।रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव ने बताया कि यह समझौता राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई टेलीफोनिक वार्ता के बाद संभव हुआ है। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने इस बात पर बल दिया कि द्वितीय विश्व युद्ध में दोनों देश सहयोगी थे। श्री उशाकोव के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन इस प्रक्रिया में यूक्रेन के साथ भी निरंतर संपर्क में था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने भी पुष्टि की है कि यूक्रेन इस युद्धविराम का पालन करेगा और यह अमेरिका के नेतृत्व में चल रहे शांति प्रयासों का हिस्सा है।यह घोषणा पिछले कई दिनों से जारी भारी तनाव और एक-दूसरे पर हमलों के आरोपों के बीच हुई है। इससे पहले रूस ने 9 मई के लिए एकतरफा युद्धविराम की बात कही थी, जबकि यूक्रेन का दावा था कि उसने 6 मई से ही व्यापक युद्धविराम का प्रस्ताव दिया था जिसे रूस ने नजरअंदाज कर दिया।सुरक्षा कारणों और यूक्रेन द्वारा संभावित हमलों की आशंका के चलते लगभग दो दशकों में पहली बार रूस की विजय दिवस परेड में सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन नहीं किया गया। अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं और मॉस्को व सेंट पीटर्सबर्ग जैसे शहरों में मोबाइल इंटरनेट सुविधाओं पर प्रतिबंध की चेतावनी दी गई है। इस वर्ष रेड स्क्वायर की सैन्य परेड का पैमाना भी काफी छोटा रखा गया है, जिसमें केवल बेलारूस, मलेशिया, लाओस और कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के ही शामिल होने की उम्मीद है।

### तपती गर्मी और टाइगर का टशन



**जयपुर।** राजस्थान की मरूधरा पर सूरज इन दिनों आग उगल रहा है और पारा आसमान छू रहा है। जब इंसान बेहाल हैं, तो जंगल के राजा को गर्मी कैसे न सताए? जयपुर के मशहूर नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क से एक बेहद सुकून देने वाली तस्वीर सामने आई है।पार्क के 'महाराज' यानी हमारे टाइगर को चिलचिलाती धूप से बचाने के लिए वनकर्मियों ने खास इंतज़ाम किया। शनिवार को जब गर्मी अपने शबाब पर थी, तब वन विभाग के एक जांबाज कर्मचारी ने पाइप उठाकर टाइगर को 'शाही स्नान' कराया। ठंडे पानी की फुहारें जैसे ही बाघ के बदन को छुईं, उसकी सारी थकान और गर्मी काफूर हो गई। पार्क प्रशासन का कहना है कि ये 'शाही शॉवर' सिर्फ शौक नहीं, बल्कि ज़रूरत है। ● एजेंसी

# अमेरिका का एच1बी वीजा धारकों को काम पर रखने के लिए न्यूनतम वेतन बढ़ाने का प्रस्ताव

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका ने H-1B वीजा कार्यक्रम के तहत विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन सीमा में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का प्रस्ताव दिया है। अमेरिकी श्रम विभाग द्वारा 'अमेरिका में विदेशी नागरिकों के अस्थायी और स्थायी रोजगार के लिए वेतन सुरक्षा में सुधार' शीर्षक से पेश किए गए इस नए नियम का उद्देश्य स्थानीय अमेरिकी श्रमिकों के हितों की रक्षा करना और विदेशी कर्मचारियों द्वारा उनके वेतन स्तर को कम करने की संभावना को रोकना है।विभाग के अनुसार, मौजूदा वेतन स्तर लगभग 20 साल पुराने हैं और वर्तमान आर्थिक स्थिति के अनुरूप नहीं हैं।

प्रस्तावित परिवर्तनों का सीधा असर H-1B के साथ-साथ H-1B1, E-3 और PERM श्रम प्रमाणन कार्यक्रमों पर भी पड़ेगा। प्रस्ताव पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। जहाँ अधिकारी इसे स्थानीय रोजगार सुरक्षा के लिए जरूरी मान रहे हैं, वहीं विरोधियों का कहना है कि वेतन में अचानक इतनी बड़ी वृद्धि से छोटी कंपनियाँ नए और प्रवेश स्तर के कर्मचारियों को नियुक्त नहीं कर पाएंगी। श्रम विभाग ने इस नियम पर 26 मई तक सार्वजनिक सुझाव मांगे हैं, जिसके बाद प्रतिक्रियाओं की समीक्षा कर अंतिम नियम अधिसूचित किया जाएगा।

### भारत पर संभावित प्रभाव

आईटी कंपनियों पर वित्तीय बोझ : टीसीएस (TCS), इंफोसिस और विप्रो जैसी भारतीय कंपनियों के लिए परिचालन लागत बढ़ जाएगी। चूंकि 70% से अधिक H-1B वीजा भारतीयों को मिलते हैं, इसलिए वेतन में 30-33% की वृद्धि से कंपनियों के प्रॉफिट मार्जिन पर सीधा असर पड़ेगा।

जूनियर पेशेवरों के लिए मुश्किल : प्रवेश स्तर (Level-1) के वेतन में भारी बढ़ोतरी के कारण अब कंपनियां कम अनुभवी इंजीनियरों को अमेरिका भेजने के बजाय अनुभवी पेशेवरों को प्राथमिकता देंगी। इससे नए युवाओं के लिए अमेरिका जाकर काम करने के अवसर कम हो सकते हैं।

ऑफशोरिंग में वृद्धि : उच्च लागत से बचने के लिए अमेरिकी कंपनियां काम को भारत (Offshore) स्थानांतरित कर सकती हैं।

**उपलब्धि** | डॉ. एपीजी अब्दुल कलाम द्वीप से आधुनिक 'अग्नि' मिसाइल ने धुआं उगलते हुए आसमान का चीरा सीना

# अग्नि : भारत ने भरी महाशक्ति बनने की उड़ान



**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली**

भारत ने रक्षा के क्षेत्र में एक और ऊंची छलांग लगाते हुए दुनिया को अपनी ताकत का लोहा मनवा दिया है। शनिवार को रक्षा मंत्रालय ने उस गौरवशाली पल की तस्वीर साझा की, जब डॉ. एपीजी अब्दुल कलाम द्वीप से आधुनिक 'अग्नि' मिसाइल ने धुआं उगलते हुए आसमान का सीना चीर दिया।

इस मिसाइल की सबसे बड़ी खूबी इसका MIRV (मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेड री-एंट्री व्हीकल) सिस्टम है। आसान भाषा में कहें तो यह एक ऐसी 'स्मार्ट' मिसाइल है जो अंतरिक्ष में जाने के बाद एक साथ कई अलग-अलग ठिकानों पर सटीक निशाना साध सकती है। यानी एक तीर, और कई निशाने!शुक्रवार, 8 मई को हुआ यह परीक्षण न केवल भारत की तकनीकी महारत को दर्शाता है, बल्कि हिंद महासागर से लेकर पूरे क्षेत्र में देश की सुरक्षा दीवार को अभेद्य बनाता है। यह 'अग्नि' का नया अवतार दुश्मनों के लिए एक साफ संदेश है कि भारत की सरहदें अब पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित और ताकतवर हाथों में हैं।

### अग्नि : क्यों है खास

अग्नि मिसाइल की यह नई तकनीक भारत को दुनिया के उन चुनिंदा देशों की कतार में खड़ा करती है जिनके पास MIRV (बहु-लक्ष्यीय स्वतंत्र रूप से लक्षित) क्षमता है।

**एक साथ कई शिकार:** इस तकनीक की सबसे बड़ी ताकत यह है कि एक ही मिसाइल के ऊपर कई 'वॉरहेड' (बम) लगाए जा सकते हैं। हवा में एक निश्चित ऊंचाई पर पहुँचने के बाद, यह मिसाइल अलग-अलग दिशाओं में अपने वॉरहेड्स को छोड़ सकती है, जो अलग-अलग शहरों या ठिकानों को एक साथ निशाना बना सकते हैं।

**मिसाइल डिफेंस को चकमा:** दुश्मन के रडार और मिसाइल डिफेंस सिस्टम के लिए एक मिसाइल को रोकना आसान होता है, लेकिन जब एक ही मिसाइल से अचानक 3-4 वॉरहेड अलग-अलग दिशाओं में बढ़ते हैं, तो उन्हें ट्रैक करना और नष्ट करना लगभग नामुमकिन हो जाता है।

**स्वदेशी तकनीक का दम:** अग्नि-5 और इसके उन्नत संस्करणों को DRDO ने भारत में तैयार किया है। मारक क्षमता 5,000 से 7,000 किमी तक है, जिसका मतलब है लगभग पूरा एशिया और यूरोप का एक बड़ा हिस्सा ।

**डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि:** यह परीक्षण उसी द्वीप (व्हीलर आइलैंड) से किया गया जिसका नाम भारत के 'मिसाइल मैन' डॉ. कलाम के नाम पर रखा गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज उलझे हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे। आपके व्यक्तित्व से लोग आकर्षित रहेंगे। जॉब में इच्छानुसार ट्रांसफर हो सकता है।

**वृष** – आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। धैर्यपूर्वक लिए गए निर्णयों से लाभ मिलेगा।

**मिथुन** – आज आपके काम तय समय पर पूरे नहीं होंगे। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। तनाव के कारण दिन खराब हो सकता है।

**कर्क** – आज आप नया व्यवसाय आरंभ करने के विचार में हैं। घर में साज-सजावट करेंगे। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

**सिंह** – आज समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। व्यापार में आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा।

**कन्या** – आज अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। बच्चों पर अपनी मर्जी को न थोपें। शुगर के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**तुला** – आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सहकर्मी आपकी सफलता से ईर्ष्या करेंगे।

**वृश्चिक** – आज व्यापार में तरक्की होने से उत्साहित रहेंगे। दांपत्य जीवन में सामंजस्य रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी।

**धनु** – आज आपके कार्य की गति कुछ धीमी रहेगी। आप वर्तमान स्थिति को लेकर प्रसन्न नहीं रहेंगे। प्रेम संबंधों में परेशानी हो सकती है।

**मकर** – आज आपको कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा। नई जॉब ढूंढ रहे हैं, तो अच्छे मौके मिल सकते हैं। गूढ़ विषयों का अध्ययन करेंगे।

**कुंभ** – आज क्रोध के कारण संबंधों में कड़वाहट आ सकती है। शांतचित्त के लोगों के साथ समय बिताएं। नकारात्मक बातें हावी हो सकती हैं।

**मीन** – आज शुभ कार्यों पर आप अत्यधिक धन खर्च करेंगे। आपकी मनोस्थिति मजबूत रहेगी। कारोबार में वृद्धि हो सकती है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com





**आज की ग्रह स्थिति :** 10 मई, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष- कृष्ण पक्ष, अष्टमी 15 .06 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म। **चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। **ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**-धनिष्ठा 11 मई 00 .50 तक तत्पश्चात शतभिषा।

### सुडोकू - 144 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 4 | 8 | 6 | 2 | 5 |
| 3 | 9 | 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 2 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 1 |

### सुडोकू -145

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | | | | | |
| 2 | | | 3 | 4 | | | | |
| 6 | | 3 | | | | | | |
| | 2 | | 1 | | | | | |
| 4 | 8 | | | | | | 5 | |
| | | | | 5 | 4 | | 9 | |
| | | | | | | 9 | 8 | 3 |
| | | | | 9 | 8 | | | |
| | | | | | 6 | 7 | | |



"आईपीएल से पहले टीम के अंदर हुए एक अभ्यास मैच के दौरान श्रेयस भाई ने मुझसे कहा था कि मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं और मुझे ज्यादा सोचना नहीं चाहिए। अगर मैं उन चीजों के बारे में सोचता जो मेरे नियंत्रण में नहीं थीं तो मैं उस स्थिति में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाता।।
–सूर्यांश शेडगे


# स्टेडियम

कानपुर, रविवार, 10 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## IPL 2026
### आज के मुकाबले

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
लखनऊ सुपर जायंट्स
समय - शाम 3:30 बजे

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
मुंबई इंडियंस
समय - शाम 7:30 बजे

### हाईलाइट



लंदन में वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के दौरान महिला सेमीफाइनल में जर्मनी की यिंग हान के खिलाफ सर्विस करतीं जापान की मिवा हरिमोटो। एजेंसी

### यशस्वी और शेफाली को डोप टेस्ट में अनुपस्थित रहने पर नोटिस

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल और शेफाली वर्मा को पिछले साल निर्धारित डोप परीक्षण के लिए उपलब्ध न होने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने नोटिस जारी किया है। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) का हिस्सा रहे दोनों खिलाड़ियों ने परीक्षण के लिए उपलब्ध नहीं रहने के कारण नहीं बताए हैं। इस कारण उन्हें नोटिस जारी किए गए। एक विश्वसनीय सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''संबंधित खिलाड़ियों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं और इसकी सूचना राष्ट्रीय महासंघ (बीसीसीआई) और आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) को भी दे दी गई है।'' नाडा ने हालांकि गोपनीयता का हवाला देते हुए इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### फीफा विश्व कप ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी नोरा

**टोरंटो।** बॉलीवुड में अपने आइटम नंबर से तहलका मचा चुकी नोरा फतेही



फुटबॉल विश्व कप की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी। ओपनिंग सेरेमनी शुक्रवार, 12 जून को, किक-ऑफ से 90 मिनट पहले होगी। 12 जून को, स्थानीय समय 13 :30 बजे, कनाडा फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी की मेजबानी करते हुए केंद्र-मंच पर होगा। यह अपने समुदायों, समृद्ध विविधता और फुटबॉल की जोड़ने वाली शक्ति से प्रेरित एक जीवंत उत्सव के साथ दुनिया का स्वागत करेगा। अलानीस मोरिसेत्ते, अलेसिया सारा, एलयाना, जेस्सी रयेज़, माइकल बबल, नोरा फतेही, संजोय, वेजेड्रीम, विलियम प्रिंस और अन्य ग्लोबल संगीत सितारे इस कहानी को जीवंत करने में मदद करेंगे।

# गिल की विस्फोटक पारी से टाइटंस ने रॉयल्स को दिया 230 रनों का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : साई सुदर्शन के साथ पहले विकेट के लिए की शतकीय साझेदारी

जयपुर, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल की 84 रन की विस्फोटक पारी और साई सुदर्शन के शानदार अर्धशतक की बदौलत गुजरात टाइटंस ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ चार विकेट पर 229 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर गिल ने बाएं पैर में परेशानी के बावजूद 44 गेंदों में नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से तेजतर्रार 84 रन बनाए। साई सुदर्शन ने 36 गेंदों में छह चौके और दो छक्कों की सहायता से 55 रन की उपयोगी पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई।

पारी के अंतिम ओवरों में वॉशिंगटन सुंदर ने भी आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 20 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए, जबकि राहुल तेवतिया ने चार गेंदों में नाबाद 14 रन बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। तेवतिया ने आखिरी ओवर में दो छक्के जड़े, जिससे टीम ने 21 रन बटोरे और मौजूदा सत्र का अपना सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से दाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज बृजेश शर्मा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 47 रन देकर दो विकेट झटके। इसके अलावा यश राज पुंजा और रविंद्र जडेजा ने एक-एक विकेट हासिल किया।



गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल (दाएं) और साई सुदर्शन। एजेंसी

रॉयल्स की मुश्किलें शुरुआत से ही बढ़ गई थीं। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने पहले ही ओवर में 18 रन लुटाए, जिसमें पांच अतिरिक्त रन भी शामिल थे। सुदर्शन ने उनकी खराब लाइन का पूरा फायदा उठाया। आर्चर ने अपने तीन ओवरों में 46 रन दिए। सुदर्शन ने ऑफ साइड में लगातार आकर्षक शॉट लगाए, जबकि गिल ने शुरुआत में संभलकर खेलने के बाद तेजी से रन गति बढ़ाई। गुजरात ने नौ ओवर में बिना विकेट खोए 108 रन बना लिए थे।

राजस्थान को पहली सफलता यश राज पुंजा ने 11वें ओवर में दिलाई, जब उन्होंने सुदर्शन को आउट कर बड़ी साझेदारी तोड़ी। इस बीच नौवें ओवर में गिल के बाएं पैर में दर्द की शिकायत हुई और उन्हें फिजियो की मदद लेनी पड़ी। इसके बाद भी उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और आसानी से अपना अर्धशतक पूरा किया। जोस बटलर ने भी 10 गेंदों पर 13 रन बनाने के बाद रन गति तेज करने की कोशिश में जडेजा की गेंद पर अपना विकेट गंवा दिया। गिल को उनकी पारी के दौरान दो जीवनदान भी मिले। 54 रन के स्कोर पर शिमरोन हेटमायर ने डीप मिडविकेट पर उनका कैच छोड़ दिया और गेंद सीमा रेखा पार कर छक्के में बदल गई।

इसके बाद 61 रन पर हेटमायर ने एक और मुश्किल कैच टपका दिया। इन मौकों का फायदा उठाते हुए गिल ने तुरंत जवाबी हमला किया। उन्होंने यश राज के खिलाफ रिवर्स स्कूप सहित कई आकर्षक शॉट लगाए और मैदान के चारों ओर रन बटोरे। आर्चर के दूसरे स्पेल में भी गिल ने कवर ड्राइव, लॉफ्टेड शॉट और सीधे बल्ले से दमदार प्रहार कर दबदबा बनाए रखा।

जडेजा की अगुवाई में राजस्थान के स्पिनरों ने कुछ समय के लिए रन गति पर अंकुश लगाया, लेकिन गिल की शानदार बल्लेबाजी के दम पर गुजरात ने पूरी पारी के दौरान नियंत्रण बनाए रखा।

### गुजरात टाइटंस

**229/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन का आर्चर बो यश राज | 55 |
| शुभमन गिल का देशपांडे बो बृजेश | 84 |
| जोस बटलर का फरेरा बो जडेजा | 13 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 37 |
| जेसन होल्डर का जायसवाल बो बृजेश | 07 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 14 |

**अतिरिक्त :** 19, विकेट पतन : 1-118, 2-150, 3-185, 4-205, गेंदबाजी : आर्चर 3-0-46-0, देशपांडे 4-0-52-0, बृजेश 4-0-47-2, यश राज 4-0-37-1, जडेजा 4-0-34-1, फरेरा 1-0-11-0

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.737 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 1 | 13 | 0.571 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 1.234 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.510 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | -0.147 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 10 | 5 | 5 | 0 | 10 | 0.151 |
| 7. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 10 | 4 | 5 | 1 | 9 | -0.169 |
| 8. | दिल्ली कैपिटल्स | 11 | 4 | 7 | 0 | 8 | -1.154 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.649 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.934 |

### ऑरेंज कैप



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-494 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -475 रन
- केएल राहुल दिल्ली-468 रन

### पर्पल कैप



- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-17 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ-16 विकेट

### प्लेऑफ की उम्मीद जीवंत रखने के लिए लखनऊ से भिड़ेगा चेन्नई

**चेन्नई।** अंकतालिका में छठे स्थान पर काबिज चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए रविवार को यहां सबसे निचले पायदान पर मौजूद लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। अब जबकि टूर्नामेंट अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है तब सीएसके शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में शामिल है। उसके अभी तक के अभियान में निरंतरता का अभाव रहा है। उसने अपने घरेलू मैदान और विरोधी टीम के मैदान दोनों में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है। पांच बार का चैंपियन सीएसके अब चेपॉक में वापसी करेगा। उसके पास एलएसजी के खिलाफ लय हासिल करने का बेहतरीन मौका है। लखनऊ की टीम के लिए यह सत्र निराशाजनक रहा और वह प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। सीएसके का पूरा अभियान काफी हद तक संजू सैमसन के इर्द-गिर्द घूमता रहा है।

### मुंबई के खिलाफ आरसीबी को करना होगा दमदार प्रदर्शन

**रायपुर।** पिछले दो मैच में हार से वापसी के लिए बेताब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो मुंबई इंडियंस के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में उसके बल्लेबाजों को दमदार प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी और अपने पहले चार मैच जीते थे। तब उसके लिए प्लेऑफ में प्रवेश महज एक औपचारिकता लग रहा था। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। मौजूदा चैंपियन टीम अपने पिछले पांच मैचों में से तीन मैच हार गई है जिससे उसके समीकरण बिगड़ गए हैं।

# तीरंदाजी विश्व कप में जाधव ने लगाया कांस्य पदक पर निशाना

शंघाई, एजेंसी

विश्व यूनिवर्सिटी खेलों के मौजूदा चैंपियन साहिल जाधव ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में पुरुष कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। यह विश्व कप में उनका पहला पदक भी है। महाराष्ट्र के 25 वर्षीय तीरंदाज जाधव ने कांस्य पदक के प्लेऑफ मुकाबले में डेनमार्क के मार्टिन डैम्सबो को 147-144 से हराकर मौजूदा टूर्नामेंट में भारत का पहला पदक हासिल किया।

भारत ने इस पदक के साथ कंपाउंड वर्ग में अपने अभियान का भी समापन किया। इस वर्ग में भारत के अन्य खिलाड़ी पदक जीतने में नाकाम रहे थे। भारत को कंपाउंड टीम स्पर्धाओं में मजबूत टीम माना जाता है लेकिन उसकी सभी टीम शुरुआती दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। भारत अब रविवार को प्रतियोगिता के समापन दिवस पर रिकर्व स्पर्धा में




दो और पदक जीतने की कोशिश करेगा। भारतीय महिला टीम स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेगी। इसके अलावा सिमरनजीत कौर सेमीफाइनल से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत होगी।

जाधव पहले सेट के बाद एक अंक से पीछे चल रहे थे क्योंकि 40 वर्षीय डैम्सबो ने तीन परफेक्ट 10 के साथ शुरुआत की थी। लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे सेट में परफेक्ट 30 का स्कोर बनाया जबकि डैम्सबो 27 का स्कोर ही बना पाए। इससे जाधव को कुल 59-57 की बढ़त हासिल करने में मदद मिली। इसके बाद जाधव ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपने अंतिम नौ तीरों में से केवल दो अंक गंवाकर तीन अंक की यादगार जीत हासिल की।

जाधव ने पहले दौर में हमवतन अभिषेक वर्मा को, प्री-क्वार्टर फाइनल में जर्मनी के रूवेन फ्लुस को और क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया के 2022 के विश्व चैंपियन निको विएनर को शूट-ऑफ में हराया था। सेमीफाइनल में हालांकि उन्हें फ्रांस के मौजूदा विश्व चैंपियन निकोलस गिरार्ड से एक अंक से हार का सामना करना पड़ा था।

# विनेश के नेशनल ओपन रैंकिंग कुश्ती में शामिल होने पर रोक

संवाददाता गोंडा

- प्रतियोगिता से एक दिन पहले विनेश फोगाट को बड़ा झटका
- डब्लूएफआई ने कारण बताओ नोटिस देकर मांगा जवाब

**अमृत विचार।** जिले के नंदिनीनगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार से शुरू हो रही तीन दिवसीय नेशनल ओपन रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता से ठीक 24 घंटे पहले महिला पहलवान विनेश फोगाट को बड़ा झटका लगा है। भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) ने उन्हें प्रतियोगिता में शामिल होने से फिलहाल रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

शनिवार दोपहर जारी किऑ गए इस नोटिस में विनेश फोगाट से कई गंभीर आरोपों पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। डब्लूएफआई ने साफ किया है कि जवाब मिलने के बाद ही उनके प्रतियोगिता में भाग लेने पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

विनेश को 14 दिनों के भीतर अपना जवाब देना होगा। भारतीय कुश्ती संघ की ओर से नोटिस उनके पंजीकृत पते, ईमेल आईडी और स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा गया है, ताकि बाद में नोटिस न मिलने का विवाद न हो सके। भारतीय कुश्ती संघ की तरफ से जारी नोटिस में विनेश फोगाट




### गोंडा में आयोजित प्रतियोगिता को लेकर लगाया था आरोप

**गोंडा।** गोंडा में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता को लेकर विनेश फोगाट पहले भी भारतीय कुश्ती संघ पर सवाल उठा चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके पंजीकरण में बाधा डाली जा रही है। हालांकि डब्लूएफआई ने दावा किया था कि आरोप लगाने से पहले ही उनका पंजीकरण हो चुका था। इसके बाद विनेश ने एक वीडियो जारी कर कहा था कि "बृजभूषण के इलाके में कुश्ती हो रही है, वहां मैं खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करती। अगर मेरे साथ कुछ होता है तो सरकार जिम्मेदार होगी।" भारतीय कुश्ती संघ ने उस समय उनके आरोपों को खारिज कर दिया था। वहीं अब शो कॉज नोटिस जारी होने के बाद मामला और गरमा गया है।

पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इनमें संन्यास की घोषणा करने के बाद दोबारा वापसी, अनुशासनहीनता और भारतीय कुश्ती की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला आचरण शामिल है। संघ ने पेरिस ओलंपिक 2024 में निर्धारित वजन सीमा तक नहीं पहुंच पाने के मामले को भी नोटिस में शामिल किया है। डब्लूएफआई का कहना है कि इससे भारतीय कुश्ती को शर्मिंदगी उठानी पड़ी। इसके अलावा भारतीय कुश्ती संघ के संविधान और नियमों के बार-बार उल्लंघन का भी आरोप लगाया गया है। नोटिस में डोपिंग विरोधी नियमों के उल्लंघन का मामला भी शामिल है।

भारतीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह के हस्ताक्षर से जारी इस नोटिस में कहा गया है कि विनेश फोगाट ने 18 दिसंबर 2025 को एक अनिवार्य टेस्ट मिस किया गया था, जिसकी सूचना अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने 4 मई 2026 को भेजे गए पत्र के माध्यम से दी थी। इसके साथ ही आरोप लगाया गया है कि 11 मार्च 2024 को एनआईएस पटियाला में आयोजित चयन ट्रायल में उन्होंने 50 किलो और 53 किलो दोनों वर्गों में हिस्सा लेकर प्रतियोगिता नियमों का उल्लंघन किया।

**आईपीएल** | देर रात तफरीह करने के आ रहे थे वीडियो, बोर्ड की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई ने खिलाड़ियों समेत पूरे स्टाफ को किया आगाह

# प्रतिबंधित जगहों पर रील बनाना बोर्ड के कड़े रुख की वजह

बेंगलुरु, एजेंसी

प्रतिबंधित जगहों पर रील्स बनाना, सुरक्षा मंजूरी के बिना तफरीह करना और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स से खिलाड़ियों की निकटता ऐसी वजहें रही जिनके कारण बीसीसीआई को कड़े परामर्श जारी करने पड़े और अब आईपीएल टीमें निजता से समझौता किए बिना इनका पालन करने की कोशिश में जुटी हैं।

बोर्ड की भ्रष्टाचार निरोधक ईकाई ने खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और टीम अधिकारियों के होटल के कमरों में अनधिकृत मेहमानों को लेकर चेताया और यह भी आगाह किया कि यह 'हनी ट्रैप' हो सकता है। नतीजतन बीसीसीआई ने परामर्श जारी किया जिसमें मेहमानों पर प्रतिबंध के साथ खिलाड़ियों को अपनी गतिविधियों के बारे में सुरक्षा अधिकारियों को सूचित करना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके उल्लंघन के प्रमुख मामलों में खिलाड़ियों की इंफ्लुएंसर्स से निकटता है जिनकी सेवायें प्रतिभागी टीमों के लिये सोशल मीडिया कंटेट तैयार करने के मकसद से अल्प अवधि के लिये ली जाती हैं। एक घटना में टीम के युवा खिलाड़ियों में से एक ने कंटेट टीम के नये सदस्य से रील्स बनाने, वीडियो और तस्वीरें लेने में उनकी मदद करने के लिए कहा जो उनके निजी सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करने के लिये था। किसी खिलाड़ी के लिए नियो-मीडिया कंटेंट बनाने के लिए बाहर से मदद लेना कोई नयी बात नहीं है लेकिन इस खास मामले में ब्लॉगर ने ''ट्रैक्शन'' पाने के लिए अपने प्राइवेट अकाउंट पर कुछ वीडियो और तस्वीरों का इस्तेमाल किया। यह शूट सीमारेखा के भीतर किया गया जिसमें टीम के अभ्यास और अन्य मैदानी गतिविधियों के दृश्य हैं। बाद में खिलाड़ी के होटल के कमरे के भी दृश्य इसमें हैं।

एक फ्रेंचाइजी के अधिकारी ने पीटीआई से कहा हमें बीसीसीआई से नये नियमों के निर्देश मिले हैं और उनका पालन कराने के उपाय किये जा रहे हैं। नये खिलाड़ी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं और यह आधुनिक ट्रेंड है जिसे स्वीकार करना होगा लेकिन बीसीसीआई द्वारा तय सीमा के भीतर ही किया जाना चाहिए। लोगों की हर गतिविधि पर नजर रखना संभव नहीं है। यह एक मसला है। हम खिलाड़ियों और कंटेंट टीमों को बीसीसीआई के नियमों और उन्हें तोड़ने के परिणामों से अवगत करा रहे हैं। उन्होंने कहा हम कंटेट टीम के सदस्यों की संख्या भी कम कर रहे हैं खासकर उनकी जिन्हें आईपीएल सत्र के दौरान दो तीन महीने के लिये नियुक्त किया जाता है। सीनियर खिलाड़ियों को नियमों के बारे में पता है और यह भी पता है कि उनका पालन कैसे करना है। पहली बार आईपीएल खेल रहे क्रिकेटरों को हालात की गंभीरता के बारे में पता नहीं है।



### अनाधिकृत आगंतुकों को लेकर गहराई चिंता

खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के कमरों में अनधिकृत आगंतुकों को लेकर बोर्ड की चिंता गहरा गई जब हाल ही में एक और खिलाड़ी अक्सर देर रात तक अपने कमरे में कुछ लोगों की मेजबानी करता पाया गया। बीसीसीआई के एसीयू अधिकारी ने टीम मैनेजर को समन किया लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं था। मैनेजर ने टीम में खिलाड़ी की वरिष्ठता का हवाला देकर उसका बचाव करने की कोशिश की। आईपीएल में बतौर टीम मैनेजर लंबे समय तक काम कर चुके एक पूर्व अधिकारी ने कहा मैं हैरान नहीं हूं। कई बार खिलाड़ी अपने कद का फायदा उठाकर नियमों को ताक पर रख देते हैं।

# इटालवी ओपन के दूसरे दौर में डिनो से हारकर नोवाक जोकोविच बाहर

रोम, एजेंसी

छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को शुक्रवार को इटेलियन ओपन के दूसरे राउंड में क्रोएशियाई युवा खिलाड़ी डिनो प्रिज़मिक के हाथों हार का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। छठी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर भी बाहर हो गए, जबकि पूर्व चैंपियन अलेक्जेंडर ज़्वेरेव, एलेना रायबाकिना और इगा स्वियाटेक तीसरे राउंड में पहुँच गए। 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद जोकोविच और प्रिज़मिक के बीच यह पहली भिड़ंत थी।

जोकोविच ने शुरुआती सेट में ही बढ़त बना ली। छठे गेम में उन्होंने एक बेहतरीन ड्रॉप शॉट और वॉली के मेल से पॉइंट बनाया और फिर एक ज़ोरदार फोरहैंड विनर के साथ



गेम जीत लिया, जिसके बाद उन्होंने सेट 6-2 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में प्रिज़मिक ने ज़ोरदार वापसी की, क्योंकि जोकोविच की पहली सर्विस की धार थोड़ी कम हो गई थी। क्रोएशियाई खिलाड़ी ने तेज़ी से 4-0 की बढ़त बना ली और 6-2 से सेट जीतकर मैच को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद तीसरे सेट के पाँचवें गेम में उन्होंने एक निर्णायक ब्रेक हासिल किया और 6-4 से जीत दर्ज करते हुए जोकोविच को अंतिम 32 में जगह बनाने से रोक दिया। मैच के बाद जोकोविच ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि उन्होंने कुल मिलाकर खराब खेला, हालाँकि उन्होंने यह माना कि वे आधा कदम पीछे रह गए।